हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 20.04.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 266 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### ईस्टर की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने देशवासियों की दीं शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईस्टर की पूर्व संध्या पर शनिवार को सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि ईस्टर के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर भारत और विदेश में रहने वाले ईसाई समुदाय के सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवन की याद में मनाया जाने वाला ईस्टर का पवित्र त्योहार हमें निस्वार्थ प्रेम और सेवा का संदेश देता है। यीशु मसीह के बलिदान से त्याग और क्षमा की सीख मिलती है। उनके जीवन से हमें सत्य, न्याय और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आइए, इस उल्लासपूर्ण अवसर पर उनके जीवन-मूल्यों का अनुसरण करें जिससे समाज में शांति और समृद्धि का संचार होता रहे।

### पंजाब में 13 आतंकी गिरफ्तार, हथियारों का जखीरा बरामद

**चंडीगढ़** : पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के नियंत्रण में विदेशों से चलाए जा रहे आईएसआई समर्थित दो आतंकवादी मॉड्यूल का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक, दो रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) सहित एक लॉन्चर बरामद किया है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से समर्थित आतंकवादी मॉड्यूलों को बब्बर खालसा इंटरनेशनल नियंत्रित कर रहा था, जिनके दो मुख्य संचालक फ्रांस आधारित सतनाम सिंह उर्फ सत्ता और ग्रीस आधारित जसविंदर सिंह उर्फ मन्नू अगवान थे। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि खुफिया ऑपरेशनों के तहत काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) जालंधर और जिला पुलिस बटाला ने दोनों मॉड्यूलों को प्रभावी ढंग से नष्ट किया और एक नाबालिग सहित 13 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने कहा कि उक्त आतंकियों की भूमिका पहले भी विभिन्न कार्रवाइयों में सामने आई थी, जिसमें सतनाम 2010 के आईईडी और आरडीएक्स बरामदगी केस में शामिल पाया गया था।

# रांची के आसमान पर लहराया तिरंगा सूर्य किरण विमानों ने दिखाए करतब



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार को भारतीय वायुसेना के शौर्य और पराक्रम का अद्भुत नजारा देखने को मिला। नामकुम स्थित खोजाटोली आर्मी ग्राउंड में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबैटिक्स की टीम ने भव्य एयर शो किया।

इस दौरान भारतीय वायुसेना के जाबांज पायलटों ने हॉक जेट विमानों से आसमान में अद्भुत और हैरतअंगेज करतब दिखाये। आसमान में शौर्य और कौशल का अद्भुत संगम देख रांची की जनता रोमांचित हो गयी। रांची के आसमान में पराक्रम की गूंज से सभी का चेहरा खिल उठा और सभी ने तालियां बजाकर भारतीय वायुसेना के जाबांज पायलटों का मनोबल बढ़ाया। एयर शो कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीओ उत्कर्ष कुमार सहित कई अधिकारी शामिल थे।

दूसरी ओर एयर शो को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे, जिनमें स्कूली बच्चे, युवा, परिवार सहित रिटायर्ड और मौजूदा सैन्यकर्मी भी शामिल थे। कार्यक्रम के समापन के बाद बड़ी संख्या में वाहनों के एक साथ निकलने से सड़कों पर करीब एक से 1.5 किलोमीटर लंबा जाम भी लग गया। लोगों को पार्किंग से मुख्य सड़क तक मात्र 100 मीटर की दूरी तय करने में भी एक घंटे से अधिक का समय लगा। हालांकि ट्रैफिक पुलिस और जिला पुलिस के जवानों और अधिकारियों ने काफी मशक्कत के बाद जाम हटवाया। खोजाटोली आर्मी ग्राउंड में आयोजित इस शो में आम लोगों के लिए एंट्री बिलकुल फ्री थी। हालांकि सुरक्षा के मद्देनजर, दर्शकों को खाने-पीने की चीजें, बैग्स या ड्रोन लाने की अनुमति नहीं है। शो के लिए पूरे इलाके में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

### जब फाइटर जेट ने तिरंगा बनाया तो बच्चों की आंखों में चमक दौड़ गई



**रांची** : शनिवार की सुबह नामकुम के खोजाटोली आर्मी ग्राउंड पर कुछ खास नजारा देखने को मिला। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की दर्जनों छात्राएं पहली बार भारतीय वायुसेना का रोमांचक एयर शो देखने पहुंचीं। जैसे ही सूर्यकिरण टीम के फाइटर जेट्स ने रंग-बिरंगे धुएं से आसमान में तिरंगा बनाया, वहां मौजूद हर आंख गर्व और उम्मीद से चमक उठी। इस कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर किया गया था। इसका उद्देश्य बच्चों को भारतीय वायुसेना की वीरता से परिचित कराना और उनमें देश सेवा की भावना का संचार करना था। छात्राओं की खुशी देखने लायक थी। एक बच्ची ने उत्साह से कहा, पहली बार फाइटर प्लेन को इतनी नजदीक से देखा। ऐसा लग रहा था जैसे हम भी उड़ रहे हों। वहीं एक और छात्रा बोली, एक दिन मैं भी वायुसेना में जाऊंगी और देश का नाम रोशन करूंगी। एयर शो के बाद छात्राओं को सूर्यकिरण टीम से मिलने का मौका भी मिला। वायुसेना के जांबाज पायलटों ने न सिर्फ बच्चों से बातचीत की, बल्कि उनके सवालों के जवाब भी दिए और जमकर उनका हौसला बढ़ाया।

### हेमन्त सोरेन का बार्सिलोना में काउंसल जेनरल अर्शा ने किया स्वागत



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार सुबह स्पेन के शहर बार्सिलोना पहुंचे। वहां उन्हें एक्टिंग काउंसेल जेनरल अर्शा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंची 11 सदस्यीय टीम वहां स्पेन के सरकारी अधिकारियों के अलावा निवेशकों के साथ बैठक करेगी।

### गिरिडीह में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह** : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शनिवार को गिरिडीह सदर अस्पताल में झारखंड की दूसरी ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन किया। इस यूनिट की शुरूआत से अब अस्पताल में 1,000 यूनिट तक रक्त संधारण की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सकेगा।

मंत्री ने बताया कि आने वाले दिनों में गिरिडीह सदर अस्पताल को 300 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक, सर्वसुविधा युक्त भवन में तब्दील किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि गिरिडीह जिले को शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज की सौगात दी जाएगी। इस संदर्भ में उन्होंने उपायुक्त को निर्देश दिया कि मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का शीघ्र चयन कर सरकार को सूचित करें। मीडिया से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक फायदे के लिए भाजपा और बाबूलाल मरांडी ने अपना स्तर गिरा लिया है।

## 2,000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर नहीं लगेगा जीएसटी : केंद्र सरकार




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : वित्त मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सरकार 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। वित्त मंत्रालय ने कहा, यह दावा कि सरकार 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने पर विचार कर रही है, पूरी तरह से गलत, भ्रामक और निराधार है। फिलहाल सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। किसी खास इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल कर की जाने वाली पेमेंट से जुड़े मर्चेंट डिस्काउंट रेट जैसे चार्जेस पर लगाया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने पर्सन-टू-मर्चेंट यूपीआई ट्रांजैक्शन से 30 दिसंबर, 2019 की गैजेट नोटिफिकेशन के जरिए एमडीआर को हटा दिया है। सीबीडीटी का यह निर्णय जनवरी 2020 से प्रभावी है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि वर्तमान में यूपीआई ट्रांजैक्शन पर एमडीआर नहीं लगाया जाता है इसलिए इन ट्रांजैक्शन पर किसी तरह जीएसटी लागू नहीं है। सरकार यूपीआई के जरिए डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यूपीआई के विकास को समर्थन देने और बनाए रखने के लिए, वित्त वर्ष 2021-22 से एक प्रोत्साहन योजना चालू की गई है। आधिकारिक बयान में बताया गया है कि यह योजना विशेष रूप से कम मूल्य वाले यूपीआई (पीटूएम) ट्रांजेक्शन को टारगेट करती है। योजना के तहत ट्रांजैक्शन लागत को कम करने के साथ डिजिटल पेमेंट में भागीदारी और इनोवेशन को बढ़ावा देकर छोटे व्यापारियों को लाभ होता है। पिछले कुछ वर्षों में इस योजना के तहत आवंटन में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 1,389 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 2,210 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 3,631 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## मुस्तफाबाद में गिरी छह मंजिला इमारत 11 लोगों के शव बरामद, रेस्क्यू जारी


एजेंसी

**नयी दिल्ली** : मुस्तफाबाद स्थित दयालपुर इलाके में उस वक्त सनसनी मच गई। जब वहां एक छह मंजिला इमारत देखते-देखते ही जमींदोज हो गई। हादसे में 11 लोगों की मौत की खबर है। 20 लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है। अभी भी कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं। जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है। दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार सुबह एक बिल्डिंग गिर गई। जिसके मलबे में दबकर 11 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग मलबे में फंसे है। जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है। यह घटना सुबह करीब 3 बजे हुई। इस हादसे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दुख जताया है। मौके पर डॉग स्क्वॉड, एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें मौजूद हैं। फिलहाल बचाव



अभियान जारी है। छह मंजिला इमारत देखते-देखते ही जमींदोज हो गई। इस पूरे हादसे का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें इस इमारत को गिरते हुए देखा जा सकता है। हादसे की सूचना शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब दो से तीन बजे के बीच में दमकल विभाग को मिली, जिसके बाद तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अभी भी कई लोगों फंसे हुए हैं।हादसे के बाद से अब तक मलबे से 20 लोगों को निकाला जा चुका है, जिसमें चार लोगों की मौत पुलिस कंफर्म कर रही है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि हादसे में 11 लोगों की जान गई है।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब तीन बजे शक्ति विहार की गली नंबर 1 में एक इमारत के ढहने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तहसीन पुत्र यासीन की चार मंजिला इमारत ढह गई थी, जिसमें कथित तौर पर 22 लोग फंसे हुए थे। एनडीआरएफ, डीएफएस और एम्बुलेंस सेवाओं को तुरंत बुलाया गया और बचाव कार्य शुरू किया गया। अब तक करीब 20 लोगों को बचाकर जीटीबी अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। अभी भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और पाया कि पूरी इमारत ढह गई है। हमें लोगों के मलबे में फंसे होने की सूचना भी मिली। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें मिलकर काम कर रही है। हादसे को लेकर दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, इस घटना के लिए बिल्डर, माफिया और एमसीडी के अधिकारी जिम्मेदार हैं, इन्हें बख्सा नहीं जाएगा।



# हृदयस्थली कही जाने वाली झील में हुई हृदयविदारक घटना, दो युवकों की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोहसिंघना थाना अंतर्गत हजारीबाग की हृदयस्थली कही जाने वाली झील परिसर में हृदय विदारक घटना हुई है जहां दो युवकों का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद किया गया है यह आशंका लगाई जा रही है कि देर रात सड़क दुर्घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई। समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने के कारण दोनों की जान चली गई जब सुबह झील पर स्वास्थ्य लाभ लेने के लोग पहुंचे तो दो युवकों का शव सड़क किनारे देखा इसकी जानकारी हजारीबाग पुलिस को दी गई हजारीबाग पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मोटरसाइकिल जप्त कर लिया गया है पूरे मामले की तफ्तीश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह झील परिसर में कई लोग स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए आते हैं। उन्हीं लोगों के बीच में कुछ लोगों ने देखा कि सड़क किनारे दो लोगों का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ है। आशंका लगाई गई की हत्या करके दोनों का शव झील परिसर में फेंक दिया गया है। जब पुलिस ने शव जप्त किया तो पाया गया कि सर पर चोट के निशान है। प्रथम दृष्टा से प्रतीत हुआ है कि सड़क दुर्घटना में ही दोनों की मौत हो गई है। इस घटना ने पुलिस पेट्रोलिंग पर भी सवाल निशान खड़ा कर दिया है। झील परिसर के आसपास कई बड़े अधिकारीयों का आवास है। पेट्रोलिंग गाड़ी क्षेत्र से गुजरती तो इन दोनों पर नजर पड़ती। समय पर इन्हें अस्पताल ले जाया जाता तो शायद जान बच सकती थी। मृतक युवक की पहचान हो गई है जिसका नाम विशाल केसरी है और शादी विवाह एवं अन्य पार्टी से जुड़े इवेंट मैनेजमेंट का काम करता था जो हजारीबाग लेपो रोड नियर लक्ष्मी सिनेमा हॉल का रहने वाला है।

## घाटी में दो ट्रकों में जोरदार टक्कर, चार घायल



**हजारीबाग :** एनएच-19 स्थित दनुआ घाटी में शनिवार को एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ। दो ट्रक आपस में टकरा गए। इस हादसे में दोनों ट्रकों के चालक और उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। यह दुर्घटना उसी मोड़ पर हुई, जहां शुक्रवार को भी दो ट्रकों की टक्कर हुई थी। लगातार हो रहे हादसों के कारण इस जगह को अब मौत की घाटी कहा जाने लगा है। स्थानीय निवासी इस स्थिति से नाराज हैं। उनका कहना है कि एनएच-19 की यह घाटी पिछले कई सालों से खतरनाक साबित हो रही है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने अब तक कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए हैं। यहां हर महीने कई हादसे होते हैं। इन हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है।

## दनुवा घाटी में लगातार दुर्घटनाओं पर कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता ने जताया रोष



**बरही :** चौपारण के दनुवा घाटी क्षेत्र में लगातार हो रही भीषण सड़क दुर्घटनाओं को लेकर कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के हजारीबाग जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से अपील की है कि वे इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लें और स्थायी समाधान के लिए एनएचएआई को निर्देश दें। दीपक गुप्ता ने आरोप लगाया कि एनएचएआई के अधिकारी आंखों पर पट्टी बांधे बैठे हैं और सिर्फ वीआईपी आदेशों पर ही कार्रवाई करना उनकी आदत बन गई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन भी केवल जाम हटाने तक सीमित रह गया है और दुर्घटनास्थल पर किसी अधिकारी का न पहुंचना चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि धनुवा घाटी में हो रही दुर्घटनाओं की तस्वीरें और खबरें अखबारों व सोशल मीडिया में भरी पड़ी हैं।

# पैक्स भवन का ताला तोड़कर धान की चोरी, थाने में आवेदन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के नयाटांड़ पैक्स भवन का बीते रात शुक्रवार को ताला तोड़कर चोरों ने कई बोरियां धान चुरा ले गए। उक्त आशय को लेकर पैक्स अध्यक्ष खेमलाल महतो ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके पूर्व तीन मर्तबा और धान की चोरी हो जाने की बात पैक्स अध्यक्ष खेमलाल महतो ने बताई है। अब तक चार बार हुई चोरी में लगभग 35 क्विंटल धान की चोरी हो चुकी है। खेमलाल ने बताया की 18 अप्रैल की रात को पैक्स भवन के ग्रिल का ताला तोड़कर चोरों ने धान की चोरी कर ली है कार्रवाई के लिए थाने में आवेदन दिया हूं। इसके पूर्व भी पैक्स भवन से तीन बार और धान की चोरी हुई है।

# जल और वायु सबसे कीमती है : डीआईजी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** मानव ने ईंटों को तो बनाया लेकिन इन्हीं ईटों से दीवारें बना डाली। अब समय आ गया है इन दीवारों को ढहा देने का तथा पुल बनाकर सबके साथ फिर से जुड़ने का। उक्त बातें भोपाल में पदस्थापित सीआरपीएफ के डीआईजी मुन्ना कुमार सिंह ने कही। वह शनिवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में कुलाधिपति व्याख्यान दे रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। मुन्ना कुमार सिंह ने सुविख्यात जापानी वैज्ञानिक एवं ईमोटो पीस प्रोजेक्ट के वैश्विक निदेशक, मिचीको हायाशी की 'पावर ऑफ वाटर' सिद्धांत की चर्चा की। साथ ही उन्होंने विश्व प्रसिद्ध डॉ मासारू इमोटो जल प्रयोग को भी बताया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि एक पात्र में यदि जल को कुछ अच्छे स्थानों पर और कुछ बुरे स्थान पर रख दिया जाए तो कुछ समय बाद अच्छे स्थानों पर रखे जल मुस्कुराते हुए दिखेंगे और बुरे स्थान पर रखे जल मुरझाए हुए पाए जाएंगे। सीआरपीएफ के वरीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में सुखा बढ़ रहा है। हमें जल को स्वच्छ और जीवंत रखना है। यह भी बताया कि हमारे शरीर के अंदर अपनी वाणी में, दिमाग में, शरीर में तथा आत्मा में जो जल है उसे भी स्वच्छ रखना है। उन्होंने बताया कि साक्षर होना और शिक्षित होना दो अलग-अलग विषय है। अध्यात्म के साथ विषय को जोड़ते हुए बताया कि संचित ज्ञान और संचित धन तभी मोक्ष दिला सकती है जब इसका उपयोग दूसरों के लिए किया जाए। समृद्धि भी एक दूसरे को मदद करने से आती है। इस संबंध में उन्होंने भारत की प्राचीन काल से चली आ रही गुरुकुल तथा आश्रम व्यवस्था की चर्चा की। कहा कि शरीर को स्वस्थ रखना इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि इसमें आत्मा का निवास होता है। शरीर पर सात चक्र होते हैं। इसे जगाने से आनंद आता है तथा ईश्वर से संपर्क स्थापित होता है।

# भाजपा ने की संगठनात्मक बैठक आक्रोश रैली निकालने पर बनी सहमति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कोडरमा की एक संगठनात्मक बैठक रॉयल सेलिब्रेशन झुमरी तिलैया में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया एवं संचालन जिला महामंत्री शिवेंद्र नारायण सिन्हा ने किया। बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में डॉ भीमराव अंबेडकर जी पर एक संगोष्ठी डोमचांच नगर मंडल में 21 अप्रैल को समय 3:00 बजे आयोजित की जाएगी । 21 अप्रैल संगोष्ठी में मुख्य अतिथि कोडरमा के पूर्व सांसद प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, सिमरिया विधायक उज्जवल दास एवं प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मीकी की उपस्थिति रहेगी।उसकी तैयारी के लिए जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों को सुझाव दिया गया कि आप अपने मंडल से सभी समाज के लोगों को लेकर संगोष्ठी में उपस्थित हो एवं झारखंड सरकार के मंत्री हसीबुल हसन के द्वारा जो बयान दिया गया कि हम संविधान को नहीं शरीयत को मानते हैं इस पर जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि हम लोगों को 24 अप्रैल को कोडरमा नगर बजरंगबली मंदिर चौक से समाहरणालय तक एक आक्रोश रैली निकाली जाएगी। जिससे समाज को संदेश देना है कि देश संविधान से चलेगा ना कि धर्म और शरीयत से चलेगा। रैली को सफल बनाने के लिए सभी मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आप सभी अपने अपने मंडल से 100/100 की संख्या में सम्मिलित हो जिससे सरकार को संदेश जाए कि देश संविधान से चलेगा नहीं तो जनता सड़क पर उतरकर सिंहासन बदलना जानती है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने साथ 10 कार्यकर्ता लेकर आए और आक्रोश रैली को सफल बनाएं।

# नि:शुल्क डेंटल चेकअप कैंप का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** महात्मा गांधी मार्ग स्थित आदर्श विद्यालय में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला शाखा के तत्वावधान में नि:शुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 100 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई। डॉक्टर अविनाश गुप्ता ने बच्चों को दांतों की देखभाल और नियमित जांच के महत्व पर उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने स्वस्थ दांतों के लिए रोजमर्रा की आदतों को सुधारने की सलाह दी। संस्था एवं विद्यालय द्वारा अविनाश गुप्ता जी को पौधा और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। शाखा अध्यक्ष उषा शर्मा ने बताया कि संगठन समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करता रहा है। विद्यालय निदेशक शीतल शर्मा ने कहा आदर्श विद्यालय पिछले 51 वर्षों से शिक्षा और संस्कार की परंपरा को निभा रहा है। यहां बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन के मूल्य और मजबूत आधार भी दिए जाते हैं। शाखा सचिव पायल पंकज जोशी ने कहा बच्चे हमारे देश का भविष्य है। बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके, इसके लिए हमें एकजुट होकर उनकी यथासंभव मदद भी करनी चाहिए और समय-समय पर उनका शारीरिक निरीक्षण भी करवाते रहना चाहिए। मौके पर शाखा सदस्य पूनम सहल, अंजू लड्ढा तथा विद्यालय की शिक्षिकाएँ नीलम, आरती, मन्नू, अंजलि, जया, एवं छात्र-छात्राएँ राशि, शामली, सलोनी, सचिन, अंजलि, आराध्या, आशीष आदि उपस्थित थी।

# गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु की निकाली गई क्रूस यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** मसीही समुदायों का त्याग और बलिदान का प्रतीक गुड फ्राइडे का त्यौहार जिले में शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला मुख्यालय स्थित जीवन ज्योति आश्रम स्थित चर्च में गुड फ्राइडे का त्यौहार पारंपरिक रीतिरिवाजों से मनाते हुए मसीही समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के त्याग और बलिदान को याद किया ।चर्च के फादर पात्रिक मिंज और पौलुस बाखला के नेतृत्व में गुड फ्राइडे के मौके पर प्रभु यीशु का क्रूस यात्रा निकाला गया ,क्रूस यात्रा चर्च के मुख्य द्वार से शुरू हुआ ,इस दौरान प्रभु के क्रूस यात्रा के दौरान 14 जगहों पर क्रूस को रखा गया और यीशु की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई ,इसके उपरांत चर्च में फादर पात्रिक मिंज के नेतृत्व में मीसा पूजा की गई ,इस दौरान प्रभु यीशु के संदेशों को सुनाते हुए फादर पौलुस बाखला ने कहा कि देश और दुनिया मे शांति और प्रेम कायम करने तथा मानव जीवन के कल्याण के लिए प्रभु ने अपने जीवन का त्याग किये थे ।उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु का मामना है कि मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है ,बिना किसी के साथ भेदभाव किये ,सबके साथ समान व्यवहार करना चाहिए ।उन्होंने कहा की पाप से ग्रसित मानव जाति की मुक्ति और कल्याण के लिए यीशु ने अतुलनीय और अपमानजनक दुःख झेला और क्रूस पर अपने प्राण का बलिदान कर दिया ,उनका पुनरुत्थान पाप व मृत्यु पर विजय पताका है ,हम सबों को प्रभु के बताए मार्गों पर चल कर ही हम उनके सच्चे संतान बन सकते है ।मौके पर फादर जॉन डाँग , डॉ कमला तिर्की ,आदिवासी समाज के अध्यक्ष पवन माइकल कुजूर ,डॉ विमल प्रसाद , रवि बाड़ा ,अनिल हांसद ,होली फैमिली के सिस्टर जस्सी ,सिस्टर अल्फो ,सिस्टर जस्मिन ,सिस्टर सुमा ,सिस्टर पुष्पा आदि मसीही समुदाय के लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### खाते से अवैध निकासी को लेकर शिक्षिका ने थाने में दिया आवेदन

**बड़कागांव :** बड़कागांव उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा के सहायक शिक्षिका संगीता कश्यप पति सुरेश रविदास के बचत खाता से दो बार अवैध रूप से रुपए की निकासी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त आशय की जानकारी विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि कृष्णा राम ने देते हुए बताया कि शिक्षिका संगीता कश्यप के बैंक ऑफ इंडिया बड़कागांव शाखा से संचालित बचत खाता से 1 फरवरी 2024 को 5000 और 14 अप्रैल 2025 को 8000, अवैध तरीके से किसी ने निकासी कर लिया है। जिसकी सूचना लिखित रूप से बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी एवं बड़कागांव थाना प्रभारी को दी गई है। स्पर्शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए और आरोपियों को पड़कर कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए।

### नाबालिक के अपहरण के दो आरोपियों को 4 वर्ष सश्रम कारावास

**कोडरमा :** जयनगर थाना कांड संख्या 46/ 2022 एसटी 80/ 2022 नाबालिक की अपहरण किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने दो आरोपियों (1) सुनील सोनी उर्फ बड़का पिता वासुदेव सोनार, सोनार मोहल्ला, जयनगर एवं रहमतुल्ला पिता स्वर्गीय नूर इस्लाम, कोटियाघाट, वार्ड नंबर 2,अररिया, जिला - अररिया, बिहार को आईपीसी की धारा 366ए/ 34 के तहत दोषी पाते हुए 4 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5000 जुमार्ना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 3 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसे लेकर नाबालिक की मां ने जयनगर थाना में मामला दर्ज कराया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिव शंकर राम ने किया। इस दौरान सभी 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन एवं अधिवक्ता राम विनय सिंह ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हैप्पी स्टूडेंट विषय पर प्रेरणादायक सत्र की गई आयोजित



**कोडरमा :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा नवमी से बारहवीं के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर और खुशी क्लासेस के संस्थापक मुकेश चौहान द्वारा लिया गया। सत्र का विषय था हैप्पी स्टूडेंट, जिसमें छात्रों को सकारात्मक सोच, आत्म-विश्वास, तनाव प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य वक्ता मुकेश चौहान ने विद्यार्थियों से संवादात्मक शैली में बात करते हुए उन्हें जीवन में खुश रहने और संतुलन बनाए रखने के सरल व प्रभावी उपाय बताए। उन्होंने कहा कि एक खुशहाल छात्र ही एक सफल जीवन की नींव रखता है। छात्रों ने भी पूरे उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार एवं मुख्य वक्ता मुकेश चौहान के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वही विद्यालय के छात्रों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि इस प्रकार के सत्र हमारे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायक साबित होते है और विद्यालय का सदैव प्रयास रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### डोभा खुदाई का वीडियो हुआ वायरल, वायरल होते ही रातों रात भरा डोभा को



**चौपारण :** प्रखंड पंचायत के ग्राम पवई में जेसीबी मशीन से डोभा खुदाई का वीडियो वायरल होते ही प्रखंड में मानो हड़कंप मच गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि पवई के एक खेत में मजदूर के बदले जेसीबी मशीन से बेधड़क डोभा खोदा जा रहा है। जिसके बाद लाभुक ने रात होते ही डोभा को पूरी तरीके से भर दिया। इस संदर्भ में रोजगार सेवक रिजवान से बात की गई तो उन्होंने अनभिज्ञता जताई और बताया कि वे अवकाश पर हैं तथा उन्हें जानकारी नहीं है कि कार्य कौन करवा रहा है। मुखिया रेखा देवी ने बताया कि हम बाहर हैं। मनरेगा से डोभा निर्माण के लिए किसी को योजना नहीं दिया गया है। वही बीडीओ नीतेश भास्कर ने कहा कि जेसीबी मशीन से डोभा का खुदाई करते जो वीडियो वायरल हो रहा है। प्रथम दृष्टि से लग रहा है कि कोई योजना का काम हो रहा है। जिसका हमने प्राथमिक जांच करवाया है ज्ञात हुआ किसी लाभुक के द्वारा अपना निजी जमीन में काम किया जा रहा है, कोई सरकारी स्कीम नहीं है। इसके अतिरिक्त फिर भी मैं स्वयं टीम के साथ जा रहा हूं जांच करने के लिए यदि अगर सरकारी योजना में जेसीबी साक्ष्य पाया जाता है। तो संबंधित लाभुक पर मनरेगा अधिनियम के तहत प्राथमिक दर्ज की जाएगी और रिकवरी भी की जाएगी। इसके साथ प्रखंड के वैसे ठिकेदार जो मनरेगा योजना में गड़बड़ घोटाला करते हुए पकड़े जाएंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

### पोषण अभियान योजना के तहत आंगनबाड़ी सहायिकाओं का खाद्य/व्यंजन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**हजारीबाग :** पोषण अभियान योजना के तहत सूचना भवन, हजरीबाग में आँगनबाड़ी सहायिकाओं का जिला स्तरीय खाद्य/व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिलान्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं में पंचायत/सेक्टर पर चयनित सहायिकाओं का परियोजना स्तर पर खाद्य/व्यंजन प्रतियोगिता क्रमशः दिनांक- 15 .04 .2025 एवं 17 .04 .2025 को आयोजित की गई थी। परियोजना स्तर से चयनित एक-एक सहायिका स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद्य पदार्थों की रेसिपी के साथ जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिमा कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हजारीबाग ग्रामीण, नीलू रानी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ईचाक -सह- बरकट्ठा, राखी चन्द्रा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बड़कागाँव -सह- केरेडारी, सावित्री देवी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कटकमसांडी, डॉ0 अमरेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर, डॉ0 मुकेश चन्द्रा, चिकित्सा पदाधिकारी एवं डॉ0 फातमा खातुन, चिकित्सा पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिकाएँ तथा आँगनबाड़ी सेविकाएँ एवं सहायिकाएँ उपस्थित थीं। सभी पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से खाद्य प्रतियोगिता में ईचाक परियोजना की सहायिका वीणा कुमारी को मडुवा से निर्मित ह्यखाण्डवी एवं सहजन सूप के लिए इन्हें प्रथम पुरस्कार, हजारीबाग ग्रामीण परियोजना से सहायिका नंदिनी कुमारी को सूजी से निर्मित ह्यरोटी तथा नारियल एवं मूंगफली चटनी के लिए द्वितीय पुरस्कार तथा बड़कागाँव परियोजना से सहायिका प्रभा देवी को मकई का खिचड़ी के लिए तृतीय पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### डीएवी कोडरमा में धूमधाम से मनाई गई महात्मा हंसराज जयंती



**झुमरीतिलैया :** डीएवी पब्लिक स्कूल में महात्मा हंसराज जयंती पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और सभी शिक्षकों ने महात्मा हंसराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके पश्चात हवन का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य,सभी शिक्षकों और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अंग्रेजी भाषण के द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश कक्षा आठवीं की छात्रा आराध्या ने डाला। अपनी कविता के माध्यम से कक्षा आठवीं की दृष्णा ने महात्मा हंसराज जी के त्याग को प्रस्तुत किया। हिंदी भाषण के द्वारा कक्षा आठवीं की सभ्यता ने महात्मा हंसराज के अद्भुत जीवन पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन आठवीं की छात्रा लक्ष्मी द्वारा किया गया। महात्मा जी के सुविचार को कक्षा छठी की छात्रा अनुष्का ने सभी के समक्ष प्रस्तुत किया।महात्मा हंसराज के जीवन से जुड़े अनूठे तथ्य को कक्षा सातवीं की छात्रा शांभवी लेकर उपस्थित हुईं। बालिका सृष्टि और बालक दर्श ने महात्मा हंसराज का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही कक्षाओं में बायोस्केच लेखन, चित्रकला और स्लोगन राइटिंग जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा महात्मा हंसराज पंजाब के प्रसिद्ध आर्यसमाजी, समाज सुधारक और शिक्षाविद् थे।हंसराज जी का बचपन अभावों में व्यतीत हुआ लेकिन वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे।स्वामी दयानन्द सरस्वती के प्रवचन का उन पर बहुत प्रभाव पड़ा और उन्होंने समाज सेवा को जीवन का लक्ष्य बना लिया। उन्होंने पहला डीएवी संस्थान की स्थापना 1 जून 1886 को लाहौर में किया जो आज विशाल वटवृक्ष के असंख्य शाखाओं के रूप में देश -विदेश में गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा जो विज्ञान की कसौटी पर कसा गया हो का लोहा मनवा रहा है।

### चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 15% तक की छूट



**कोडरमा :** शंभू प्रसाद कुशवाहा, प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर करदाताओं को वित्तीय वर्ष 2025-26 के कर में अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है जो निम्न प्रकार है। सभी कर दाताओं को 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है। इसके अतिरिक्त (1) होल्डिंग महिला के नाम होने से 5 प्रतिशत की छूट, (2) वरिष्ठ नागरिक होने से 5 प्रतिशत की छूट (3) स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 प्रतिशत की छूट, (4) आर्मी, ट्रांसजेंडर होने पर 5 प्रतिशत की छूट एवं (5) विकलांग होने पर 5 प्रतिशत की छूट, साथ ही यह छूट केवल आवासीय घृतियो पर लागू होगी। यदि आप बिना कार्यालय गए होल्डिंग टैक्स भरना चाहते हैं तो आप ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भी भर सकते हैं इसके लिए आपको विभाग के वेबसाइट पर जमा कर सकते हैं जिसमें आपको 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। ऑनलाइन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना नगर निकाय चयन करना होगा इसके बाद वार्ड नंबर व होल्डिंग नंबर डालते ही भुगतान का विकल्प आ जाएगा।

## एक नजर

### गोली चलानेवाले अपराधियों को गिरफ्तार करे प्रशासन : संघ

**रांची :** झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ ने जेवर व्यवसायी बसंत प्रसाद वर्मा पर गोली चलाने की घटना की कडी निंदा की है। संघ ने जिला प्रशासन से बंसत पर गोली चलानेवाले अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने के की मांग की है। प्रदेश स्वर्णकार संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश सोनी ने राज्य के जेवर व्यवसायी से शांति और एकजूटता बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने शनिवार को कहा कि जेवर व्यवसायियों में एकजूटता जरूरी है। ताकि आनेवाले दिनों में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को रांची के रातू थाना क्षेत्र चटकपुर में जेवर व्यवसायी बसंत कुमार को अपराधियों ने लूट के प्रयास में गोली मार दी थी।

### व्यापार संगठन ने बिगड़ी विधि व्यवस्था पर जताई चिंता

**रांची :** रांची प्रेस क्लब में फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। बैठक में राजधानी रांची की विधि व्यवस्था पर चिंता प्रकट की गई और संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक में संगठन के अध्यक्ष दीपेश निराला ने कहा कि राज्य में आये दिन व्यापारियों पर हमले हो रहे हैं और हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की अगली बैठक 26 अप्रैल को पंडारा स्थित होटल स्टार लोटस में होगी। बैठक में फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला, उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी और उमाशंकर सिंह, महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, संयुक्त सचिव हरीश नागपाल और शाहिद आलम सहित अन्य उपस्थित हुए।

### बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर विहिप ने दिया धरना

**रांची :** पश्चिम बंगाल में हिंदु समुदाय पर हिंसा के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) और बजरंग दल की ओर से शनिवार को राजभवन के समक्ष धरना दिया गया। इस धरने में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के लोग भी शामिल हुए। पश्चिम बंगाल में हिंसा पर आक्रोश व्यक्त करते हुए हिंदुओं की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की गई। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बंगाल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। सैकड़ो हिंदू परिवार मुर्शिदाबाद और अन्य जिलों से पलायन कर रहे हैं उनमें एक भय का माहौल व्याप्त है। वहां की ममता सरकार हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थ है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। विश्व हिंदू परिषद ममता सरकार को बर्खास्त कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करती है। धरना कार्यक्रम के बाद पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त रांची के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय रांची में जाकर सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विहिप महानगर अध्यक्ष कैलाश केशरी, उपाध्यक्ष गोपाल पारिख, रांची ग्रामीण जिला मंत्री लाल लोकनाथ शाहदेव, बजरंग दल जिला संयोजक विक्रम साहू एवं अनिल तिवारी नीति थे। धरना कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, सुनील गुप्ता, प्रान्त मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख प्रकाश रंजन, युगल किशोर प्रसाद, पवन मंत्री, राजीव रंजन मिश्र, सिद्धार्थ सचदेवा, चंद्रदीप दुबे, शुभाशीष चटर्जी, योगेश खेडवाल, अजय राजगढ़िया, प्रदीप मिश्रा, प्रकाशचंद्र सिन्हा, रणधीर सिंह, रेनू अग्रवाल, बबीता सिन्हा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# रांची में भारतीय वायुसेना का अद्भुत एयर शो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** शनिवार को आर्मी ग्राउंड, खोजा टोली, नामकुम में भारतीय वायु सेवा के एयर शो सूर्य किरण की टीम के द्वारा पहला दिन का एयर शो काफी शानदार रहा। इस एयर शो को देखने हजारों संख्या में रांचीवासी शामिल हुए। लोगों ने एयर शो को अपनी आँखो से देख कर सुखद रोमांच का का मजा लिया।

एयर शो के दौरान सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम आसमान में मनोहर एवं हैरतअंगेज कारनामे से सब को हैरत में डाला। रांची के आसमान में विमान द्वारा तिरंगे को लहराया। भारतीय वायु सेवा के ये विमान 5 मीटर की दूरी मेंटेन करते हुए एक साथ उड़ान भरते नजर आए।अलग-अलग दिशाओं से अपनी गति और अनुशासन का प्रमाण देते हुए अलग-अलग आकृतियां आसमान में बनाया इसके अलावा विमान उल्टी उड़ान भरते भी नजर आए। टीम के पायलट, भारतीय वायु सेवा के बेहतरीन फाइटर पायलट हैं। टीम ने 6 महीने कठिन परिश्रम कर अपनी तैयारी पूरी की है । सूर्य किरण की टीम ने आसमान में बेहतरीन करतब दिखाए। सूर्य किरण की टीम द्वारा कुशलता और अनुशासन के जरिए बेहतरीन हवाई करतब से दर्शकों का मन मोह लिया।

भारतीय वायु सेना एयर शो कार्यक्रम में माननीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं एयर चीफ मार्शल, अमर प्रीत सिंह का जिला प्रशासन द्वारा पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो दे कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राज्य सरकार के वरीय अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकरियों ने हिस्सा लिया। रांची भी इस भव्य आयोजन की गवाह बनी, रांची जिला के लिए गर्व का क्षण रहा।

## एनजीओ को छूट पाने के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी : सीए मुकेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया रांची शाखा की ओर से टैक्सेशन ऑन चैरिटेबल ट्रस्ट्स की डेवलपमेंट इन फाइनेंस बिल हाउ टू अप्लाई 12AB / 80 G इन प्रजेंट स्नेरियो विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल के तत्वावधान में किया गया। सेमिनार में दिल्ली के विशषज्ञ सीए मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि चैरिटेबल ट्रस्ट यदि आयकर अधिनियम की धारा 12ए और 80जी के तहत पंजीकृत हो तो उसे आयकर से छूट मिलती है। ट्रस्ट की आय यदि धार्मिक या समाज सेवा जैसे कार्यों में खर्च होती है तो उस पर टैक्स नहीं लगता है। ट्रस्ट को सालाना आयकर रिटर्न दाखिल करना जरूरी होता है, भले ही उसे टैक्स छूट मिली हो। यदि ट्रस्ट की आय का कुछ हिस्सा चैरिटेबल कार्यों में खर्च नहीं होता है तो उस हिस्से पर टैक्स लग सकता है।

उन्होंने कहा कि चैरिटेबल ट्रस्ट को विदेशी फंड प्राप्त करने के लिए एफसीआरए (फॉरेन कांट्रीब्यूफशन रेग्यूसलेशन एक्ट) के तहत अनुमति लेनी होती है। साथ ही बताया कि वर्तमान में, 12एबी रजिस्ट्रेशन एनजीओ को इनकम टैक्स से छूट पाने के लिए जरूरी है, जबकि 80जी सर्टिफिकेट दानदाताओं को टैक्स में छूट दिलाने के लिए होता है। एनजीओ को पहले 12एबी के तहत रजिस्टर होना होता है, फिर 80जी के लिए आवेदन करना होता है। दोनों आवेदन आयकर विभाग की ई-फाइलिंग वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन किए जाते हैं। सीए मुकेश सिंह ने फाइनेंस बिल 2025 की प्रमुख बातों की जानकरी देते हुए बताया कि फाइनेंस बिल 2025 में नई टैक्स व्यवस्था में 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं सीए अभिषेक केडिया ने कहा कि चैरिटेबल ट्रस्ट और एनजीओ से संबंधित बहुत से महत्वपूर्ण प्रावधानों से सम्बंधित सवालों के जवाब दिए।

## झारखंड में बदहाल उच्च शिक्षा की स्थिति को सुधारना सबसे जरूरी : बंधु तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य के पूर्व मंत्री एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड में उच्च शिक्षा की स्थिति निरंतर बदहाल होती जा रही है। यह गंभीर चिन्ता की बात है। तिर्की ने कहा कि झारखण्ड में राजधानी रांची से लेकर विविध जिले और प्रखण्ड स्तर तक बेहतर उच्च शिक्षा के लिये सभी कॉलेजों में पठन-पाठन, शिक्षकों एवं गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरना और शैक्षणिक वातावरण को सुधारना सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी झारखण्ड में विभिन्न विश्वविद्यालय से संबंधित कॉलेजों में स्थिति यहाँ तक परेशान करनेवाली है कि शिक्षकों के अधिकांश पद खाली पड़े हैं और अध्ययन-अध्यापन का कार्य बहुत हद तक बाधित है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सिमडेगा कॉलेज, मांडर कॉलेज, कार्तिक उरांव कॉलेज बेड़ो सहित



अधिकांश महाविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है और मुख्य विषयों के साथ ही जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में भी शिक्षकों के नहीं रहने के कारण पढ़ाई-लिखाई बाधित है।

तिर्की ने कहा कि झारखण्ड गठन के बाद पिछले 25 साल में प्रदेश में उच्च शिक्षा की स्थिति में निरंतर ह्रास होता जा रहा है और अब स्थिति यह है कि छात्र-छात्राओं में निराशा की स्थिति उत्पन्न होती जा रही है और उनमें दूसरे प्रदेशों में जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 साल में यदि उच्च शिक्षा की स्थिति संतोषजनक होती तो आज झारखण्ड की तस्वीर भी कुछ और ही होती। उच्च शिक्षा के हित में वर्तमान राज्यपाल की भूमिका की आलोचना करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि माननीय राज्यपाल महोदय को झारखण्ड में बेहतर उच्च शिक्षा के वातावरण को कायम करने के लिये अपनी सकारात्मक तथा सहयोगात्मक भूमिका का निर्वहन करना चाहिये ना कि राज्य सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा में बेहतर वातावरण के लिये उठाए जा रहे कदमों के आगे असहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिये। श्री तिर्की ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय में नियमित असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति नहीं होने के मामले में माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा लिया गया संज्ञान स्वागत योग्य है और इस संदर्भ में झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति के मामले में अपनी गति को बढ़ाना चाहिये ताकि उसका सटीक परिणाम जमीन पर नजर आये।

## झाप्रसे अधिकारी प्रभात कुमार का दंड बरकरार, अशोक कुमार किए गए निलंबित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार ने जामताड़ा के एलआरडीसी पद के लिए 2021 में अधिसूचित किए गए प्रभात कुमार को दिए गए दंड को बरकार रखा है। हालांकि उनको दंड के रूप में मात्र निंदन की सजा मिली है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने 2021 में प्रभात कुमार को जामताड़ा के एलआरडीसी पद पर पदस्थापित किया था। लेकिन प्रभात कुमार अधिसूचित पद पर योगदान नहीं दिया। इस आरोप में उन्हें 14 जून 2024 को निलंबित कर दिया गया। बाद में उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलायी गयी। विभागीय कार्यवाही में पूछे गए स्पष्टीकरण का जवाब देते हुए प्रभात कुमार ने कई तरह की परेशानियों का जिक्र किया। उसमें वृद्ध माता पिता का इलाज एवं सेवा के कारण उन्होंने समय पर योगदान नहीं देने की बात कही। इसके अलावा भी उन्होंने कई और भी परेशानियां बतायी। लेकिन अपने स्पष्टीकरण के साथ उन्होंने कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया।

तथ्य संलग्न नहीं किया। इस आधार पर उन्हें निलंबन मुक्त तो कर दिया गया लेकिन निंदन की सजा दी गयी। द्वितीय स्पष्टीकरण में भी स्पष्ट प्रमाण संलग्न नहीं किए जाने के कारण उनको दी गयी निंदन की सजा को बरकरार रखा गया है।

हजारीबाग के तत्कालीन एसडीएम अशोक कुमार निलंबित किए गए

पत्नी की हत्या के आरोपी हजारीबाग सदर के तत्कालीन एसडीएम अशोक कुमार को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। उन्हें 10 फरवरी 2025 को जेल भेजे जाने की तिथि से निलंबित किया गया है। उपायुक्त हजारीबाग द्वारा दी गयी जानकारी के आधार पर कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने उन्हें निलंबित किया है।

मालूम हो कि पत्नी की हत्या के आरोप में उनके विरुद्ध लोहसिंघना थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। उसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेते हुए 10 फरवरी 2025 को जय प्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग भेज दिया है। निलंबन संबंधी आदेश में कहा गाय है कि कारा से बाहर आने के बाद वह कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग में योगदान देंगे।

## जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ देने का काम कर रही सरकार : शिल्पी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ों और इटकी प्रखंड कार्यालय परिसर में लाभुकों के बीच राज्य सरकार की योजनाओं का वितरण किया। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में गठबंधन वाली सरकार योजनाओं को जाति, धर्म और भाषा के आधार पर नहीं बांटती बल्कि जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ देने और लोगों के आंसू पोछने का काम करती है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य गांव के लोगों को मजबूत बनाना है। आज उसी उद्देश्य के साथ चाहे प्राकृतिक आपदा की मार झेल चुके लोग हों या सड़क दुर्घटना में अपनों को खोने वालों का परिवार। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ देकर उन्हें मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य की जनता को गठबंधन वाली सरकार की योजनाओं को जानने की जरूरत है। जानकारी के अभाव में लोग सरकार की योजना का लाभ नहीं ले पाते है। कई बार तो गांव के भोले भाले लोग बिचौलियों के चक्कर में फंस कर आर्थिक नुकसान की मार भी झेलते हैं। राज्य की गठबंधन वाली सरकार बच्चों के लिए छात्रवृति योजना से लेकर बुजुर्गों के लिए पेंशन से और महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दे रही है। बस जरूरत है कि योजना की अहर्ता पाने वाले लोगों को आवेदन देने की। राज्य सरकार गांव को सबल और आत्म निर्भर बनाने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है। बेड़ों में प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले 170 लोगों को सरकारी मुआवजा दिया गया। वहीं 36 महिलाओं को सिलाई मशीन, पांच लोगों को सड़क दुर्घटना मुआवजा, तीन लोगों को पशु क्षति राशि सहित दूसरी योजनाओं का लाभ दिया गया।

# विपक्ष के नाम पर भाजपा बनता जा रहा नकारात्मक और निराशाजनक समूह : विनोद कुमार पांडेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि हेमंत सरकार की किसी भी सकारात्मक पहल के प्रति भाजपा नेताओं में ईर्ष्या और असुरक्षा सर्वव्यापी है। भाजपा की प्रतिक्रिया में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। एक आदिवासी युवा मुख्यमंत्री का विदेश दौरा भाजपा के नेताओं को भला कैसे पच सकता है, ये तो उनके डीएनए में ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड जल्द ही कई अन्य देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। हेमंत सोरेन का नेतृत्व क्षमता बेमिसाल है। उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होता जा रहा है। दूसरी ओर विपक्ष के नाम पर भाजपा नकारात्मक और निराशाजनक समूह बनता जा रहा है। भाजपा का एक ही काम है साम्प्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने की साजिष रचना। चुनावों में जनता से निकारे जाने के बाद प्रदेश में भाजपा नेताओं के पास कोई काम नहीं है। इसलिए



सरकार के सकारात्मक कार्य या पहल का परिणाम आने से पहले ही भाजपा के नेता अपने मुताबिक काल्पनिक परिणाम गढ़ कर राजनीति में जिंदा रहने की कोशिश कर रहे हैं।

झामुमो नेता विनोद पांडेय ने कहा कि जहां तक प्रश्न है स्पेन और स्वीडन की आर्थिकी का, तो पिछले एक दशक में स्पेन और भारत ने अपने आर्थिक संबंधों को लगातार बढ़ाया है। भारत में 280 से अधिक स्पेनिश कंपनियां काम करती हैं और द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 8.78 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो साल-दर-साल 6.3 फीसदी की वृद्धि दशार्ता है। अक्षय ऊर्जा, धातुकर्म उद्योग, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्र दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच प्रमुख तालमेल का प्रतिनिधित्व करते हैं। झारखंड प्रतिनिधिमंडल स्पेन एवं स्वीडन में अपने यात्रा के दौरान प्रमुख स्पेनिश औद्योगिक और ऊर्जा समूहों, निवेशकों और सार्वजनिक संस्थानों के साथ बातचीत करेगा। निर्धारित व्यापार मंच और बी2बी बैठकें स्पेनिश कंपनियों को झारखंड के महत्वाकांक्षी औद्योगिक रोडमैप, निवेशक सुविधा नीतियों और सार्वजनिक-निजी सहयोग के अवसरों की जानकारी देंगी। प्रतिनिधि मंडल स्वीडन में भी बैठक करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 152वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 152 वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, अरुण, रूपा बथवाल, अनीश, स्वेता, आयुष, श्रुति बथवाल ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। बथवाल परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा रतन शर्मा अनुज मोदी आशीष डालमिया पवन केडिया भगवती भुवालका कमलेश सावा राहुल अग्रवाल त्रिवेणी साव संकेत चौधरी वेद भूषण जैन रणधीर जायसवाल अंकित सिंह मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

### हिन्दू महासभा ने लगाई बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की गुहार



**रांची :** अखिल भारत हिन्दू महासभा की प्रदेश इकाई ने पश्चिम बंगाल में पर हुए हमले के विरोध में राष्ट्रपति शासन लगाने की गुहार राज्यपाल संतोष गंगवार से लगाई। शनिवार को महासभा ने पश्चिम बंगाल की घटना के विरोध में राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया और ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। साथ ही राज्यपाल से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की अनुसंशा करने का आग्रह किया। मौके पर महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि पश्चिम बंगाल की आग झारखंड में भी सुलग रही है। इसका ताजा उदाहरण खुफियाा विभाग की रिपोर्ट है। महासभा के वक्ताओं ने कहा कि पूरे राज्य में कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त करने के लिए झारखंड में कडा रूख अपनाने और तुष्टीकरण की राजनीति बंद कर सभी वर्गों के विकास पर जोर देने की जरूरत है। धरना के बाद राज्यपाल से मिलकर महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। धरने में महासभा के प्रदेश इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा, जिला अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह, मनोज झा, भोटा सिंह, जसवंत वर्णवाल, पवन सोनी और पिंकू झा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### महात्मा हंसराज का जीवन त्याग और सेवा का प्रतीक : प्राचार्य



**रांची :** रांची के डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में शनिवार को डीएवी आंदोलन के संस्थापक महात्मा हंसराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रात:कालीन सभा और हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-जे के एसके मिश्रा ने कहा कि 19 अप्रैल 1864 को पंजाब के होशियारपुर जिले के बजवाड़ा गांव में अवतरित महात्मा हंसराज का जीवन त्याग, सेवा और आदर्शों का प्रतीक है। उन्होंने लाहौर के एक मिशनरी स्कूल में शिक्षा प्राप्त की। आगे चलकर स्वामी दयानंद सरस्वती के व्याख्यानों से प्रभावित होकर आर्य समाज में प्रवेश किया और शिक्षा के माध्यम से समाज सुधार के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। शिक्षा के क्षेत्र में विशेषकर डीएवी शिक्षण संस्थानों की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्राचार्य ने बताया कि 22 वर्ष की आयु में उन्होंने डीएवी हाई स्कूल लाहौर में प्रधानाचार्य के रूप में अवैतनिक सेवा शुरू की और जब डीएवी कॉलेज लाहौर की स्थापना हुई तो वे इसके मानद प्रिंसिपल बने। उन्होंने में कहा कि डीएवी शिक्षा संस्थानों के लिए कई नए विद्यालय खोले और उनका मार्गदर्शन किया। वे जातिवाद के प्रबल विरोधी थे और समाज के सभी वर्गों की शिक्षा और उन्नति के लिए काम करते थे। उनके आदर्शों से प्रेरित होकर देश के कई शिक्षाविद और समाज सुधारक उनके नक्शेकदम पर चले। उनका जीवन अब भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है।

### रिम्स निदेशक को हटाने के मामले को लेकर बाबूलाल ने सरकार पर साधा निशाना

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर रिम्स निदेशक हटाए जाने के मामले में प्रदेश की हेमन्त सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा है कि रिम्स निदेशक के हवाले से आयी खबरों से पता चल रहा है कि जीबी की बैठक में उनपर हेल्थमैप और मेडाल को अनुचित भुगतान करने का मौखिक दवाब बनाया जा रहा था, जबकि एजी की ऑडिट में इसपर आबजेक्शन किया जा चुका है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि दलित समुदाय से आने वाले प्रतिभावान रिम्स निदेशक को अपमानित एवं प्रताड़ित कर बिना कारण पूछे और अपना पक्ष रखने का मौका दिये बगैर अकस्मात हटाने की यह बड़ी वजह बनी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश देकर सच्चाई को सामने आने दें। उन्होंने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि चाहे पथ निर्माण विभाग हो या भवन निर्माण विभाग। ग्रामीण विकास विभाग हो या पेयजल विभाग। इन सारे 'कामकाजी विभागों' में कहने के लिये तो ठेके-पट्टे देने और भुगतान करने के लिये विभागीय कमेटियां बनी हुई हैं लेकिन ऐसे सारे 'कामकाजी कमाऊ' विभागों में ठेकेदारों का चयन, कार्य आवंटन, भुगतान से लेकर कार्य आवंटन के बाद अतिरिक्त काम के नाम पर एकरारनामा की राशि बढ़ाकर राशि का बंदर बांट कराने का काम सत्ताधारियों की मिलीभगत से विभागीय सचिवों के मौखिक निर्देश एवं दवाब पर ही संचालित एवं नियंत्रित किया जाता रहा है। इससे जो काली कमाई होती है उसका हिस्सा 'ऊपर' तक जाता है। उन्होंने कहा कि इस गोरखधंधे में पकड़े जाने पर बेचारे नीचे के पदाधिकारी दंडित हो जाते हैं। जो अधिकारी सचिवों के कहने पर गलत काम करने से आनाकानी करते हैं उन्हें रिम्स निदेशक राजकुमार की तरह बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है।

# उपायुक्त ने किया के.जी.बी.वी. सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने शनिवार को निरसा के कस्तूरबा गांधी बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय की छात्राओं से पढ़ाई लिखाई, छात्राओं की संख्या, भोजन, बिजली, पानी, सुरक्षा व अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्राओं की पुस्तकें देखी और उनसे वातार्लाप किया। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की जांच की। छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उपायुक्त ने कहा कि जीवन में कुछ बनने के लिए कड़ी मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं है। अभी संघर्ष करेंगे तो आगे बेहतर परिणाम मिलेंगे। उपायुक्त ने अपने संघर्ष और उसके बाद मिली सफलता से छात्राओं को रुबरू कराया। जीवन में सफलता प्राप्त करने के उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने, खुद की पहचान बनाने, मनोबल ऊंचा रखने, किसी पर निर्भर नहीं रहने, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने, समय का सदुपयोग करने की सलाह दी। इसके बाद उपायुक्त ने विद्यालय के एकाउंट्स की जांच की। उन्होंने विभिन्न बिल, कैश बुक, लेजर, बैंक एकाउंट, वाउचर, पिछली बार का ऑडिट रिपोर्ट देखा। उन्होंने नियमित रूप से एकाउंट का ऑडिट कराने व कैश बुक का उचित तरह से रखरखाव करने निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालय में अतिरिक्त क्लासरूम का निर्माण कराने, सुचारू जलापूर्ति, स्टेज निर्माण, बाउंड्री वॉल ऊंचा करने, सोलर सिस्टम लगाने, मेन्यू के अनुसार भोजन देने व फायर सेफ्टी सिस्टम को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इससे पहले जब उपायुक्त विद्यालय पहुंची तब छात्राओं ने उनका पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया। उपायुक्त ने विद्यालय में स्थापित कस्तूरबा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर निरसा के प्रखंड विकास पदाधिकारी इंद्रलाल ओहदार, वार्डन श्रीमती अनिशा सिंह, प्रबंधक संजय कुमार सिंह के अलावा भवन प्रमंडल व अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।



## एक नजर

### बोकारो के चार खिलाड़ी झारखंड हैंडबॉल टीम के लिए चयनित

**बोकारो :** 20 अप्रैल से अकबरपुर यूपी में आयोजित होने वाले 47वी जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली झारखंड राज्य टीम में बोकारो के गणेश वेंकटेश, यश, रवि कुमार, मनीष कुमार सहित चार खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। इसकी जानकारी बोकारो जिला हैंडबॉल के सचिव सह प्रशिक्षक आईं अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि बोकारो के हैंडबॉल खिलाड़ी अपना अच्छा प्रदर्शन कर के राज्य का नाम रौशन करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष राम लखन मिस्त्री, उप सचिव राजेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष टी सी घोषाल, प्रदीप उपाध्याय, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, ज्योति कुमार, रेनू मैम, साबिर सर, विकाश कुमार सोनी, जुगनू सहित हैंडबॉल के चाहने वालों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**बोकारो :** शनिवार चास नगर निगम के वार्ड दो स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, चीरा चास में ठोस कचड़ा प्रबंधन कार्यक्रम हेतु जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। स्विच ऑन फाउंडेशन तथा सहयोगिनी संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर निगम के निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार महतो ने कहा कि आम जनता, निगम तथा कार्य एजेंसी के आपसी समन्वय स्थापित करके ही शहरी क्षेत्र को स्वच्छ वातावरण प्रदान किया जा सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता अर्चना सिंह ने कहा कि वार्ड नंबर 2 में घर-घर से गिला एवं सूखा कचरा का अलग-अलग संग्रहण किया जाना जरूरी है। साथ ही इसका सही ढंग से निपटान भी मायने रखता है । उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र के नदी, नाला, तालाब तथा खुले स्थान को स्वच्छ रखने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस काम में नगर निगम की सक्रियता काफी जरूरी है । सहयोगिनी संस्था के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि संस्था द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी , कचड़ा संग्रहणकर्ता तथा समुदाय के सदस्यों के बीच प्रशिक्षण एवं जागरूकता का कार्य किया जाएगा।

### रेलवे स्टेशन का दौरा कर सुरक्षा का डीआरएम ने लिया जायजा

**बोकारो :** रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत निमार्णाधीन है ऐसे में अब बोकारो रेलवे स्टेशन नए लुक में नजर आएगा जिसको लेकर आध्रा के डीआरएम ने बोकारो रेलवे स्टेशन का आज दौरा किया और सुरक्षा का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने कहा की बोकारो रेलवे स्टेशन में सेफ्टी को लेकर सबसे बड़ा ईसु आया है जिसको लेकर पूरे स्टेशन परिसर और आसपास में सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा की बोकारो बहुत बड़ा स्टेब्लिशमेंट है रेलवे के माल डिब्बा रिपेयर के लिए ऐसे में उसमे दो तीन काम शुरू किया गया है जिसका निरीक्षण किया गया,लोको यार्ड, गुड शेड और ईएमटी यार्ड का भी भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा की आनेवाले समय में बोकारो रेलवे स्टेशन में और भी सुविधा बढ़ाई जाएगी। इस दौरान एआरएम, स्टेशन मास्टर सहित रेलवे के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बताते चले की बोकारो रेलवे स्टेशन आद्रा डिवीजन का सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला रेलवे स्टेशन है लेकिन कई महत्वपूर्ण जगहों के ट्रेन यहां से नहीं खुलती है खासकर सीएमसी वेल्लोर जाने के लिए बोकारो से एक ही ट्रेन चलती है जिसकी संख्या बढ़ाने को लेकर कई बार लोगो के द्वारा गुहार भी लगाई गई है।

## स्पंदन ग्रुप के सदस्य ने दिखाया अपना पूरे वर्ष मेहनत का जलवा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** बांग्ला नव वर्ष 15 अप्रैल 2025 से शुरू हो चुका है लेकिन बांग्ला समुदाय ने इस नए वर्ष के आगमन पर कई कार्यक्रम करते रहते हैं जिसके तहत आज सोशल एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन ग्रुप स्पंदन द्वारा धनबाद हीरापुर स्थित हरि मंदिर में शाम 7:00 बजे बरसों बरोन रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गीत संगीत और नित्य का परिबेसन किया गया। जो उपस्थित दर्शकों ने कार्यक्रम को बहुत मां मुक्ति कार्यक्रम बताया। इस गीत, संगीत एवं नृत्य परिवेशन किए सैकत मल्लिक का टीम, चयनिका की टीम,श्याम बनर्जी के टीम,रेशमी की टीम,रिंकी की टीम, संचिता की टीम,ज्योति पॉल की टीम,दिया बनर्जी की टीम,साथी गुप्ता की टीम,ब्रोटिन की भाग लीये। जबकि कार्यक्रम के सफल बनाने में संस्था अध्यक्ष मनोज मजूमदार, सचिव बरनाली सेनगुप्त, मीडिया प्रवारी नीलकमल खवास एवं अरविंदो बनर्जी के अलावे संस्था की कार्यकरता, राहुल, पिंटू, देवदास, रिंकू, शुभाशीष, बबलूदा, प्रणबदा, मीता पाल, मीता सरकार,चन्दना अरुणा, दीपा, ईशानी, कुषाण, ऋषिता, रिशान ,इंद्रानी, इप्शा, सुरजीत, साम्पा, सुपर्णा, काकोली, माला, मेघा, पणव, मंच संचालन में बरनाली गुप्ता ने किया।

## स्व.जोसना मंडल की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** बायपास रोड, कुसुम बिहार, मांझीलाडीह, स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में स्व. जोसना मंडल की आठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जेपी हॉस्पिटल एवं जेपी इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर डॉ. किमी मंडल समेत जेपी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स एवं जेपी इंस्टिट्यूशंस के प्रोफेसर्स ने उनके चित्र पर श्रद्धा पूर्वक माल्यार्पण कर नमन किया। प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने बताया मेरी माता स्वर्गीय जोशना मंडल बहुत ही मिलनसार एवं हर वक्त लोगों के सहयोग एवं सामाजिक सेवा के लिए हर वक्त तत्पर रहती थी और उन्हीं के पुण्य प्रताप, आदर्शों, सिद्धांतों एवं प्रेरणा से लोगों की स्वास्थ्य सेवा व शिक्षा सेवा का दायरा बढ़ता जा रहा है। उनकी प्रेरणा स्वरूप ही जेपी ग्रुप का हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूशंस के बैनर तले समय समय पर लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा कैंप, विभिन्न जनोपयोगी कार्य गरीब कन्याओं के विवाह में मदद, गरीब बच्चों के शिक्षा में मदद एवं भोजन वितरण कार्यक्रम एक आवश्यक एवं अभिन्न अंग है जो निरंतर जारी रहेगा। चेयरमैन प्रदीप मंडल ने कहा मेरी पत्नी स्वर्गीय जोशना मंडल बहुत ही दयावान, धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि रखती थी और किसी भी असहाय को हमेशा मदद करती थी। उनके नाम पर जरूरतमंदों को मदद करने का अभियान हमेशा से होता आ रहा है और आगे भी वृहद स्तर पर होता रहेगा।



## सुरक्षा और ईलाज मे लापरवाही हरगीज बर्दाश्त नहीं : राजेंद्र सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** इस्पात संयंत्र के कोक-ओवन एवं कोक केमिकल्स विभाग के सुदर्शन कैंटीन में ठेका मजदूरों के ज्वलंत समस्याओ पर आक्रामक रणनीति पर विचार हेतु के द्वारा ठेका मजदूरो की विशाल मीटिंग हुई। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि मजदूरो के सुरक्षा से समझौता कतई बर्दाश्त नहीं है।सभी ठेका कम्पनी को हर हाल मे सुरक्षा मापदण्ड का सौ फीसदी पालन करना होगा। अगर किसी मजदूर का प्लान्ट मे दुर्घटना होता है या बिमार होता है तो ठेका कम्पनी को बी एस एल के मापदण्ड के अनुरूप प्लान्ट मेडिकल मे जाँच कराना अनिवार्य है और अगर प्लान्ट मेडिकल के द्वारा बी जी एच रेफर किया जाता है तो हर हाल मे उसका ईलाज बी जी एच मे कराना ठेका कम्पनी की जिम्मेदारी है।अगर कोई भी ठेका कम्पनी ईलाज मे आना कानी करेगी तो उसका प्लान्ट से बाहर जाना तय है। मजदूर एकजुट हैं अन्याय को मुँहतोड जवाब मिलेगा। सुरक्षा उपकरण के गुणवत्ता से समझौता का डटकर विरोध करेंगें। सेल/बोकारो प्रबंधन वादे के अनुसार मेडिकल चेकअप की खामियों को आज भी दूर नहीं कर पायी है। प्रबंधन कान खोल कर सुन ले आज से अगर एक भी मजदूर मेडिकल जाँच की वजह से अगर काम से वंचित होता है तो जितने दिन मजदूर कार्य से बाहर रहेंगे उसका हाजरी बोकारो प्रबंधन को देना होगा।मानव संसाधन विभाग जल्द सर्कुलर जारी कर मजदूरो का बोनस पेमेंट करे। मीटिंग को श्री सिंह के अलावे आर के सिंह, शशिभूषण, चन्द्र प्रकाश, जुम्मन खान, नागेंद्र कुमार, अमित यादव, आनंद कुमार, हरेराम सिंह, टुनटुन सिंह आदि ने संबोधित किया।



## स्वच्छ, सुरशित और सुव्यवस्थित सेक्टर-5 हटिया संचालन की दिशा में प्रबंधन की नई पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेक्टर-5 स्थित हटिया के संचालन की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बीएसएल प्रबंधन ने एक नई पहल करते हुए इसके संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय विस्थापित वर्ग की एजेंसी मेसर्स सोनी इंटरप्राइजेज को सौंपा है। इस नई व्यवस्था की शुरूआत 19 अप्रैल को मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार ने की। इस मौके पर बीएसएल अधिकारियों के अलावा सेक्टर 5 हटिया के दुकानदार, जन सामान्य तथा मेसर्स सोनी इंटरप्राइजेज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार ने बताया कि हटिया परिसर को स्वच्छ, हाईजीनिक और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नई व्यवस्था लागू की गई है जिसका लाभ दुकानदार और खरीदार, दोनों को मिलेगा। उन्होंने सेक्टर 5 हटिया के सभी दुकानदारों से इस नई व्यवस्था को लागू करने में सहयोग करने की अपील की। महाप्रबंधक ए के सिंह ने बताया कि सेक्टर-5 हटिया संचालन हेतु स्थानीय विस्थापित वर्ग की एजेंसी का चयन टेंडर प्रक्रिया के तहत किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि चयनित एजेंसी मेसर्स सोनी इंटरप्राइजेज हटिया में दुकानदारों के बैठने के लिए निर्धारित शुल्क 40 रुपए प्रति दिन पर उन्हें 3 मीटर ७ 3 मीटर अथवा 30 रुपए प्रति दिन शुल्क पर 3 मीटर ७ 2 मीटर का स्थान उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा ठेला संचालकों को भी निर्धारित दर 20 रुपए प्रति दिन पर स्थान प्रदान किया जाएगा। बदले में सम्बंधित एजेंसी हटिया की साफ-सफाई और हटिया के संचालन के लिए आवश्यक अन्य मूलभूत सुविधाएँ दुकानदारों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगी। सेक्टर 5 हटिया के दुकानदारों को दुकान संचालन के लिए अस्थाई तौर पर विद्युत कनेक्शन भी प्रदान किया जाएगा जिसका भुगतान उन्हें अलग से करना पड़ेगा।




## तेतुलिया मौजा जमीन मामले में हाईकोर्ट की अवमानना का दोषी पाया गया डीएफओ और आरसीसीएफ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चास के तेतुलिया मौजा के 74.38 एकड़ जमीन का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है जहां पिछले दिनों 17 तारीख को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई के बाद डीएफओ और आरसीसीएफ पर हाईकोर्ट की आवमानन का दोषी पाया है और उच्च न्यायालय जाने के लिए 8 हफ्ते का समय दिया है जिसकी जानकारी देते हुए बोकारो के तेतुलिया मौजा में उमायुष मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के अधिवक्ता ने एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दिए। उन्होंने कहा की मामले की अगली सुनवाई हाईकोर्ट में 14 जुलाई को है। इसमें न्यायायिक प्रक्रिया में अवरोध पैदा करने का आरोप है। वही बोकारो डीएफओ रजनीश कुमार ने कहा मामला न्यायिक प्रक्रिया में है ऐसे में अभी कुछ भी बोलना सही नही है चुकी अभी न्यायिक प्रक्रिया चल ही रही है ऐसे में माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार हमलोग उच्चतम न्यायालय जाने की तैयारी में है। बताते चले बोकारो जिले के चेतुलिया मौजा स्थित खाता संख्या-59, प्लॉट संख्या-450 व 426, तीन स्तरों पर

**राज्य सरकार को झटका:**

यह मामला वर्ष 2017 से चल रहा है। झारखंड हाईकोर्ट ने इजहर हुसैन और अख्तर हुसैन के पक्ष में निर्णय आया। इसके विरुद्ध राज्य सरकार हाईकोर्ट की डबल बेंच से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक गई लेकिन राहत नहीं मिला। ज्ञात हो की वर्ष 2021 में उक्त भूमि में से कुल 73 एकड़ 138 डिसमिल भूमि इजहर हुसैन और अख्तर हुसैन द्वारा उमायुष मल्टीकम प्राइवेट लिमिटेड को बेची गई। इसमें डीएफओ ने एक पत्र जारी किया था जिसमे गैरवानिकी कार्य नहीं करने को कहा था जिसे उमायूष माल्टिकॉम ने अवमना दायर किया था। डीएफओ ने आरसीसीएफ द्वारा जारी एक पत्र को कोर्ट में पेश किया जहां कहा की पत्र को वापस नहीं ले सकते है।




## संक्षिप्त खबरें

### मधुबन बस्ती में चल रहे महायज्ञ महाभंडारा के साथ समापन



धनबाद : मधुबन बस्ती स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमत यज्ञ सह श्री राम चरित्र मानस महायज्ञ आज महाभण्डारा के साथ समापन हो गया। वाराणसी के मुख्य आचार्य लक्ष्मी कांत पांडेय नेतृत्व में लक्ष्मी नारायण पांडेय सहित विद्वान पंडितों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान पूर्व मुखिया डेगलाल महतो व उनकी पत्नी राधा देवी सहित यजमानों से हवन कराया।ब्राह्मण भोजन के बाद उन्हें दान-दक्षिणा के साथ विदाई दी गयी।मधुबन बस्ती सहित आस पास बस्तियों के लोग भारी संख्या में प्रसाद ग्रहण करने के लिए तांता लगा हुआ था।इस मौके पर भक्तु महतो,सुजीत महतो,अरुण कुमार महतो,कर्ण महतो,अमित महतो,कुलदीप प्रसाद महतो,मुकेश महतो,उमेश महतो,भवानी ठाकुर,काली दसौंधी,साधु गोड, मोहन दसौंधी,छोटू यादव आदि शामिल थे।

### सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में इनमोसा के 27 सूत्री मांग पत्र महाप्रबंधक के साथ हुई बैठक




**तेतुलमारी (धनबाद):** सिजुआ क्षेत्रिय कार्यालय के सभागार में महाप्रबंधक के साथ इनमोसा के द्वारा दिए गए 27 सूत्री मांग पत्र पर बैठक में वार्ता हुई। जिसमें इन्मोसा के उप महामंत्री कुश कुमार सिंह ने महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद एवं उनकी क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन अशोक कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी मो. आलम एवं परियोजना पदाधिकारी एम कुण्डु क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त को यह आश्वस्त किये। इनमोसा के साथियो का जो भी समस्या है उसको त्वरित संज्ञान लते हुए उसको निष्पादन करें। इनमोसा गत वर्ष कोयला उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति मे भरपूर तन एवं मन से सुरक्षा देखते हुए अपनी अहम भूमिका निभाई उसी प्रकार इस वित्तीय वर्ष में भी इनमोसा ने अहम भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।और कुश कुमार सिंह ने कहा कम्पनी हित में सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नही किया जाए। महाप्रबंधक द्वारा भी सभी 27 सूत्री माँगो पर एक एक कर के चर्चा कि एवं इनमोसा को पूरी तरह आश्वस्त किये कि आपकी सभी माँगे जायज है और इस पर मैं गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन का भरोसा दिये।मौके पर डिविजनल अध्यक्ष महेश प्रसाद चौहान, संयुक्त सचिव यशवंत सिंह, क्षेत्रिय अध्यक्ष अरूण दुबे, क्षेत्रिय सचिव विजय कुमार, प्रेम कुमार, शिरीष कुमार, मनोज पांडे, पंकज कुमार, चंद्रमा कुमार,उपेंद्र दास, वीरेन्द्र मण्डल, पियूष चक्रवर्ती, परवेज अख्तर, अनिल कुमार, दीपक कुमार, रॉबिन कुमार, दत्ता, सीताराम प्रजापति, गुड्डू प्रसाद, रामचन्द्र नोनिया, शनि शर्मा,विनोद कुमार, मनीष कुमार,रंजीत कुमार,निशांत श्रीवास्तव, रितेश मिश्रा,रितेश पांडे, बादल कुमार, चिंतामन दास,श्रवण कुमार, राजेश साव, उपेंद्र दास, भोला गोप, सोमनाथ तिवारी, हेबरम, लक्ष्मण कुमार, श्रीपति रवानी, एम एम मिसरा, शंकर कुमार और प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, उप महाप्रबंधक के के सिंह, क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी आलमगिर आलम, क्षेत्रिय कार्मिक अशोक कुमार, क्षेत्रिय अभिनेता सिविल, क्षेत्रिय वित्त अधिकारी आदि लोग मुख्य रूप से शामिल हुए।

### पांडिचेरी में यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप संपन्न, झारखंड की टीम लौटी



**बोकारो:** 9 से 16 अप्रैल 2025 तक पांडिचेरी के राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित 40 वें यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 में सफलतापूर्वक बेहतर प्रदर्शन के साथ झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालक और बालिकाओं की 32 सदस्यों की टीम जिसमें बालक वर्ग के हेड कोच मोहम्मद आरिफ आफताब, असिस्टेंट कोच किंकर कृष्णा टीम, मैनेजर विशाल दास बालिका टीम के मुख्य प्रशिक्षक निजाम अली, टीम मैनेजर शांत मिश्रा के आज दिनांक 18 अप्रैल 2025 को टाटानगर स्टेशन पर आगमन हुआ । जहां गर्म जोशी के साथ खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत खिलाड़ियों के विशेष सम्मान हेतु जमशेदपुर के कदमा स्थित केरला पब्लिक स्कूल के सभागृह में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के द्वारा किया गया हुआ। सम्मान समारोह के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केरला पब्लिक स्कूल (संगठन) के निर्देशक शरद चंद्रन नायर, विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के जाने-माने शिक्षाविद डॉक्टर के के ओझा, समाजसेवी एवं खेल प्रेमी मुख्तार आलम खान, झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व ओलंपियन हरभजन सिंह, सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक जेपी सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी ने पूरी टीम के झ खिलाड़ियों का गर्म जोशी से अभिनंदन किया।

### जे.ई.ई.मेंस में चिन्मय विद्यालय का शानदार रिजल्ट



बोकारो : 2024-25 के जे.ई.ई.मेंस के दूसरे फेज में चिन्मय विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रर्दशन करते हुए बाजी मारी। विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय का छात्र प्रियांशु राज (99.55) परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में पहले स्थान पर आया हैं जबकि अतिन गौरव (99.35) एवं अश्विन कुमार (99.33) परसेंटाइल लाकर क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे है। प्रियांशु राज , अतिन गौरव, अश्विन कुमार, रोहित राज (99.26), रजनीश कुमार (98.99), पुष्कर सिंह (98.85), आर्यन (98.84), सत्यम सोनी (98.80) , आदर्श रॉय (98.78), सौरव कुमार वर्मा (98.7) ,नारायण रॉय (97.92), प्रेम कुमार(97.88), अभय कुमार (97.48), ईशान देव (97.0), शिवम (97),शिवम रंजन (97), सक्षम कुमार (96.6) , आलोक राज (96.4), सात्विक कुमार मेहता (96.33), ऋषि प्रशाद (96.44), प्रियांशु माझी (96.34), सात्विक (96.36), वेद कुमार (96.24) ऋषभ आनंद (96.2), युवराज (96), अभ्यास मलिक (95.57), सारण्या रंजन (95.56), ऋषु राज (94.93), किशन देव (94.77), अंकित राज (94.66) , तुशार चौधरी (94.56), बंटी कुमार (94.36), एकता आकृति (94.31) , खुशी किरण (94.30) सहित समाचार लिखे जाने तक 77 से अधिक बच्चौ ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये ।

# बंगाल में हिन्दुओं पर हो रही हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रही लगातार हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद खुलकर सड़क पर आ गया है। रामगढ़ जिले में भी शनिवार को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत धरना दिया गया। शहर के सुभाष चौक पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता एकजुट हुए और इस हिंसा पर चिंता जताई। इस मौके पर मौजूद विहिप के झारखंड प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध में हो रही हिंसा का उद्देश्य अब साफ नजर आ रहा है। विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को हिंसा की आग में जलाया जा रहा है। मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती जा रही है। स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए इससे पहले केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण और संचालन अपने हाथ में लेनी चाहिए। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 11 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर हिंसक हुए लोग हिंदू समाज को निशाना बना रहे हैं। जबकि इस कानून के निर्माण में किसी भी आम नागरिक की कोई भूमिका नहीं है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि वक्फ तो केवल बहाना था, असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य बनाना था। उन्मादी जिहादी भीड़ ने हिंदुओं के 200 से अधिक घरों और व्यावसायिक दुकानों को लूटकर जलाया, सैकड़ो हिंदुओं को



बुरी तरह घायल किया और तीन नागरिकों की निर्मम हत्या की और दर्जनों महिलाओं के शीलभंग भी किए गए। परिणाम स्वरूप 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। वक्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी टिप्पणी की है उन्होंने कहा कि जिस वक्त दंगे हो रहे थे उसे वक्त सभी को शांत करने के बजे एक खास समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ उनकी बैठक का संदेश भी पूरी दुनिया समझ रही है। आज भी शरणार्थियों को सुविधा देने के बजाय उन्हें जेहादियों के सामने परोसने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उस इलाके में पाकिस्तानी तथा बांग्लादेशी आतंकी संगठनों की सक्रियता बढ़ती जा रही है। पश्चिम बंगाल में भर्ती हिंसा से स्पष्ट है कि सरकार निरंकुश हो गई है। विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने पश्चिम बंगाल में अभिलंब राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है, ताकि वहां की जनता खुद को सुरक्षित महसूस कर सके। एनआईए उस पूरी घटना की जांच करें और दोषियों को अभिलंब दंडित किया जाए। विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी डीसी चंदन कुमार को सौंपा। इसमें पश्चिम बंगाल के हिंदुओं की सुरक्षा, हिंदुओं के उपर हमला करने वाले जिहादियों पर कार्रवाई करने, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों में विहिप जिला मंत्री छोटू वर्मा, जगत नारायण शाह, राजू चतुर्वेदी, राजेश ठाकुर, जोगेंद्र सिंह जग्गी सहित अन्य शामिल थे। धरना में उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, छावनी परिषद उपाध्यक्ष अनमोल सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार, जिला सत्संग प्रमुख संतोष सिंह,गौतम महतो, महेंद्र ठाकुर, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, सह संयोजिका प्रियंका कुमारी, प्रीतम रजक, विनय शर्मा, विनोद जयसवाल, विराज पोद्दार सहित कई लोग मौजूद थे।

# बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ विहिप-बजरंग दल का धरना प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ और अकर्मण्य राज्य सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल ने कचहरी परिसर में शनिवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया । इसमें काफी संख्या में कार्यकर्ता और सनातन धर्मावलंबियों की सहभागिता रही। धरना में वक्ताओं ने बंगाल के हालत पर चिंता व्यक्त की। जिला पालक दामोदर मिश्र ने कहा कि बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में हो रहे प्रदर्शन के दौरान लक्षित कर हिंदुआ पर हमला किया जा रहा है। मेदिनीनगर के पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून सरकार ने बनाया है, इसमें हिंदुओं की कोई भूमिका नहीं है, फिर भी हिंदुओं का उत्पीड़न समझ से बाहर है। राज्य



सरकार अकर्मण्य है और प्रशासन दंगे के दौरान सहायक और प्रेरक की भूमिका में दिख रहा है। यह स्थिति अत्यंत भयावह है। धरना के बाद विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एक अपर समाहर्ता को सौंपा। इसके माध्यम से बंगाल में हिंदुओं का उत्पीड़न तत्काल रोकने और वर्तमान अकर्मण्य सरकार को बर्खास्त कर वहां शीघ्र राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन में विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, दुर्गा वाहिनी संयोजिका कामिनी सिंह, बालोपासना प्रमुख विकाश कश्यप, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिंह, हरि नगर से पिंटू सोनी, सौरभ पांडेय, विनोद, सतबरवा से सुनील विश्वकर्मा सहित अनेकों कार्यकताओं की सहभागिता रही।

## आत्मरक्षा के लिए बीएम स्कूल में बच्चों को दिया जा रहा है जूडो कराटे का प्रशिक्षण

**बड़कागांव :** बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला रोड स्थित बीएम मेमोरियल स्कूल में विद्यार्थियों आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाह के अगुवाई में राष्ट्रीय स्तर पर बाउच तथा राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त शिक्षिका अनु कुमारी के द्वारा दिया जा रहा है। मौके पर संदीप कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाली बालिकाओं को राह चलते मनचले परेशान करते हैं। इस डर से कई बच्चियां पढ़ाई ही छोड़ देती हैं। बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ जूडो कराटे के साथ-साथ खेलकूद की प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

# पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा एक शादी समारोह में जाने के क्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक राम कुमार प हा न जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो चौधरी रांची जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नरेश साहू जलेंदर प्रशाद प्रखंड अध्यक्ष सुनील महतो के द्वारा गोंद ली पोखर में अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया मौके पर मंटू चौधरी संजय नायक सुरेंद्र महतो सुप्रेश महतो रामेश्वर महतो आदि शामिल थे ।

# एसडीओ ने किया बोटा पंचायत का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** उपायुक्त अनन्या मित्तल के निदेर्शानुसार नोडल पदाधिकारी एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने बोटा पंचायत का निरीक्षण किया। शनिवार को पंचायत पहुंचते ही गाड़ी से उतरकर सीधे सभागार में पहुंचकर बैठी। उसके बाद पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित दस्तावेज और रजिस्टर का निरीक्षण किया।इस दौरान पंचायती राज,मनरेगा, 15 वा वित्त आयोग, पंचायत ज्ञान केंद्र, प्रज्ञा केंद्र, आपूर्ति,आम बागवानी के योजनाओं का जायजा लिया। पंचायत से निकल कर मिजार्डीह में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण,शोभा रानी महतो के मनरेगा के तहत बने आम बागवानी, लावजोड़ा स्थित पीएचसी सेंटर का निरीक्षण सहित कई जनलाभकारी योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान पंचायत निरीक्षण के दौरे में उनके साथ बीडीओ किकू महतो, सीओ रंजीत रंजन, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी गोपाल सुंदर मंडल,कल्याण पदाधिकारी, सुधाकर महतो, मुखिया सुकान्ति किस्कू, एई सुमित कुमार, जेई अजय मंडल, बीपीओ बंधु कुशल महतो, पंचायत सेवक सुजीत कुमार, रोजगार सेवक विजय कुमार दास, बीएफटी आदित्य दास,राजस्व कर्मचारी प्रशांत सिंह सरदार,वार्ड सदस्य विनोद सिंह, पंचायत राज प्रखंड समन्वयक नीलम कुमारी, जनसेवक नमिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## योगाचार्य सुषमा का नया संकल्प : बेटियों को बनाएंगी आत्मनिर्भर और चालक

**झुमरीतिलैया :** योग की अलख जगा कर हजारों लोगों के जीवन में जागरूकता और स्वास्थ्य का संचार करने वाली क्रांतिकारी योगाचार्य सुषमा सुमन अब एक नया सामाजिक अभियान शुरू करने जा रही हैं। योग को जन-जन तक पहुंचाने के बाद, बेटियों को लाठी-तलवार चलाना सिखा आत्मरक्षा में सक्षम बनाया और अब उनका नया संकल्प है – हर बेटी को आत्मनिर्भर चालक बनाना। इस संकल्प को साकार करने के लिए 1 मई से 30 मई तक 30 दिनों का विशेष निःशुल्क वाहन चालन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में बेटियों को दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे हर परिस्थिति में स्वावलंबी बन सकें और अपने परिवार, समाज व स्वयं की मदद कर सकें। योगाचार्य सुषमा सुमन का मानना है कि हर बेटी को इतनी सक्षम होना चाहिए कि वह स्वयं अपने गंतव्य तक पहुंच सके, किसी पर निर्भर न रहे और जरूरत पड़ने पर अपने परिवार को कहीं भी ले जा सके।

# आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में पैरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** आरटीसी पब्लिक स्कूल, अनगड़ा में शनिवार को नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सभी कक्षा वर्गों के अभिभावकों के लिए एक पैरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय के नियम, शिक्षण पद्धति तथा बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों की भूमिका से अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र के शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत विकास में विद्यालय के साथ-साथ घर के वातावरण की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा, यदि अभिभावक अपने बच्चों को घर पर प्रोत्साहन और समर्थन प्रदान करें, तो उनकी



सफलता की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। प्रधानाचार्य महतो ने यह भी जानकारी दी कि विद्यालय द्वारा इस सत्र से सभी कक्षा वर्गों में नामांकन को पूर्णतः निःशुल्क कर दिया गया है, जिससे शिक्षा को और अधिक सुलभ व समावेशी बनाया जा सके। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे और विद्यालय प्रशासन से सकारात्मक संवाद किया।

# उषा मार्टिन की आधारभूत संरचना के विकास की पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से टाटीसिलवे स्थित कारखाना के इर्द गिर्द के 18 गांवों में इस वित्तीय वर्ष (24-25) में बेहतर शिक्षा के लिए आधारभूत संरचना के विकास की पहल की गयी है। कई गांवों में स्कूल का मरम्मत एवं विकास के कार्य किये गये। इसके अलावा सामुदायिक भवन एवं पुस्तकालय को भी मरम्मत के पश्चात उसका सौंदर्यीकरण किया गया है, ताकि गांवों में युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल बनाया जा सके। इन कार्यों का परिणाम है कि मासू मध्यम विद्यालय से बच्चों को मुख्यमंत्री आदर्श विद्यालय के लिए चयनित हुए है। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत उलातू गांव के सामुदायिक भवन एवं भुवाल टोली में चबूतरा का निर्माण कराया गया।

- बेहतर शिक्षा संस्कृति के लिए गांवों में स्कूलों का जीर्णोद्धार
- सिलवई में सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार
- महिलौंग में शौचालय व भुवाल टोली में चबूतरा का निर्माण
- मासू और उलातू में 20 शौचालय का निर्माण



छोटे बच्चों के लिए खिलौना, किताब एवं खेलने की सामग्री भी मुहैया करायी गयी है। इस केंद्र पर शुद्ध पेयजल के लिए जलमीनार का मरम्मत कर सौर ऊर्जा से संचालित किया गया है, ताकि मरम्मत की समस्या नहीं हो। इसी प्रकार मासू गांव के पुस्तकालय का मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। इस पुस्तकालय को किताबें भी मुहैया करायी गयी है। महिलौंग स्थित मध्य विद्यालय के जर्जर मीटिंग हॉल को भी मरम्मत कराया गया तथा इसमें प्रकाश की समुचित व्यवस्था करायी गयी है, ताकि बैठक के दौरान रोशनी की समस्या नहीं हो। यहां एक लड़कियों के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसी प्रकार उलातू में सामुदायिक भवन और चाहरदिवारी का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया गया है। इस वित्तीय वर्ष में टाटी स्थित गुरूकुल स्कूल का भी विकास कार्य किया गया। इसका मरम्मत कराकर विद्यालय कुर्सी, टेबुल एवं अन्य सामग्री मुहैया करायी गयी।

उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से पिछले साल भी उलातू, टाटी एवं मासू विद्यालयों में मरम्मत कार्य चलाया गया था। फॉउंडेशन की ओर से मासू, उलातू, टाटी पूर्वी एवं टाटी पश्चिम, महिलौंग, होरहाप, हरातू, सिलवे गांव में विद्यालय के समीप एवं अन्य सभी जगहों पर पेयजल के लिए जलमीनार की टंकी बदलने के अलावा, सोलर पैनल एवं प्लंबिंग सिस्टम को नया लगाया गया है ताकि गरमी के दिनों में पानी की दिक्कत नहीं हो सके। इस सुविधा के कारण विभिन्न गांवों में आठ सौ परिवार को शुद्ध पानी की सुविधा प्राप्त हो सकेगा। कई जगहों पर स्नान घर का भी निर्माण कराया गया है। रीडिंग हैबिट बढ़ाने के लिए पांच गावों में पुस्तकालयः प्रिया बागची उषा मार्टिन की प्रबंधक प्रिया बागची बताती है कि रीडिंग हैबिट के माध्यम से बदलाव में पुस्तकालय की अहम भूमिका है। इसलिए पांच गावों में पुस्तकालय की स्थापना की गयी है। इन गांवों के स्कूल में पुस्तकालय को पुनर्जीवित किया जा रहा है। पुस्तकालय के रखरखाव व उसके उपयोग पर लोगों को जागरूक बनाया जा रहा है। इससे लोगों में रीडिंग हैबिट में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले साल चार हजार से ज्यादा बच्चों के लिए 15 स्कूलों में किताबों का वितरण कराया गया। इस साल पुस्तकालय को केंद्र में रखकर कर शिक्षा के प्रति लोगों को जोड़ने का कार्यक्रम चलाया जायेगा।

## 26 और 27 को होगा जिला स्तरीय ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट

**हजारीबाग :** जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट 26 अप्रैल और 27 अप्रैल को नमन विद्या स्कूल मासी पीढ़ी हजारीबाग में होने जा रहा है जिसमें जिसमें विभिन्न आयु ग्रुप के अंडर 11, 13, 15 ,17, 19 और 19 के ऊपर कोई भी हजारीबाग के खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग ले सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वज्रपात की चपेट में आकर तीन पशुओं की मौत, पीड़ित परिवार ने मुआवजे की मांग की



**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम अचानक मौसम खराब हो गया। जिसमे थाना क्षेत्र के मालम गांव निवासी पौलिना लकड़ा के तीन पशुओं की मौत वज्रपात की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से किसान परिवार को काफी नुकसान पहुंचा है। पीड़ित पौलिना लकड़ा ने बताया कि अचानक शाम के समय मौसम बदली तेज हवा तूफान के साथ बारिश व बज्रपात हुई जिसमें वज्रपात की चपेट में आकर उनके तीन पशुओं की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ा नुकसान है उन्होंने विभाग से मुआवजे की मांग की हैं। बेमौसम बारिश और वज्रपात ने क्षेत्र में काफी नुकसान पहुंचाया है। लोगों का कहना है कि इस तरह के मौसम ने उनकी दिनचर्या को पूरी तरह से बदल दिया है। वज्रपात की चपेट में आकर पशुओं की मौत से किसान परिवारों को आर्थिक नुकसान हुआ है।

### सरिया के आरव व श्रीकांत रुपांशु ने जेई मेंस परीक्षा में मारी बाजी

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया के आरव बर्णवाल व श्रीकांत रुपांशु ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस परीक्षा 2025 के दूसरे सेशन में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। सरिया विवेकानंद रोड निवासी विकास कुमार व दीपिका बर्णवाल के पुत्र ने 99.96 परसेंटाइल अंक हासिल कर सफलता प्राप्त किया जबकि सरिया नेताजी पार्क रोड निवासी सहायक अध्यापक शिवशंकर रुपांशु के पुत्र श्रीकांत रुपांशु ने 98.71परसेंटाइल अंक प्राप्त कर यह सफलता हासिल किया। आरव बर्णवाल के पिता विकास कुमार बैंगलोर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और उनकी माता दीपिका बर्णवाल गृहिणी है। आरव ने वर्ष 2023 में डीपीएस बैंगलोर से मैट्रिक की परीक्षा 97.4 प्रतिशत अंक के साथ सफल रहे जबकि 12 वीं की परीक्षा इस बार दिया है जिसका रिजल्ट अगले माह तक आयेगा,पहले प्रयास में ही आरव को यह सफलता मिली है। आरव ने बताया कि उसका लक्ष्य अब जेईई एडवांस क्रैक कर देश के टॉप आई आईटी कॉलेज में पढने के इच्छुक है। वहीं श्रीकांत रुपांशु के पिता शिवशंकर रुपांशु सहायक अध्यापक हैं जबकि माता आरती देवी गृहणी है ,इसने सरिया डीएवी से वर्ष 2022 में 94 प्रतिशत अंक लाकर मैट्रिक पास किया था जबकि 12 वीं की परीक्षा वर्ष 2024 में 95 फीसदी अंक लाकर सफल हुए थे ।इसके बाद ये इंजीनियरिंग की परीक्षा की तैयारी में लगे हुए थे और अंततः सफलता हासिल कर ली। श्रीकांत ने बताया कि अब वह जेईई एडवांस में अच्छे अंकों से सफलता हासिल कर मुम्बई, रुडकी या खडगपुर आईआईटी कॉलेज में प्रवेश पाने के इच्छुक हैं। इस सफलता को लेकर संत मैरी पब्लिक स्कूल के निर्देशक पियूष कुमार सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बैजनाथ मंडल,बर्णवाल समाज के जिला अध्यक्ष संजय मोदी,अविनाश कुमार उर्फ रिंकू, डा.रामजी प्रसाद,आशीष तरवे,देवकुमार मोदी,एल.एन.पाण्डेय,परमानन्द बर्णवाल, निर्मल भारती,किशुन प्रसाद,निरंजनदेव शर्मा, सोनू मोदी समेत अन्य लोगों ने सफल छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

### रामगढ़ को चार विकेट से हराकर जमशेदपुर सेमी फाइनल में




**कोडरमा :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट में शनिवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में जमशेदपुर और रामगढ़ के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामगढ़ ने 44.3 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 183 रन बनाए। जिसमें सचिन कुमार ने 49 रन देवेश गोयल 43 रन और शुभम ने 21 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए जमशेदपुर की ओर से शिवम, युवराज, प्रभजोत ने दो-दो विकेट और समर तथा हुसैन ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी जमशेदपुर की टीम 35 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया। जमशेदपुर की ओर से अक्षय प्रताप ने 73 रन यशराज ने 25 रन और शिवम ने 24 रन की पारी खेली। गेंदबाजी करते हुए रामगढ़ की ओर से देवेश गोयल ने तीन विकेट आलोक टुडू ने दो विकेट और शिवम ने एक विकेट लिए ।बेहतर खेल के लिए जमशेदपुर के अक्षय प्रताप सिंह को मैन ऑफ द मैच रामगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय और कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू के हाथों दिया गया । मौके पर टीआरडीओ विकास कुमार रानू अंपायर मोहम्मद उज्जैर, आलोक पांडे उमेश सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, विशाल कुमार, अमन चंद्रवंशी, प्रकाश यादव, बंटी यादव, श्रवण कुमार, रोहितभारती राकेश, पांडे विकास, यादव जोगेंद्र कुमार, पीयूष कुमार, सहित अन्य मौजूद थे।

### उपप्रमुख राजनारायण सिंह पर प्राथमिकी दर्ज, लगा धोखाधड़ी और रंगबाजी का आरोप

**कोडरमा :** जिले के जयनगर थाना कांड संख्या 67/25 में प्राथमिक दर्ज की गई। जयनगर थाना अंतर्गत पहरीडीह निवासी उपप्रमुख राजनारायण और इनके दोनों भैया पर दिनांक 26/03/2025 को फर्जी दस्तावेज लगा कार धोखाधड़ी और रंगबाजी के आरोप में प्राथमिक केस इठर के धारा 308(2),338,336(4),340(2),318(4),352,351(2) के तहत केस दर्ज की गई। आवेदन के अनुसार महेंद्र सिंह अनिल सिंह दोनों पिता राम कृष्ण सिंह एवं राज नारायण सिंह पिता राम कृष्ण सिंह तीनों भाई आपस में मिल जुल कर फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर के आवेदक महादेव साव के दादा के नाम शोभा साव के जमीन को दिनांक 04/07/2024 को खाता नंबर 13 से प्लॉट नबर 270 रकवा 7 डिसमिल जमीन राजनारायण सिंह अपने नाम से केवाला करा लिया। जबकि उक्त खाता प्लॉट का जमीन राजनारायण सिंह के दादा अकलू सिंह दरबारी सिंह तथा लोचन सिंह सन 1957 को ही आवेदक के दादा शोभा साव पिता ठकुरी साव के पास ही बेच चुके है जिसका जमाबंदी अंचल कार्यालय के पंजी में भी दर्द है।

कार्यालय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलेबिरा, सिमडेगा

पत्रांकः– ............/कोलेबिरा, दिनांकः–.....................

**आवश्यक सूचना**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलेबिरा अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में वित्तीय वर्ष 2025–26 में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने हेतु ममता वाहन कि आवश्यकता है। जिसके लिए झारखण्ड सरकार स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव झारखण्ड रॉची के ज्ञापांक 74(5) दिनांक 18/01/2023 के आलोक में ममता वाहन को निम्न प्रकार भुगतान किया जाना है।

घर से अस्पताल जाने हेतु :–
पहला 06 कि0मी0.................................500/रूपया।
उसके बाद प्रति कि0मी0 ......................13/रूपया।

अस्पताल से घर जाने हेतु :–
प्रति कि0मी0 .....................13/रूपया।

वाहन का प्रकार निम्न प्रकार होना चाहिए।

1. वाहन चार चक्का निजी या व्यावसायिक पंजिकृत होना चाहिए।
2. वाहन में छः से आठ व्यक्ति बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए।
3. वाहन का सभी पेपर अद्यतन होना चाहिए।

इच्छुक वाहन चालक प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलेबिरा से संपर्क कर ममता वाहन हेतु समझौता (Agreement) फर्म कार्यालय अवधि में भर सकते है।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलेबिरा

PR 350644 Simdega (25-26)_D

# बहस में न्यायालय और उप राष्ट्रपति की चिंता

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह कहकर एक नई बहस को जन्म दिया है कि देश ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां जज कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम भी खुद ही करेंगे और सुपर संसद की तरह काम करेंगे। अनुच्छेद-142 न्यायपालिका के लिए न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को दरकिनार करने के लिए इसका उपयोग किया जा रहा है। उप राष्ट्रपति धनखड़ कानून के गहरे जानकार हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में प्रैक्टिस कर चुके हैं। उप राष्ट्रपति बनने से पहले प. बंगाल जैसे चुनौतीपूर्ण राज्य में उप राज्यपाल रह चुके हैं। उस दौरान उन्होंने संविधान का भी गहरा अध्ययन किया और राज्यपाल से लेकर राष्ट्रपति के अधिकारों को समझा और समझाया। ऐसे विद्वान उप राष्ट्रपति यदि न्यायपालिका पर ही कोई प्रश्न खड़ा कर रहे हैं तो उसके निहितार्थ समझने होंगे।

देश के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग कार्य निर्धारित हैं! यदि नियमों की बात की जाए तो भारत में विधायिका का काम कानून बनाना है, कार्यपालिका उन कानूनों को लागू करती है और न्यायपालिका कानून की व्याख्या करती है और विवादों का निपटारा करती है। इन तीनों के ऊपर है भारत का राष्ट्रपति, इसलिए ही वह (राष्ट्रपति) संघ का प्रमुख है और विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां राष्ट्रपति में ही निहित बताई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। वह न्यायालय के सम्मान में ही सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम की सिफारिश पर ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं। राष्ट्रपति के पास यह शक्ति भी है कि वह किस न्यायाधीश को उसके पद से हटाएं अथवा नहीं, यानी कि न्यायाधीशों को उनके पद से समय पूर्व या किसी भी अन्य कारण से हटाने का अधिकार भी राष्ट्रपति अपने पास रखते हैं। जब देश में किस भी मामले में कानून संबंधी सवाल खड़े होते हैं तब भी राष्ट्रपति के पास यह अधिकार सुरक्षित हैं कि वह तय करेंगे कि देश को किस ओर ले जाना है, इसके लिए राष्ट्रपति अदालत को निर्देशित भी कर सकते हैं। इतना सब होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए मृत्युदंड के फैसले में सिर्फ राष्ट्रपति अपनी शक्ति का उपयोग कर अपराधी को क्षमादान दे सकते हैं। फिर राष्ट्रपति के पास तीनों सेनाओं का सुप्रीम कमांडर होने की भी शक्ति है। इस तरह देखें तो भारत के राष्ट्रपति की अपार शक्तियां हैं, जिन्हें किसी भी न्यायालय की सीमा में नहीं बांधा जा सकता, क्योंकि वह उससे भी ऊपर है। भारतीय संविधान कहता है कि राष्ट्रपति देश का सबसे बड़ा पद है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट न्यायपालिका की सबसे बड़ी इकाई होने के नाते देश के राष्ट्रपति को सलाह दे सकता है, लेकिन राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट की सलाह को मानेंगे अथवा नहीं, यह राष्ट्रपति के विवेक पर छोड़ दिया गया है। यानी कि न्यायालय द्वारा दी गई किसी भी सलाह को मानना राष्ट्रपति के लिए स्पष्ट रूप से बाध्यकारी नहीं है।

कुल मिलाकर राष्ट्रपति में संपूर्ण राष्ट्र की शक्ति निहित है, अर्थात विधायिका, कार्यपालिका और न्यायालय तीनों की शक्ति राष्ट्रपति पद में निहित है। पर यहां व्यवहार में क्या हो रहा है? जिस राष्ट्रपति को विधायिका चुनती है, और यह विधायिका किसी भी लोकतंत्र शासन प्रणाली में उस लोक के एक-एक चुने हुए जन प्रतिनिधि से बनती है, उस विधायिका की शक्ति को ही न्यायालय आज खुद से संचालित करते हुए देखा जा रहा है। जिस विधायिका और कार्यपालिका के माध्यम से चुने हुए जनता के प्रतिनिधि जनतंत्र को संचालित करने का काम करते हैं, आज न्यायालय उस पर ही कई तरह से अंकुश लगाने का काम कर रहा है। वास्तव में इसी का यह सबसे बड़ा उदाहरण है जिसमें कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समयसीमा तय कर दी। वस्तुतः इसी पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्हें कहना पड़ा है कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। अब भले ही अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता हो कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। पर उसे भी यह सदैव याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए।

# डिग्री नहीं, दक्षता चाहिए- नई अर्थव्यवस्था की नई जरूरतें

**डॉ. सत्यवान सौरभ**




वर्तमान में उच्च शिक्षा प्रणाली उद्योग की तेजी से बदलती आवश्यकताओं से मेल नहीं खाती, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश स्नातक रोजगार के लिए अयोग्य माने जाते हैं।एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 45.9% स्नातक ही रोजगार योग्य हैं, जबकि तकनीकी क्षेत्र में भी यह आंकड़ा बहुत कम है। विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रमों को नियमित रूप से उद्योग के विशेषज्ञों से समीक्षा कराना चाहिए, ताकि छात्रों को भविष्य की नौकरी के लिए तैयार किया जा सके। इसके अलावा, शिक्षा में मानवीय मूल्यों, सॉफ्ट स्किल्स और सामाजिक उत्तरदायित्व के पहलुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए, जिससे छात्रों को न केवल पेशेवर, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी तैयार किया जा सके। विश्वविद्यालयों और उद्योगों के बीच अधिक समन्वय से भारत को एक अधिक सक्षम, समावेशी और प्रतिस्पर्धी कार्यबल मिल सकता है जो देश को 2047 तक एक विकासशील राष्ट्र बनने में मदद करेगा।

भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या वाला देश है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश एक वरदान बन सकता है, यदि हम इसे कुशलता, योग्यता और आधुनिक जरूरतों के मुताबिक तैयार करें। परंतु अफसोस कि हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली आज एक गहरे संकट से जूझ रही है। विश्वविद्यालयों में जो पढ़ाया जा रहा है और उद्योगों को जो चाहिए, इन दोनों के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। यह खाई केवल छात्रों की रोजगार क्षमता को ही नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को भी गंभीर रूप से बाधित कर रही है।

इंडिया स्किल्स रिपोर्ट- 2024 के अनुसार, भारत में केवल 45.9% स्नातक ही रोजगार के योग्य पाए गए। इसका अर्थ यह है कि हर दो में से एक छात्र, जिसने उच्च शिक्षा प्राप्त की है, वह नौकरी के लायक कौशल से लैस नहीं है। तकनीकी संस्थानों की स्थिति भी निराशाजनक है। नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 25% इंजीनियरिंग स्नातक ही आईटी सेक्टर में कार्य के लिए उपयुक्त पाए गए। यह स्थिति न केवल शिक्षा प्रणाली की विफलता है, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों के टूटने की त्रासदी भी है। इस समस्या की जड़ है, सैद्धांतिक और अकादमिक दृष्टिकोण वाली शिक्षा प्रणाली जो व्यावहारिक दुनिया की जरूरतों से कटी हुई है। विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम दशकों पुराना है, जो आज के डेटा-संचालित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-प्रेरित, नवाचार-प्रधान उद्योग की जरूरतों से मेल नहीं खाता।

आज की नौकरियाँ पहले जैसी नहीं रहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन इन उभरते क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों में जरूरी बदलाव नहीं हो पा रहा है। उदाहरणस्वरूप, आईआईटी हैदराबाद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक प्रोग्राम शुरू किया है, जो कि एक दूरदर्शी कदम है। लेकिन अधिकांश विश्वविद्यालय अब भी पुरानी पाठ्य पुस्तकों और व्याख्यानों पर निर्भर हैं। यह स्थिति केवल तकनीकी पाठ्यक्रमों की नहीं है। वाणिज्य, मानविकी, समाजशास्त्र, मीडिया, कानून और अन्य विषयों में भी छात्रों को भविष्य की जरूरतों से लैस नहीं किया जा रहा है। परिणामस्वरूप वह न तो नौकरी के लिए तैयार होते हैं, न ही नवाचार या उद्यमिता की दिशा में सोच पाते हैं।

इस संकट का समाधान केवल एक तरफा नहीं हो सकता। इसके लिए नीति, संस्थान और उद्योग, इन तीनों को एक साथ आगे आना होगा। हर 2-3 वर्षों में उद्योग विशेषज्ञों की मदद से पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विषयवस्तु समय के साथ प्रासंगिक बनी रहे। शिक्षकों को उद्योगों में इंटर्नशिप या एक्सपोजर दिया जाए ताकि वे छात्रों को वर्तमान परिदृश्य के अनुरूप शिक्षा दे सकें। सभी विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रम में औद्योगिक इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स और केस स्टडी आधारित मूल्यांकन शामिल करना चाहिए। तकनीकी और मानवीय विषयों का समावेशः केवल तकनीकी कौशल नहीं, बल्कि सॉफ्ट स्किल्स, संवाद क्षमता, टीमवर्क, सहानुभूति और नेतृत्व जैसे तत्वों का भी विकास किया जाना जरूरी है। कंपनियाँ विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर रिसर्च लैब्स, इनोवेशन हब और स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करें, जैसा कि आईआईटी मद्रास का रिसर्च पार्क इसका उदाहरण है।

भारत को यह समझना होगा कि अकेले तकनीकी शिक्षा से संपूर्ण विकास संभव नहीं। हमें वैश्विक मॉडलों से सीखना चाहिए। जर्मनी का "ड्यूल एजुकेशन सिस्टम" एक शानदार उदाहरण है, जहाँ सिद्धांत और व्यवहार का समन्वय छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करता है। इसी प्रकार, अमेरिका में सामुदायिक कॉलेजेज और स्टार्टअप एक्सेलरेटर शिक्षा को उद्योग से जोड़ते हैं। सिंगापुर जैसे देश में हर तीन साल में कौशल समीक्षा होती है और शिक्षा उद्योग के सहयोग से चलती है। भारत को भी एक ऐसा ही "डायनामिक करिकुलम फ्रेमवर्क" अपनाने की जरूरत है। हालांकि इस दिशा में कदम उठाने के अपने खतरे भी हैं। यदि हम शिक्षा को केवल उद्योग की आवश्यकता तक सीमित कर दें तो हम भविष्य के नागरिक नहीं, केवल कर्मचारी तैयार करेंगे। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति हो सकती है। अत्यधिक व्यावसायिकता छात्रों की रचनात्मकता और नैतिक सोच को कुंद कर सकती है। साहित्य, दर्शन, समाजशास्त्र जैसे विषयों को अगर 'गैर-उपयोगी' मानकर नजरअंदाज किया गया तो शिक्षा अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएगी।लगातार पाठ्यक्रमों में बदलाव, तकनीकी उन्नयन और उद्योग सहभागिता विश्वविद्यालयों के लिए महंगा साबित हो सकता है, जिससे ग्रामीण और वंचित तबकों की पहुंच सीमित हो सकती है।

भारत सरकार ने स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, ह्यमेक इन इंडिया और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न जैसी योजनाएँ चलाई हैं। इन अभियानों की सफलता तभी संभव है, जब उच्च शिक्षा प्रणाली कुशल, समावेशी और उद्यमशील मानव संसाधन तैयार करें। यह तभी हो सकेगा जब विश्वविद्यालय शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ने की रणनीति राष्ट्रीय प्राथमिकता बने। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 ने इस दिशा में कुछ सकारात्मक संकेत दिए हैं, जैसे लचीलापन, मल्टीडिसिप्लिनरी दृष्टिकोण और स्किल आधारित शिक्षा की बात। लेकिन जमीनी स्तर पर इन सुधारों को पूरी तरह लागू करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, वित्तीय निवेश और संस्थागत समन्वय की आवश्यकता है।

भारत अगर 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहा है तो हमें अपने विश्वविद्यालयों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा। इसका अर्थ है कि शिक्षा प्रणाली को उद्योग की आवश्यकताओं से इस प्रकार जोड़ना कि वह केवल नौकरी के लिए नहीं, नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक नेतृत्व के लिए भी तैयार करे। यह संरेखण केवल तकनीकी प्रशिक्षण तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसमें नैतिकता, सहानुभूति, संवाद और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को भी सम्मिलित करना होगा। तभी हम एक ऐसा भारत बना पाएँगे जो केवल आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं, बल्कि बौद्धिक रूप से भी सक्षम, सामाजिक रूप से समावेशी और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा।

**(लेखक एक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# संघ शताब्दी वर्ष - राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनमोल योगदान

**दीपक कुमार त्यागी**

देश व दुनिया में प्रसिद्ध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय निर्माण की विचारधारा के दम पर अपनी विशेष पहचान रखता है। यह देश व दुनिया का एक ऐसा संगठन है जो अपनी विशेष कार्यशैली के दमखम पर दुनिया में सनातन धर्म-संस्कृति के रक्षक तौर पर और एक बहुत बड़े सामाजिक संगठन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। संघ वर्ष 2025 में स्थापना का 100वां वर्ष धूमधाम से मना रहा है और वह दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि संघ भारत का एक ऐसा संगठन है जो अपनी स्थापना के दशकों के बाद भी अपनी विचारधारा व उद्देश्यों से जरा भी नहीं भटका है, वह आज भी अपनी विचारधारा पर पूरी तरह से कायम है।

मां भारती के सपूत स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने जंगें आजादी के दौर में विजयदशमी के पावन पर्व के दिन 27 सितंबर 1925 को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना देश, संस्कृति व समाज हित के कार्यों को करने के उद्देश्य से की थी। इस संकल्प के चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना काल से लेकर के आज तक देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करने में निरंतर लगा हुआ है। वैसे निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो संघ के द्वारा किए गए कार्यों ने करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हुए गुलामी की जंजीरों को तोड़ कर के आजाद हुए भारत देश के निर्माण में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सकारात्मक योगदान देने का कार्य किया है। अपने शीर्ष नेतृत्व के सशक्त राष्ट्र, सभ्य समृद्धशाली समाज निर्माण के ओजस्वी विचारों के चलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्र निर्माण व सनातन धर्म की रक्षा करने में अनमोल योगदान रहा है। जिस योगदान को हम लोग आज भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में आसानी से देख सकते हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए संघ ने देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर दिन-रात एकजुट होकर के काम किया है।

हालांकि देश की आजादी के संघर्ष के दौर से लेकर आजाद भारत तक में भी चंद राजनेताओं के क्षणिक राजनैतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा से ऐसे लोगों के निशाने पर रहा है। ऐसी स्थिति के चलते ही राष्ट्र की आजादी व सशक्त राष्ट्र निर्माण की यात्रा में संघ के स्वयंसेवकों के अनमोल योगदान को दशकों तक सत्ता व सिस्टम में बैठे कुछ लोगों द्वारा अनदेखा किया गया। देश के चंद राजनेताओं ने धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए संघ को बदनाम करने का कार्य तक भी किया है। यह सब आज भी उनके अनुयायियों के द्वारा जारी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कुछ राजनेताओं के द्वारा पैदा की गयी नकारात्मक स्थिति के बाद भी राष्ट्र व समाज हित के लिए अपना कार्य हमेशा निस्वार्थ भाव से करना जारी रखा और कभी भी संघ के इन स्वयंसेवकों ने इन कार्यों का श्रेय लेने तक का भी प्रयास नहीं किया।

हालांकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामने राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रस्त सरकारों के दौर में शासन व प्रशासन के द्वारा बार-बार विकट स्थिति उत्पन्न करने के बावजूद संघ के स्वयंसेवकों ने कभी भी हिम्मत नहीं हारी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्थापना काल के दौर से ही राष्ट्र निर्माण, एकता और सांस्कृतिक जागरण के दीप को प्रज्ज्वलित करते हुए समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक गौरव बढ़ाने पर जोर दिया है। जंगें आजादी के दौर में संघ ने जहां लोगों को राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत करने का कार्य बखूबी किया था, वहीं आजाद भारत में संघ ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास करते हुए एकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य निरंतर किया। देश के दूरदराज इलाकों तक में भी अपनी 55000 शाखाओं व करोड़ों स्वयंसेवकों के माध्यम से पहुंच कर संघ ने देश के युवाओं के एक बहुत बड़े वर्ग को अनुशासन में रहना सिखाते हुए, उनमें नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का कार्य बखूबी कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ कार्यों की बानगी देखें तो जंगें आजादी के दौर में संघ ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में योगदान देते हुए, समाज में राष्ट्रीय चेतना के भाव को जागृत करने का काम बखूबी किया था। संघ ने वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान पाकिस्तान से आए हुए विस्थापितों की बढ़-चढ़कर के सहायता करते हुए, उन लोगों के जान-माल की सुरक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य किया। संघ के स्वयंसेवकों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए महामारी के दौर में लोगों की बढ़-चढ़कर के मदद की। संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठनों ने समय-समय पर देश के विभिन्न हिस्सों में आयी प्राकृतिक आपदाओं (भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, चक्रवाती तूफान आदि), युद्ध और अन्य राष्ट्रीय संकटों के समय हमेशा राहत व बचाव के कार्यों में बढ़-चढ़कर के सक्रिय भूमिका निभाई।

आज के व्यवसायिक दौर में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए विभिन्न संगठन जैसे विद्या भारती, सेवा भारती जैसे संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कार्यरत हैं। विद्या भारती जैसे संघ के संगठनों ने भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य पूरे देश में चला रखा है। देश में हजारों स्कूलों के माध्यम से लाखों छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा निरंतर प्रदान की जा रही है। शिक्षा के माध्यम से नैतिकता, देशभक्ति और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों को युवा पीढ़ी में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। आज देश में 86 प्रांतीय एवं क्षेत्रीय समितियाँ विद्या भारती से सम्बद्ध हैं। जिसके अंतर्गत 30,000 शिक्षण संस्थाओं में 9,00,000 शिक्षकों के मार्गदर्शन में 45 लाख छात्र-छात्राएं शिक्षा एवं संस्कार ग्रहण कर रहे हैं। इनमें से 49 शिक्षक प्रशिक्षक संस्थान एवं महाविद्यालय, 2353 माध्यमिक एवं 923 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 633 पूर्व प्राथमिक एवं 5312 प्राथमिक, 4164 उच्च प्राथमिक एवं 6127 एकल शिक्षक विद्यालय तथा 3,679 संस्कार केंद्र हैं। आज देश के विभिन्न हिस्सों के नगरों और ग्रामों में, वनवासी और पर्वतीय क्षेत्रों में झुग्गी-झोंपड़ियों में, शिशु वाटिकाएं, शिशु मंदिर, विद्या मंदिर, सरस्वती विद्यालय, उच्चतर शिक्षा संस्थान, शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र और शोध संस्थान हैं। देश में इन सरस्वती मंदिरों की संख्या अब भी निरंतर बढ़ रही है और आज विद्या भारती भारत में सबसे बड़ा गैर सरकारी शिक्षा संगठन बन चुका है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत का वर्ष 1962 में चीन से हुए युद्ध में एक बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जिससे प्रभावित होकर संघ को वर्ष 1963 के गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने का निमन्त्रण तक दिया था। संघ ने देश मे तेजी से चल रहे धर्मांतरण की आंधी को रोकने का कार्य किया है व सामाजिक समरसता और सुधार के लिए निरंतर कार्य जारी है। देश के आदिवासी क्षेत्रों में जिस तरह से तेजी से धर्मांतरण करने का जाल बिछाया गया, संघ के स्वयंसेवकों ने जान की बाजी लगाकर उसको काफी हद तक रोकने का कार्य किया है। संघ ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को कम करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए बहुत सारे अभियान चलाए है। यह समाज के सभी वर्गों को एकजुट करने पर जोर देता है। आदिवासी और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए वनवासी कल्याण आश्रम जैसे संघ के संगठन कार्यरत हैं।

## सूडोकू नवताल- 7406

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकू नवताल -7405 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के बाद अब ब्लॉकचेन वोटिंग सिस्टम की सुगबुगाहट

**डॉ. राघवेन्द्र शर्मा**

वैश्विक स्तर पर स्थापित सत्य है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। एक ऐसा देश जहां लगभग डेढ़ अरब लोग निवास करते हैं। जनसंख्या के लिहाज से यह इतना बड़ा आंकड़ा है कि भारत का एक-एक शहर अपने भीतर एक से अधिक राष्ट्र समाहित कर लेने की हद तक फैला हुआ है। फिर भी हमारे देश के नागरिक बेहद आधुनिक चुनाव पद्धति के माध्यम से ग्रामीण, शहरी, जनपदीय, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भली भांति हर प्रकार की सरकारों का गठन लोकतांत्रिक प्रणाली से कर रहे हैं। आज जब स्वयं को विकासशील और विकसित कहने वाले अनेक राष्ट्र मतपत्र आधारित चुनाव प्रणाली में ही उलझे हुए हैं,तब हमारा भारत देश अत्याधुनिक चुनाव प्रक्रिया का इस्तेमाल करते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तक का सफर तय कर चुका है। एक जमाना ऐसा था जब हमारे यहां भी मतपत्र प्रणाली पर आधारित चुनाव प्रक्रिया व्यवहार में लाई जाती थी। लेकिन इस देश ने और देश के चुनाव आयोग ने मतपत्र प्रणाली पर आधारित चुनाव प्रक्रिया अपनाते हुए अनेक प्रतिकूल, बेहद खतरनाक परिणाम भी देखे। कई दशकों तक येन केन प्रकारेण सत्ता पर काबिज बने रहने अथवा सत्ता पर काबिज होने के लिए मतदान प्रणाली की सात्विकता का हरण किया जाता रहा। जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर अनेक अवसरवादी, सत्ता लोलुप और नैतिकता से लगभग नाता तोड़ चुके घाघ राजनेता बूथ कैप्चरिंग करते रहे। नकली मत पेटियों से असली मत पेटियां बदली जाती रहीं। चुनावी टीम को एक प्रकार से अपहृत करते हुए मनपसंद उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह पर यंत्रवत ठप्पे लगाए जाते रहे। इस पाप पूर्ण कृत्य का विरोध करने पर जागरूक मतदाताओं, चुनाव कराने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों, पत्रकारों को मौत के घाट उतारा जाता रहा। फल स्वरुप एक समय ऐसा भी आया जब गांव की पंचायत से लेकर देश की लोकसभा तक, विभिन्न सदनों में, बाहुबल के बल पर जीत कर आए, आपराधिक पृष्ठभूमि के जनप्रतिनिधियों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ गई। जब देश के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न चुनाव रक्त रंजित होने लगे, तब देश के प्रबुद्ध वर्ग को चिंता हुई? यह विमर्श किए जाने लगे कि ऐसा क्या किया जाए, जिससे चुनाव में रक्तपात ना हो। निर्वाचित होकर भी वही लोग सदन में पहुंचे मतदाता जिन्हें स्वेच्छा से चुनना चाहते हों। तब देश के सामने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का विकल्प सामने आया। तमाम अध्ययनों के बाद, कोई खामी शेष न रह जाए यह सुनिश्चित करने के बाद, अपराधी किस्म के नेता बूथ कैप्चरिंग ना कर पाएं यह संतुष्टि करने के बाद, अंततः देश ने ईवीएम यानि कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आधारित चुनाव प्रणाली को अपना लिया। इस प्रकार वर्ष 1982 में केरल राज्य के उत्तरी परावुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में पहली बार ईवीएम आधारित चुनाव प्रणाली का इस्तेमाल किया गया। यह चुनाव उम्मीद से कहीं आगे जाकर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदान के परिणाम भी पारंपरिक मत पत्रों पर आधारित चुनाव प्रणाली की अपेक्षा बहुत जल्दी प्राप्त हो गए। अपवाद स्वरूप प्राप्त बेहद सीमित आपत्तियों के अलावा कोई उल्लेखनीय खामी सामने नहीं आई, जिसके चलते इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आधारित चुनाव प्रणाली को बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने का निर्णय लिया गया। बाद में जब विधानसभाओं और लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का प्रयोग शुरू हुआ तो इसकी पारदर्शिता और सात्विकता पर अनेक उंगलियां उठीं। फल स्वरुप देश के चुनाव आयोग ने राज्यसभा, लोकसभा, विभिन्न प्रांतो की विधानसभाओं के अलावा कलेक्टरेटों में, और जहां तक संभव हो सकता था वहां तक इन मशीनों का प्रदर्शन किया। सभी स्तर के आम और खास लोगों को इसकी प्रक्रिया बताई व दिखाई गई। साथ में शिकायतें सुझाव एवं आपत्तियां मंगाई गईं। हर एक शिकायत, आपत्ति और सुझाव पर बारीकी से विचार विमर्श हुआ। जो सुझाव उचित लगे उन्हें व्यवहार में लाया गया। जिन शिकायतों अथवा आपत्तियों में तार्किकता दिखाई दी, उन्हें पूरी ईमानदारी से निराकृत किया गया। जब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सात्विकता, उनकी पारदर्शिता को लेकर व्यापक स्तर पर संतुष्टि काबिज हो गई, तब कहीं जाकर इस चुनाव प्रणाली को वृहद स्तर पर व्यवहार में लाया गया। यह बात और है कि चुनाव में मुंह की खाने वाले राजनेता और राजनीतिक दल, जीतने वाले सत्ताधारी दल पर और चुनाव आयोग पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में धांधलियां करने के आरोप मढ़ते रहे। लेकिन वह लोग कभी भी कोई तार्किक तथ्य सामने ना रख सके, जिससे उनके आरोपों को सही न माना गया। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आधारित चुनाव प्रणाली भली भांति चुनावी दायित्वों का निर्वहन कर रही है। सब कुछ ठीक-ठाक होने के बावजूद केवल चुनाव आयोग ही नहीं, अपितु देश इस बात को लेकर चिंतित है कि हमारे यहां मतदान का प्रतिशत अपेक्षाकृत अभी कम ही बना हुआ है। इस समस्या को लेकर जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उनके मुताबिक देश के नागरिक बार-बार के चुनावों से तंग आ चुके हैं। बात सही भी है, कोई साल और महीना ऐसा नहीं बीतता जब देश के किसी प्रांत, जिले, नगर, जनपद अथवा गांव में चुनाव संपन्न ना होता हो। परिणाम स्वरूप आम आदमी तो बार-बार के चुनावों से तंग तो आया ही, चुनावी आचार संहिता के बने रहने से विकास कार्य भी प्रभावित बने रहते हैं। आम आदमी के साथ-साथ विकास की गति को इस मुसीबत से छुटकारा दिलाने के लिए ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक राष्ट्र एक चुनाव की पुरजोर वकालत कर रहे हैं। यदि यह चुनाव प्रणाली देश में लागू होती है तो फिर आम आदमी को विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु बार-बार मतदान केंद्रों पर नहीं भटकना पड़ेगा।

## दैनिक पंचांग

**20 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मेष में |
| चंद्र | धनु में |
| मंगल | कर्क में |
| बुध | मीन में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मेष | 05.16 बजे से |
| वृष | 07.00 बजे से |
| मिथुन | 08.58 बजे से |
| कर्क | 11.12 बजे से |
| सिंह | 13.28 बजे से |
| कन्या | 15.40 बजे से |
| तुला | 17.51 बजे से |
| वृश्चिक | 20.05 ब.से |
| धनु | 22.21 बजे से |
| मकर | 00.26 बजे से |
| कुंभ | 02.13 बजे से |
| मीन | 03.46 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 110 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 19.01 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 11.49 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 00.13 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 06.47 बजे तदनन्तर बव 19.01 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 11° 32' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872320 **जूलियन दिन** 2460785.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 21 **विशेष** कालाष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 | बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 | बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| शुभ | 05.36 से 07.09 | बजे तक |
| अमृत | 07.09 से 08.41 | बजे तक |
| चर | 08.41 से 10.14 | बजे तक |
| रोग | 10.14 से 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.19 | बजे तक |
| लाभ | 01.19 से 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.51 से 04.24 | बजे तक |
| शुभ | 04.24 से 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक घायल

**साहिबगंज :** कोटालपोखर थाना क्षेत्र के श्रीकुंड बिंदुपाड़ा पथ पर स्थित दिलावरपुर सड़क के मोड़ पर शुक्रवार की देर शाम मोटरसाइकिल हादसे में तिलडंगा निवासी जावेद शेख 35 वर्षीय मोटरसाइकिल का संतुलन खोने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसे ग्रामीणों ने स्थानिक चिकित्सक के पास ले जाकर प्राथमिकी इलाज कराया, चिकित्सक के द्वारा स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे फरक्का ले गया। उक्त व्यक्ति का सर में गंभीर चोट लगी है।

### बांझी गोली कांड की 40वां शहादत दिवस मनाया गया

**साहिबगंज/बोरियो :** बांझी गोली कांड का 40वां शहादत दिवस पर बांझी स्थित शहीदों के स्मारक स्थल पर शनिवार की दिन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पूर्व मुखिया स्टीफन मुर्मू ने बताया कि सवैया स्थित फादर एंथोनी मुर्मू मेमोरियल स्कूल में दोपहर 3 बजे श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। उससे पहले सवैया के फादर एंथोनी मुर्मू मेमोरियल स्कूल में ग्राम सभा, पेसा एक्ट, पंचायती राज अधिनियम समेत अन्य सामाजिक मुद्दों पर पारंपरिक ग्राम प्रधानों के साथ विचार गोष्ठी बैठक किया गया। दोपहर 2:00 बजे से 3:00 तक बांझी गोली कांड शहीदों के नाम से संथालों का संस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। मौके पर श्रद्धांजलि देने राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा, लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू, पूर्व विधायक सह झामुमो नेता ताला मरांडी सहित सभी शहीदों के परिजन सहित कई अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में दंपति समेत दो बच्चे घायल, ट्रक जब्त

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के करसो स्थित एनएच-33 पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। करसो निवासी 48 वर्षीय महेंद्र गोप अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बाइक से बरही जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में महेंद्र गोप, उनकी 37 वर्षीय पत्नी चिंता देवी, 11 वर्षीय पुत्री रूपाली कुमारी और 6 वर्षीय पुत्र सागर राज घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की व्यवस्था कर सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने महेंद्र गोप और उनकी पत्नी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं रूपाली और सागर को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। अस्पताल कर्मियों के अनुसार चिंता देवी के पैर में गंभीर चोट आई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बरही पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त ट्रक को जब्त कर थाना ले आई। बरही थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लातेहार में सिलेंडर बम बरामद

**लातेहार:** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को गारू थाना क्षेत्र के साल्वे जंगल में सर्च अभियान चला कर सिलेंडर बम बरामद किया। बाद में सिलेंडर बम को बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सलियों के द्वारा साल्वे जंगल में विस्फोटक लगाया गया है। सूचना के बाद जिला पुलिस और सीआरपीएफ की टीम के जरिये संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाई गई।

# 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर अधिकतम 15 प्रतिशत की मिलेगी छूट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले के प्रशासक, नगर परिषद पाकुड़ अमरेन्द्र कुमार चौधरी के द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत पाकुड़ क्षेत्र अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर करदाताओं को वित्तीय वर्ष 2025-26 के कर में अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है जो निम्न प्रकार है :- सभी कर दाताओं को 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है। इसके अतिरिक्त (1) होल्डिंग महिला के नाम होने से 5 % की छूट, (2) वरिष्ठ नागरिक होने से 5 % की छूट (3) स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 % की छूट, (4) आर्मी, ट्रांसजेंडर होने पर 5 % की छूट एवं (5) विकलांग होने पर 5 % की छूट, साथ ही यह छूट केवल आवासीय घृतियो पर लागू होगी।

यदि आप बिना कार्यालय गए होल्डिंग टैक्स भरना चाहते हैं तो आप ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भी भर सकते हैं इसके लिए आपको विभाग के वेबसाइट पर जमा कर सकते हैं जिसमें आपको 5 % की छूट का प्रावधान है। ऑनलाइन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना नगर परिषद चयन करना होगा इसके बाद वार्ड नंबर व होल्डिंग नंबर डालते ही भुगतान का विकल्प आ जाएगा। इसमें क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड से पेमेंट कर सकेंगे।

वहीं जून के बाद बकाया टैक्स पर प्रतिमाह एक % की दर से ब्याज देना होगा।

## कालाजार प्रभावित गांव में रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/हिरणपुर :** ज़िले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को बरमसिया पंचायत के बडा. केंदवा कालाजार प्रभावित गांव में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कालाजार, फाइलेरिया से संबंधित लघु फिल्म दिखाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कालाजार संक्रमित मादा बालू मक्खी के काटने से फैलता है और यह बालू मक्खी घरों के अंदर फटी हुई दीवार, गोहाल, पूजा घर, अंधेरी जगह, नमी जगह पर रहते हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि सभी अच्छी तरह से अपने घरों में पूर्ण रूप से छिड़काव करवाएंगे, घरों से निकालने योग्य सामान को निकाल कर अच्छी तरह से छिड़काव करवाना बहुत ही जरूरी है। रात्रि चौपाल में बरमसिया पंचायत के मुखिया, ग्राम प्रधान, बड़ा केंदुआ की सेविका, सहिया, जेएसएलपीएस दीदी, सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, अनीश कुमार एवं सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में बुजुर्ग ने महिला पर चलाई गोली, गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** जिले के पाटन थाना क्षेत्र के बैदा कला में जमीन विवाद में फायरिंग कर दी गयी। 65 साल के बुजुर्ग ने महिला पर गोली चला दी। हालांकि महिला बाल बाल बच गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग नरेंद्र कुमार मेहता को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक कारतूस, दो खाली खोखा और तलवार बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खेत को लेकर नरेंद्र कुमार मेहता एवं बिरजू मेहता, दामोदर महतो बालकेश महतो के बीच विवाद है। शनिवार को बालकेश महतो की पत्नी खेत में गेहूं की फसल काट रही थी, जिसे देख नरेंद्र महतो अपने एक हाथ में तलवार और एक हाथ में देसी कट्टा लेकर मौके पर पहुंच गया । फसल नहीं काटने की चेतावनी दी। महिला द्वारा अनसुना करने पर आक्रोशित होकर नरेंद्र महतो ने देसी कट्टे से फायर कर दी। महिला अपनी जान बचाकर भाग खड़ी हुई। थाना प्रभारी सह प्रभारी इंस्पेक्टर लालजी सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 7.40 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि बैदाकला गांव में जमीन विवाद को लेकर फायरिंग की जा रही थी। थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बैदाकला गांव के आहर के पास एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम नरेन्द्र कुमार महतो बताया। वह 65 वर्षीय है और बैदाकला का रहने वाला है। तलाशी में उसके पास से एक देशी कट्टा, एक कारतूस, दो खाली खोखा और एक तलवार बरामद हुई। आरोपित के पास हथियारों के कोई वैध कागजात नहीं मिले। उसने इस बारे में कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया। पुलिस ने सभी हथियार जब्त कर लिए हैं। पुलिसकर्मी अमरेन्द्र कुमार की शिकायत पर पाटन थाने में आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बाबा गोपीनाथ महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार पर निकाली कलश शोभा यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड के मिजाचौकी बाजार के चौधरी पट्टी में बाबा गोपीनाथ महादेव मंदिर का पुनः स्थापना को लेकर शनिवार को मंदिर पूजा समिति के नेतृत्व में 551 कलश के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं एवं बच्चों ने माथे पर कलश लिए भगवान शिव एवं माता पार्वती की जयकारा लगा रहा था, साथ ही भगवान शिव के भक्ति गीतों पर झूम रहा था। वही कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर जयकारा लगा रहा था। कलश शोभायात्रा शनिवार सुबह लगभग 8:00 बजे स्टेशन चौक बाबा गोपीनाथ महादेव मंदिर से निकलकर महादेवरन मंदिर से जल भरकर मिजाचौकी बाजार महादेवरन, नीमगाछी सहित अन्य जगहों का भ्रमण किया और अंत में सभी कलश को मंदिर प्रांगण में रखकर विधिवत पूजा अनुष्ठान प्रारंभ कराया गया। पूजा अनुष्ठान संपन्न करा रहे पुरोहित राजेश बाबा एवं मुरारी बाबा ने बताया कि पहले दिन वैदिक पूजा, जलाधिवास अन्न सैया सहित आरती वगैरह का कार्यक्रम आयोजित होगा। रविवार दोपहर बाद 2:00 बजे से माता पार्वती, भगवान गणेश, नंदी, बजरंगबली, एवं श्री हरिनारायण का प्रतिमा को गाजियाबाद के साथ नगर भ्रमण कराया जाएगा। वहीं सोमवार को सभी प्रतिमाओं को प्राण प्रतिष्ठा कराते हुए विधिवत पूजा अर्चना के साथ 24 घंटे का हरिनाम कीर्तन का आयोजन किया जाएगा उसके बाद अगले दिन भंडारा का भी आयोजन होगा। मौके पर कलश यात्रा को सफल बनाने में बालेश्वर भगत, राजीव जायसवाल, गुड्डू चौधरी, शंभू जयसवाल, बद्री भगत, पिंकू चौधरी, धीरज चौधरी, मिथिलेश भगत, कपिल मुनि भगत, अजय जायसवाल, मुन्ना चौधरी, सुनील भगत, बलिराम भगत, सहित मंदिर समिति के अन्य लोगों का सहयोग रहा।

## नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन, 85 रोगियों की हुई जांच



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शनिवार पुराना सदर अस्पताल में नेत्र जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 85 रोगियों की आंखों से संबंधित विभिन्न समस्याओं की जांच की गई। शिविर का आयोजन समुदाय में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आंखों की बीमारियों का समय रहते पता लगाने के उद्देश्य से किया गया था। शिविर के दौरान जांच में 19 रोगियों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें आगे की सर्जरी हेतु सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर किया गया। वहीं शेष 66 रोगियों को अपवर्तक त्रुटियों, एलर्जी और संक्रमण जैसी सामान्य आंखों की समस्याओं के लिए आवश्यक प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। मौके पर उपस्थित चिकित्सकों ने मरीजों को नियमित नेत्र जांच की महत्ता और आंखों की देखभाल से संबंधित आवश्यक सुझाव भी दिए। इस स्वास्थ्य शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल वर्मा और उनकी सहायिका ललित मुर्मू ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। दोनों ने पूरे शिविर के दौरान सभी रोगियों की जांच कर उन्हें उचित सलाह और उपचार दिया। बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी ने शिविर की सफलता को दशार्या। इस तरह के शिविर न केवल आंखों से संबंधित समस्याओं के त्वरित निदान में सहायक हैं, बल्कि लोगों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति सजग करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# उपायुक्त हेमंत सती ने किया करम पहाड़ आदिवासी विद्यालय का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने आज करम पहाड़ स्थित पहाड़िया आदिवासी कल्याण विद्यालय एवं एनजीओ द्वारा संचालित आदिवासी जनजातीय आवासीय प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति कम पाई गई, जिस पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और इस संबंध में अभिभावकों से संवाद भी बढ़ाया जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में बने मॉड्यूलर किचन का भी जायजा लिया। उन्होंने पाया कि निर्माण के बाद भी किचन को संचालित नहीं किया जा रहा है, जिस पर संबंधित प्रधानाचार्य को फटकार लगाई गई और शीघ्र किचन संचालन प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, भोजन की गुणवत्ता और भंडार कक्ष में रखे खाद्यान्न की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में वर्षों पुराने और जर्जर भवन को अविलंब ध्वस्त करने के निर्देश दिए ताकि छात्रों की सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम न रहे। साथ ही प्रधानाचार्य को जिले में स्थापित साइंस सेंटर का विद्यार्थियों के साथ भ्रमण कराने का निर्देश दिया, जिससे बच्चों में वैज्ञानिक चेतना विकसित हो सके। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने एनजीओ द्वारा संचालित आदिवासी जनजातीय आवासीय प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा, स्वच्छता, भोजन एवं सुरक्षा से जुड़े पहलुओं में ध्यान केंद्रित किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की बात कही और पदाधिकारियों को समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में दो घायल, एक साहिबगंज रेफर



**साहिबगंज/राजमहल :** राजमहल मुख्य मार्ग पर ढेरगामा, मंगलहाट के पास शनिवार को दो मोटरसाइकिल चालक के बीच आमने-सामने की टक्कर में दोनों घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के कर्बला निवासी 60 वर्षीय जाकिर शेख मोटरसाइकिल से साहिबगंज की तरफ जा रहा था, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक के साथ आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जिसे राहगीरों एवं आसपास के लोगों की मदद से जाकिर शेख को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया। वहीं दूसरे घायल व्यक्ति को गंभीर स्थिति को देखते हुए साहिबगंज सदर अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया है। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### पुराने विवाद में मारपीट में तीन महिला घायल, पुलिस जांच में जुटी



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत शोभापुर दियारा के छोटू टोला में पुराने विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में एक पक्ष के तीन महिला घायल हो गई तीनों घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सक तबरेज आलम के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया बताया जा रहा है कि दो पक्षों में पुराने विवाद चल रहा था। शनिवार को गाड़ी पर पैसे छिटने को लेकर मारपीट हो गई। इस मारपीट की घटना में शोभापुर दियारा छोटू टोला निवासी राम महतो की 40 वर्षीय पत्नी सुलेखा देवी,शोभापुर छोटू टोला निवासी स्वर्गीय राजकुमार सिंह की 43 वर्षीय पत्नी मुनिया मोसमात व शोभापुर छोटू टोला निवासी शंभू प्रसाद सिंह की 19 वर्षीय पुत्री सोम कुमारी घायल हो गई, तीनों घायल के सिर में गंभीर चोट लगी है। घायल सुलेखा देवी ने बताई की पुराने विवाद में शिव प्रसाद, सूरज कुमार, महावीर, छबर कुमार व रीना कुमारी ने घर पर चढ़कर मारपीट कर घायल कर दिया। इधर तीनों घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है।

### हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश शोभायात्रा निकाला गया



**साहिबगंज :** शनिवार की सुबह नौ बजे बड़ी कोदरजन्ना हनुमान मन्दिर चौक से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में 151 महिलाओ व लड़की ने भाग लिया। यह यात्रा बड़ी कोदरजन्ना चौक से महादेवगंज होते हुए पत्थर घाट पर जाकर जल को कलश मे विधि विधान पूर्वक पंडित के मार्ग दर्शन मे भरा। जिसके बाद यह यात्रा रेजा नगर, नाड़ी दियारा होते हुए धुम धाम से बड़ी कोदरजन्ना हनुमान मन्दिर चौक पर आकर कलश को रखा। इस कलश शोभा यात्रा मे सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वही गाजे बाजे के साथ यह कलश शोभा यात्रा भक्ति धुन में भक्तिमय हो गया। यह कार्यक्रम बड़ी कोदरजन्ना चौक पर बने हनुमान मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पंडित पुरोहितों के निदेर्शानुसार शुभ मुहूर्त में किया गया। वहीं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप पासवान, सदस्य लक्ष्मण साह, वीरेंद्र साह, ने बताया कि यह हनुमान जी का मन्दिर बहुत पुराना था, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा नहीं होने के कारण यह कार्यक्रम को कराया जा रहा है और 20 व 21 अप्रैल को 24 घंटे का अष्ट जाप भी होगा। जिसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

### कन्हैया इस्कॉन मंदिर पहुंचे यूएसए, रुस व ऑस्ट्रेलिया से कृष्ण भक्ति



**साहिबगंज :** भगवान श्रीकृष्ण की महिमा और उनकी लीलाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से शनिवार को इस्कॉन मंदिर से जुड़े रूस, यूएसए तथा ऑस्ट्रेलिया के छह कृष्ण भक्त शनिवार को कन्हैयास्थान इस्कॉन मंदिर पहुंचे। यहां भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का प्रचार-प्रसार करेंगे और लोगों को कृष्ण भक्ति के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सभी कृष्ण भक्त आसपास के गांवों में घूम-घूम कर मानव जीवन के मुख्य उद्देश्य को बता रहे हैं। शनिवार की दोपहर इन कृष्ण भक्तों की टोली जब कन्हैयास्थान मंदिर से निकलकर गांव में निकली तो ग्रामीण इनकी कृष्ण भक्ति को देखकर मंत्र मुग्ध हो गए। लोगों को श्रीमद भागवत गीता पढ़ने और भगवान की भक्ति करने को कहा है।

### धनबाद में पत्रकारों पर हमले की घटना की रामचरित्र सिंह ने की कड़ी निंदा

**धनबाद :** बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज केन्द्रीय कोषाध्यक्ष रामचरित्र सिंह ने धनबाद में समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों पर किए गए हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा की इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया है। श्री सिंह ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उन पर हमला केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात है। सरकार व जिला प्रशासन अबिलंब संज्ञान मे लेकर करवाई करते हुए दोषीयों को सजा देना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि हमले में शामिल दोषियों को अविलम्ब चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही साथ पत्रकारों की सुरक्षा की गारंटी दी जाय।

# इस्पात और एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय सुरक्षा के आधार पर लिया: अमेरिका

### भारत ने बचाव के लिए उठाया गया कदम नहीं माना, अमेरिका-भारत के बीच नए विवाद का मिल रहा संकेत

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन से कहा है कि इस्पात और एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया गया है। इस निर्णय को भारत ने बचाव के लिए उठाया गया कदम नहीं माना, जिससे अमेरिका के साथ भारत के बीच नए विवाद का संकेत मिल रहा है। अमेरिका ने 11 अप्रैल को भारत के साथ डब्ल्यूटीओ के बचाव समझौते के तहत परामर्श का अनुरोध किया था, लेकिन इसका जवाब नकारात्मक रहा। इस नए विवाद के बीच भारत और अमेरिका के बीच संवाद की मांग की जा रही है। अमेरिका ने इस्पात और एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय धारा 232 के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया है, जिससे उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा को दरकिनार किया जा सके।



यह निर्णय शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते के तहत सुरक्षा अपवाद के तहत रखा जा रहा है। भारत ने इस निर्णय को खारिज किया है और कहा है कि ये मूलतः बचाव के लिए उठाए गए कदम हैं, जिससे भारत के उत्पादकों को नुकसान हो सकता है। इस विवाद के हल के लिए भारत और अमेरिका के बीच वार्ता की ज़रूरत महसूस की जा रही है।

# ट्रंप के टैरिफ से आंध्र प्रदेश के झींगा व्यवसायी मायूस

### झींगे की कीमतों में 10-15 फीसदी की आ सकती है गिरावट

**मुंबई।**

डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने जब से जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की तो देश भर के झींगा प्रेमी सबसे अधिक मायूस हो गए। अमेरिका से करीब 13,000 किलोमीटर अधिक दूर आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के लक्ष्मीपुरम-पल्लीपलेम क्षेत्र के हरेभरे इलाके में एक बुजुर्ग झींगा किसान ने जवाबी शुल्क के बारे में कभी नहीं सुना था। लेकिन अब वह तेलुगु, टूटी-फूटी अंग्रेजी और हिंदी की मिलीजुली भाषा में ट्रंप शुल्क के प्रभाव को साफ तौर पर बता पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रंप मेरे झींगा कारोबार को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उनके जैसे तमाम झींगा किसानों को हाल के वर्षों में वायरस की मार झेलनी पड़ी थी। अब उन्हें अमेरिका में उच्च शुल्क का दंश महसूस हो रहा है क्योंकि इससे झींगे की कीमतों में 10-15 फीसदी की गिरावट दिख सकती है। उन्हें लगता है कि ट्रंप शुल्क उनकी पूरी कमाई को ही खत्म कर देगा। यह केवल एक किसान की ही कहानी नहीं है। आंध्र प्रदेश में 1.4 लाख से अधिक किसान और करीब 20 लाख लोग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर जलीय कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। राज्य में यह क्षेत्र करीब 2.12 लाख हेक्टेयर में फैला हुआ है जहां मछली के साथ-साथ झींगे का भी पालन किया जाता है। हालांकि अमेरिका को केवल 50 से कम काउंट की सीमा में सिर्फ श्रिम्प किस्म का ही निर्यात किया जाता है, लेकिन 100, 90, 80, 70 और 60 काउंट वाली अन्य किस्मों की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई है। इन किस्मों को मुख्य तौर पर चीन, यूरोप, दक्षिण पूर्व एशिया, जापान एवं अन्य एशियाई बाजारों में भेजा जाता है।

# 2000 से ज्यादा के यूपीआई पर जीएसटी नहीं लगाएगी सरकार: वित्त मंत्री

### सोशल मीडिया में चल रही खबरें झूठी और भ्रामक

**नई दिल्ली।**

पिछले वित्तवर्ष में यूपीआई ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड 260.56 लाख करोड़ रुपये पहुंचने के उत्साहजनक खबरों के बीच लोगों को जैसे ही पता चला कि सरकार 2,000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर जीएसटी वसूलने की तैयारी कर रही है, सब निराश हो गए। सोशल मीडिया पर इसे लेकर यूजर्स की नाराजगी साफ दिखने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि वित्त मंत्रालय को खुद आकर पूरी बात बतानी पड़ी।वित्त मंत्रालय ने स्पष्टीकरण जारी कर बताया कि 2,000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की सरकार की कोई मंशा नहीं है। सोशल मीडिया में चल रही इस तरह की खबरें पूरी तरह झूठी, भ्रामक और बिना किसी आधार के वायरल हो रही हैं। साफ कर दिया है कि यूपीआई पर किसी भी तरह का जीएसटी नहीं वसूला जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने आगे कहा कि कुछ उपकरणों के जरिये भुगतान जैसे क्रेडिट कार्ड आदि पर लगने वाले मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) पर ही जीएसटी लगाया जाता है। वित्त




मंत्रालय ने बताया कि जनवरी 2020 से केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने व्यक्ति-से-व्यापारी यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर हटा दिया है. चूंकि, वर्तमान में यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर नहीं लगाया जाता है, लिहाजा इस तरह के लेनदेन पर कोई जीएसटी लागू नहीं होता है।

मंत्रालय ने अपने स्पष्टीकरण में बताया है कि यूपीआई के विकास को समर्थन बनाए रखने के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 से एक प्रोत्साहन योजना चालू है. यह योजना विशेष रूप से कम-मूल्य वाले यूपीआई लेनदेन को प्रोत्साहित करती है, ताकि छोटे व्यापारियों को लेनदेन की लागत में राहत मिल सके और डिजिटल भुगतान में व्यापक भागीदारी बढ़ाई जा सके।

# अमेज और एलिवेट एसयूवी के लिए सीएनजी रेट्रोफिट किट लॉन्च




**नई दिल्ली।**

होंडा कार्स इंडिया ने अपनी पॉपुलर कारों अमेज और एलिवेट एसयूवी के लिए सीएनजी रेट्रोफिट किट लॉन्च की है। भारत में डीजल कारों की संख्या कम होने के साथ ही लोग अब सीएनजी को एक बेहतर विकल्प के रूप में देख रहे हैं, क्योंकि यह ना सिर्फ सस्ता है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी उपयुक्त है।


ये किट्स सरकारी मान्यता प्राप्त हैं और डीलरशिप पर इंस्टॉल की जाएंगी। पहले होंडा केवल पेट्रोल इंजन वाली कारें बेचती थी, लेकिन अब कंपनी ने सीएनजी ऑप्शन भी पेश किया है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि ये सीएनजी किट्स फैक्ट्री-फिटेड नहीं होंगी, बल्कि डीलरशिप पर इंस्टॉल की जाएंगी। कुछ विशेष डीलर्स ही यह किट्स इंस्टॉल करेंगे, और इसका काम प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा किया जाएगा। इंस्टॉलेशन के बाद कार का रजिस्ट्रेशन पेट्रोल और सीएनजी दोनों के तौर पर कराना होगा। इस समय, यह कंफर्म नहीं है कि होंडा की सिटी को भी यह सीएनजी किट मिलेगी या नहीं। फिलहाल, कंपनी ने केवल अमेज और एलिवेट के लिए इस सुविधा की घोषणा की है।

हालांकि, कंपनी ने सीएनजी किट्स के साथ गाड़ियों की माइलेज के बारे में कोई खुलासा नहीं किया है, लेकिन सामान्यतः सीएनजी से चलने वाली कारें पेट्रोल की तुलना में 30-40 प्रतिशत सस्ती चलती हैं। यह कदम उस समय आया है जब डीजल विकल्पों की कमी हो रही है और सीएनजी एक सस्ती, किफायती और पर्यावरण के लिए बेहतर विकल्प बनकर उभरी है। अगर आप पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं और एक किफायती व स्टाइलिश गाड़ी की तलाश में हैं, तो होंडा की नई पेशकश आपके लिए खुशखबरी लेकर आई है।

# वॉट्सऐप ने वीडियो स्टेटस की ड्यूरेशन को बढ़ाकर 90 सेकेंड किया

**नई दिल्ली ।**

सोशल मीडिया प्लेटफार्म वॉट्सऐप ने अपने स्टेटस अपडेट के लिए एक नया फीचर पेश किया है। यह नया फीचर यूजर्स को 90 सेकेंड तक के वीडियो लगाने की अनुमति देगा। लंबे वीडियो को स्टेटस में अपडेट करने के लिए उसे छोटे हिस्सों में विभाजित करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह जानकारी वाबेटाइंफो ने दी है, जिन्होंने इसे वॉट्सऐप बीटा फॉर एंड्रॉयड 2.25.12.9 में देखा और इसका स्क्रीनशॉट भी साझा किया। इस नए फीचर के तहत, वॉट्सऐप ने वीडियो स्टेटस की ड्यूरेशन को 60 सेकेंड से बढ़ाकर 90 सेकेंड कर दिया है। इससे यूजर्स अब अपने वीडियो स्टेटस में अपनी भावनाओं और विचारों को बेहतर तरीके से व्यक्त कर पाएंगे। यह फीचर पिछले साल के एक बदलाव का हिस्सा है, जब कंपनी ने वीडियो स्टेटस की सीमा को 30 सेकेंड से बढ़ाकर 1 मिनट किया था। यह नया फीचर धीरे-धीरे बीटा यूजर्स तक पहुंच रहा है और आने वाले दिनों में सभी बीटा यूजर्स इसे अपने स्टेटस अपडेट में 90 सेकेंड का वीडियो पोस्ट करके चेक कर सकते हैं। अगर यह फीचर आपके पास पहुंच चुका है, तो आप इसे इस्तेमाल कर सकेंगे, अन्यथा यह कुछ दिनों में उपलब्ध हो सकता है। इसके अलावा,



वॉट्सऐप जल्द ही एक नया चैट प्राइवेसी फीचर भी लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है।

## डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप कर छूट के लिए पात्र

### टैक्स में छूट और कटौती दोनों का फायदा

**नई दिल्ली।** भारत के युवा उद्यमियों और स्टार्टअप चलाने वाले एन्टरप्रिन्योर के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। आयकर विभाग द्वारा जारी किए गए नए नियमों के अनुसार डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप विभिन्न कर छूट के लिए पात्र माने जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें निवेश पर भी लाभ मिलेगा और इसमें जांच के अधीन नहीं होगा। आयकर विभाग ने एक ट्वीट के माध्यम से यह सूचना जनता तक पहुंचाई, जिसमें उन्होंने दर्शाया कि मान्यता प्राप्त स्टार्टअप जो निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं, उन्हें आयकर अधिनियम, 1961 के तहत विभिन्न कर छूट के लिए पात्र माना जाएगा। सरकार ने हाल ही में स्टार्टअप्स की परिभाषा में कई सुधार किए थे और उन्हें रियायत का लाभ उठाने की अनुमति भी दी थी। स्टार्टअप का मुख्य उद्देश्य होता है नए और इनोवेटिव आइडिया को व्यवसायिक रूप में सफलतापूर्वक उतारना। भारत में भी ऐसे कई स्टार्टअप्स हैं जो विदेशी निवेशकों से बड़ी फंडिंग प्राप्त कर रहे हैं। सरकार ने एंजेल टैक्स और कटौती को खत्म करके स्टार्टअप्स को और भी स्वार्थक परिवेश प्रदान किया है।




## एसबीआई ने अपनी एफडी की ब्याज दरों में किया बदलाव

### - सिर्फ 1 लाख रुपये जमा करें, मिलेगा 24,604 रुपये का फिक्स ब्याज

**नई दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिजर्व बैंक की कम हुई रेपो रेट का फायदा उठाते हुए अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम्स की ब्याज दरों में हल्की कटौती की है। इस नए फैसले के बाद एसबीआई के परिसर में ब्याज दरों में बदलाव का माहौल महसूस हो रहा है। एसबीआई की एफडी स्कीम से जुड़े निवेशकों के लिए यह खुशखबरी है कि अब भी वे आकर्षक रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। एक ऐसी खास स्कीम में, जिसमें केवल 1 लाख का निवेश करने पर ग्राहक 24,604 रुपये तक का फिक्स ब्याज प्राप्त कर सकते हैं। एसबीआई द्वारा प्रस्तावित नए ब्याज दरों के अनुसार, सामान्य नागरिकों के लिए 3.50 फीसदी से 7.05 फीसदी तक का ब्याज प्रदान किया जा रहा है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज दरें 4.00 फीसदी से 7.55 फीसदी तक तय की गई हैं। इसी क्रम में, सबसे अधिक 2 से 3 साल की एफडी स्कीम में सामान्य ग्राहकों को 6.90 और वरिष्ठ नागरिकों को 7.40 फीसदी का ब्याज प्राप्त होगा।

## जाइडस मेडटेक और ब्रेल बायोमेडिका के बीच करार

**मुंबई।** औषधि निर्माता बहुराष्ट्रीय कंपनी जाइडस लाइफसाइंसेज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जाइडस मेडटेक ने ब्राजील की अग्रणी हृदय उपकरण निर्माता ब्रेल बायोमेडिका के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (ओएवीआई) तकनीक का यूरोप, भारत और अन्य चुनिंदा बाजारों में विशेष रूप से व्यावसाय करेंगी। यह सहयोग जाइडस मेडटेक के तेजी से विस्तार कर रहे इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी पोर्टफोलियो को मजबूती प्रदान करेगा। टीएवीआई एक मिनिमली इनवेसिव हृदय प्रक्रिया है, जो विशेषकर उच्च शल्य जोखिम वाले या वृद्ध मरीजों के लिए प्रभावी विकल्प मानी जाती है।

## मुंबई एयरपोर्ट नौ मई को छह घंटे बंद रहेगा

**मुंबई।** शहर के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर उड़ान संचालन मानसून की शुरुआत से पहले हवाई पट्टी के रखरखाव के कारण नौ मई को छह घंटे के लिए बंद रहेगा। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एमआईएएल) ने यह भी कहा कि सभी हितधारकों को सूचित करने के लिए अनिवार्य नोटम (एयरमैन को नोटिस) छह महीने पहले जारी किया गया था। निजी क्षेत्र के परिचालक ने कहा कि दोनों हवाई पट्टी- 09/27 और 14/32 पर मानसून से पहले होने वाला रखरखाव कार्य नौ मई को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा।

## यूएस टैरिफ से कमजोर होगी वैश्विक अर्थव्यवस्था, मुद्रास्फीति बढ़ेगी: आईएमएफ

**वाशिंगटन ।** आईएमएफ ने जारी किया अपना अनुमान, जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि से वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होगी। इसके अलावा, आईएमएफ ने भविष्यवाणी की है कि इस वर्ष मुद्रास्फीति बढ़ेगी। प्रमुख निदेशक ने ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए शुल्कों से वैश्विक अनिश्चितता में वृद्धि की चेतावनी देते हुए कहा था कि दुनिया भर में मंदी का कारण नहीं बनेगी। आईएमएफ ने व्यापार विकृतियों का भी जिक्र किया और व्यापार बाधाओं को कम करने की अपील की। वे मानते हैं कि अनिश्चितता महंगाई के कारण बन सकती है और इससे व्यापार बाधाएं विकास को तुरंत प्रभावित कर सकती हैं। आईएमएफ के अनुसार वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल देखने की संभावना है जिससे अर्थव्यवस्था पर अवरोध आ सकता है। समाचार राज्यों और गिरिंदारे के व्यावसायिक और वित्तीय संकेतों पर है, उम्मीद है कि निवेशक इस चेतावनी को समझें और संभावित असरों पर ध्यान दें।

## सोने की कीमत में रिकॉर्ड मुनाफावसूली से आई गिरावट

- 2025 के दूसरे हिस्से में 78,000-80,000 रुपये तक गिर सकती है कीमतें
- एमसीएक्स गोल्ड इस साल 98,500-99,000 रुपये तक जा सकता है
- अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2025 में 2,750 से 3,600 डॉलर के बीच रहेगा

**नई दिल्ली।**

वर्ष 2025 में एमसीएक्स गोल्ड की कीमत में 24.71 प्रतिशत की ` बढोतरी के बाद, हाल ही में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की कीमतों में गिरावट अंकित की गई है। निवेशकों ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छूकर मुनाफा वसूलते हुए सोना 10 ग्राम के 95,935 रुपये के ऑल-टाइम हाई से नीचे आ गया है। इसके साथ ही स्पॉट गोल्ड और यूएस फ्यूचर्स में भी गिरावट दर्ज की गई है। मध्य पूर्व और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे भू-राजनीतिक तनाव, केंद्रीय बैंकों की खरीदारी, निवेशकों की मांग और गोल्ड ईटीएफ में बढ़त को ध्यान में रखते हुए, सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही थी। लेकिन`` विशेषज्ञों का मानना है कि अब सोने की कीमतें ज्यादा नहीं बढ़ेंगी, क्योंकि पूर्व से ही कीमतों में सभी अच्छी खबरें समाहित हैं। बाजार के जानकारों के अनुसार ना ओवरबॉट जोन में है (आरएसआई 80 से ऊपर), इसलिए 2025 के दूसरे हिस्से में कीमतें 78,000-80,000 रुपये तक गिर सकती हैं। एमसीएक्स गोल्ड इस साल 98,500-99,000 रुपये तक जा सकता है, लेकिन इसके बाद रुकावट आ सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2025 में 2,750 से 3,600 डॉलर के बीच घूमेगा। इस गतिविधि और आंकड़े के साथ, सोने की कीमतों में होने वाले आने वाले बदलाव की नजर रखना अनिवार्य है। निवेशकों को सावधान रहने, मार्केट डायनामिक्स का गहरा अध्ययन करने और रिस्क को ध्यान में रखते हुए अपने निवेश स्ट्रैटेजी को सजाने की जरूरत है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी तेजी रही

### सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी तेजी रही

**सेंसेक्स 1.96 प्रतिशत उछलकर 78,553 पर बंद**
**निफ्टी 1.77 प्रतिशत बढ़कर 23,851.65 पर बंद**

**मुंबई।**

बीते सप्ताह अवकाश की वजह से कम` दिन हुए कारोबार में घरेलू शेयर बाजार ने अपना दमखम बरकरार रखा और साप्ताहिक आधार पर बाजार फरवरी 2021 के बाद सबसे बढ़ी वीकली बढ़त लेकर बंद हुए।

बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर दो फीसदी की तेजी देखी गई। सोमवार को भारतीय बाजार आंबेडकर जयंती के मौके पर और शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवसर पर बद रहे। इसे लिए बाजार में केवल तीन` दिन ही कारोबार हुआ, जो इस प्रकार है- घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ खुला। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में जबरदस्त तेजी देखी गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1,750.37 अंक उछलकर 76,907.63 अंक पर खुला और 1,577.63 अंक चढ़कर 76,734.89 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 539.8 अंक बढ़कर 23,368.35 अंक पर खुला और 509.91 अंक मजबूत होकर 23,338.45 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 165.3 अंक गिरकर 76,569.59 अंक पर खुला और 309.40 अंक चढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,044.29 पर बंद हुआ। निफ्टी 51.55 अंक गिरकर 23,277




अंक पर खुला और 108.65 अंक या 0.47 प्रतिशत बढ़कर 23,437.20 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट देखी गई।

हालांकि, लाल निशान पर खुलने के थोड़ी देर बाद ही शेयर बाजार संभलने लगा और हरे निशान पर आ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 362 अंक गिरकर 76,682.29 अंक पर खुला और 1,508.91 अंक या 1.96 प्रतिशत उछलकर 78,000 के स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह 78,553.20 पर बंद हुआ।

निफ्टी 129.75 अंक गिरकर 23,307.45 अंक पर खुला और 414.45 अंक या 1.77 प्रतिशत बढ़कर 23,851.65 अंक पर बंद हुआ।

# टैरिफ वॉर का असर इंदौर पर शिपिंग यार्ड में कंटेनरों की संख्या बढ़ रही

**इंदौर।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए टैरिफ वॉर का असर इंदौर में भी दिख रहा है। टैरिफ बढ़ने से कई देशों का एक्सपोर्ट गिर गया है। इसकारण शिपिंग यार्ड में कंटेनरों की संख्या बढ़ती जा रही है।

शिपिंग कंपनियां अपने कारोबार को जिंदा रखने के लिए 30 से 50 प्रतिशत तक कम दाम में दूसरे देशों को सामान एक्सपोर्ट कर रही हैं। इससे सीधे तौर पर एक्सपोर्ट कंपनियों को फायदा हो रहा है। हालांकि जानकार कह रहे हैं कि किराए में कमी अस्थायी है।

अमेरिका के बंदरगाहों के लिए 40 फीट के कंटेनर का भाड़ा वर्तमान में 1750 से 1850 डॉलर (1.48 से 1.57 लाख रुपए) आ रहा है। जबकि तीन-चार महीने पहले तीन हजार डॉलर (ढाई लाख रुपए से कुछ ज्यादा) था।

इंदौर-पीथमपुर क्षेत्र से सालाना 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निर्यात होता है। इंदौर के कंटेनर या गुजरात के मुंद्रा या मुंबई के बंदरगाह से जहाजों में लोड होते हैं। इसमें प्रमुख रूप से दवा, कृषि उत्पाद, पॉलिएस्टर फिल्म, पीपी जंबो बैग और मशीनरी भी शामिल है।

साल-दर-साल निर्यात का आंकड़ा बढ़ता रहा है। बीते दिनों से कृषि उत्पाद जैसे सोयाबीन व डीओसी का निर्यात कम हुआ है। जानकारों के मुताबिक पैकिंग मटेरियल, पॉलिएस्टर और दवाओं की खेप भी अब कम रवाना हो रही है।

टीही के कंटेनर डिपो में भी इन दिनों खाली कंटेनरों की भीड़ जमा है। हाल यह हैं कि आईसीडी को अपने यार्ड का विस्तार किया है। आईसीडी सूत्रों के मुताबिक डिपो में 4 हजार से ज्यादा खाली कंटेनर इस समय जमा हैं।

बीते दिनों में डिपो की क्षमता भी बढ़ाई गई है। जिससे और कंटेनर रखे जा सकें। इधर शिपिंग कंपनी के एजेंट के मुताबिक इससे पहले आमतौर पर टीही के डिपो में कभी भी इतनी ज्यादा संख्या में कंटेनर उपलब्ध नहीं रहे। बीते वर्षों में कंटेनरों की कमी हो गई थी। लेकिन अब स्थानीय कंटेनर डिपो में मांग से कहीं ज्यादा कंटेनर जमा हो चुके हैं। बीते समय से सभी कंपनियों ने सभी रूटों पर भाड़ा बढ़ाया था। क्योंकि रूस यूक्रेन युद्ध, सोमालिया संकट जैसे कारणों से जहाजों को रूट भी बदलने पड़ रहे थे।

पहला मौका आया है जबकि भाड़े में इतनी ज्यादा गिरावट आई है।

## डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप कर छूट के लिए पात्र

### टैक्स में छूट और कटौती दोनों का फायदा

**नई दिल्ली।**

भारत के युवा उद्यमियों और स्टार्टअप चलाने वाले एन्टरप्रिन्योर के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। आयकर विभाग द्वारा जारी किए गए नए नियमों के अनुसार डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप विभिन्न कर छूट के लिए पात्र माने जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें निवेश पर भी लाभ मिलेगा और इसमें जांच के अधीन नहीं होगा। आयकर विभाग ने एक ट्वीट के माध्यम से यह सूचना जनता तक पहुंचाई, जिसमें उन्होंने दर्शाया कि मान्यता प्राप्त स्टार्टअप जो निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं, उन्हें आयकर अधिनियम, 1961 के तहत विभिन्न कर छूट के लिए पात्र माना जाएगा। सरकार ने हाल ही में स्टार्टअप्स की परिभाषा में कई सुधार किए थे और उन्हें रियायत का लाभ उठाने की अनुमति भी दी थी। स्टार्टअप का मुख्य उद्देश्य होता है नए और इनोवेटिव आइडिया को व्यवसायिक रूप में सफलतापूर्वक उतारना। भारत में भी ऐसे कई स्टार्टअप्स हैं जो विदेशी निवेशकों से बड़ी फंडिंग प्राप्त कर रहे हैं। सरकार ने एंजेल टैक्स और कटौती को खत्म करके स्टार्टअप्स को और भी स्वार्थक परिवेश प्रदान किया है।

# बिहार के इस जिले में भरेगी मनरेगा की जेब, नई तारीख और नया टारगेट आया सामने



जहानाबाद। मनरेगा योजना में इस माह अप्रैल के अंत तक जहानाबाद जिले की जेब भरने की उम्मीद है। आवंटन होने पर मनरेगा के कार्यों में गति पकड़ेगी। विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में मानव दिवस सृजित करने के लिए 33 लाख लक्ष्य भी निर्धारित कर दिया गया है। ग्रामीण इलाकों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए मनरेगा योजना प्रारंभ की गई थी। योजना से एक ओर जहां विकास योजनाओं को गति मिलती है, वहीं पलायन रोकने में भी यह कारगर है। किंतु पिछले पांच माह से आवंटन के अभाव में यह योजना दम तोड़ रही है। उधारी में सामग्री देने वाले वेंडरों ने अपने हाथ खड़े किए उधारी में सामग्री देने वाले वेंडरों ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। वहीं मजदूरी भुगतान नहीं होने से मजदूरों ने भी काम में रूची नहीं ले रहे हैं। जिले में लगभग एक लाख 48 हजार मनरेगा मजदूर पंजीकृत हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वे के कारण भी मनरेगा मजदूरों की संख्या फिलहाल बढ़ा है। आवास योजना के लिए सर्वे में नाम जोड़ने के लिए जाब कार्ड जरूरी है। 18 दिसंबर 2024 से मनरेगा योजना में एक भी पैसे नहीं आया है। सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को 21 लाख सात हजार मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य दिया गया था। इसके विरुद्ध अब तक जिले में 33 लाख 10 हजार 21 से अधिक मानव दिवस श्रमिकों को दे दिया गया है। फिलहाल मनरेगा योजना में में पैसा नहीं रहने के कारण यह महत्वपूर्ण योजना जिले में फिलहाल हासिये पर चल रहा है। पैसे के अभाव में कार्य की रफ्तार धीमी है। गर्मी के मौसम में मनरेगा के तहत ज्यादात्तर कार्य किए जाते हैं। बरसात के आगमन के साथ मनरेगा का कार्य बंद कर दिया जाता है।

फिलहाल अप्रैल का महीना चल रहा है। ऐसे में यह मनरेगा के कार्य के लिए सर्वोत्तम समय है। मनरेगा की कार्य योजनाओं को अपने हाथ में लेने से पंचायत प्रतिनिधि से लेकर अन्य संवेदक तक बच रहे हैं। पैसे की भुगतान की स्थिति को देखकर उन लोगों को यह लग रहा है कि कार्य कराने का मतलब है कि अपने घर की कमाई इसमें लगाना है। मनरेगा के माध्यम से पक्का कार्य कराने को लेकर सामग्री लाइसेंस धारी वेंडर द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। मनरेगा योजना में पैसा नहीं दिए जाने के कारण सामग्री मद में लगभग 1683.67 लाख रुपये बकाया हो गया है। मनरेगा योजना के तहत कई कार्य किए जाते हैं। जिससे लोगों को रोजगार मिलता है। इस योजना में मानव संसाधन का ही ज्यादा इस्तेमाल होता है।

इसके तहत जॉब कार्ड धारक सक्रिय रूप से भाग लेते है। मनरेगा योजना के तहत आवास निर्माण, जल संरक्षण कार्य, बागवानी कार्य,गौशाला निर्माण कार्य, पौधा रोपण,लघु सिंचाई,ग्रामीण सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य,भूमि विकास, बाढ़ नियंत्रण से लेकर अन्य कई कार्य शामिल हैं जो मानव बल द्वारा किया जाता है।

## थ्रेशर मशीन से कटकर महिला का हाथ हुआ अलग, मौत

बेतिया । थ्रेशर मशीन से कटकर महिला की मौत हो गई। घटना बैरिया प्रखंड के तधवानंदपुर पंचायत के वार्ड नंबर 10 की है। मृतक की पहचान अमरावती देवी(52) के रूप में हुई है। शनिवार को भिखम यादव के खेत में थ्रेशर मशीन से गेहूं की थ्रेसिंग चल रही थी। इस दौरान महिला का कपड़ा मशीन में फंस गया। मशीन चालक उस समय मोबाइल पर व्यस्त था। मृतका की बेटी ने बताया कि काफी शोर मचाने के बाद मशीन को बंद किया गया। लेकिन तब तक मां के दोनों हाथ और एक पैर बुरी तरह जख्मी हो चुके थे। एक हाथ पूरी तरह कटकर अलग हो गया था। ग्रामीणों और परिजनों ने तुरंत महिला को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज



अस्पताल पहुंचाया। लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मशीन लेकर मौके से फरार हो गया। मृतका के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। एक बेटी की शादी हो चुकी है। उनके पति मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मछुआरों की जाल में जगह फंसा शव

कैमूर । जिले में मोहनिया थाना क्षेत्र के बम्होर गांव के समीप नदी में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मामले में स्थानीय लोग हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। मृतक की पहचान रामगढ़ थाना अंतर्गत भेड़हरिया गांव निवासी स्वर्गीय भरत सिंह के 24 वर्षीय पुत्र विश्वजीत सिंह के रूप में हुई है। बता दें कि मछली मारने के लिए मछुआरे दुर्गावती नदी में जाल लगाए हुए थे। शनिवार अहले सुबह जब पहुंचे तो जैसे ही जाल खींचा, दूसरे छोर पर जाल में फंसा हुआ एक व्यक्ति का शव जाल के साथ दूसरी छोर पर चला आया, इसके बाद आनन-फानन में इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। मौके पर उपस्थित धनंजय



सिंह कैमूर पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कैमूर पुलिस के आलाधिकारी एसी में बैठकर आराम से हैं, अभी तक कोई सहानुभूति नहीं है। इस घटना के प्रति दुर्गावती नदी के एक छोर पर रामगढ़ थाना का क्षेत्र है। जबकि दूसरे छोर पर मोहनिया थाना क्षेत्र है। रामगढ़ थाना अंतर्गत नदी के छोर पर हत्या कर फेंका गया है। मछुआरे ने जो जाल लगाया था, शव इधर आ गया। अब ये नहीं समझ में आ रहा है कि उधर नेपाल है, इधर बिहार है क्या? मामला रामगढ़ थाने का है, लेकिन रामगढ़ थानाध्यक्ष सूचना के बाद आए तक नहीं। मौके पर पहुंचे रामगढ़ भाजपा विधायक अशोक सिंह ने कहा कि घटना के संबंध में वरीय अधिकारियों से भी मैंने बात की है। इसकी गहन छानबीन होगी। मामला क्या है, इसका किसी भी कीमत पर उद्भेदन होना चाहिए। मोहनिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्गावती नदी में मोहनिया थाना अंतर्गत पाण्डेय बम्हौर में एक अज्ञात डेड बॉडी मिली थी, जिसके सत्यापन के लिए प्रभारी थाना अध्यक्ष मोहनिया को भेजा गया। इसके बाद पता चला कि यह डेड बॉडी विश्वजीत सिंह रामगढ़ थाना के भेड़हरिया के रहने वाले थे। पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज रहे हैं। पोस्टमॉर्टम के पश्चात ही मालूम होगा कि इसमें क्या हुआ है, यहां पानी गहरा है। डूबने का मामला प्रतीत होता है, जब तक मेडिकल रिपोर्ट नहीं आ जाती, इसमें आगे कुछ नहीं कहा जा सकता।

## इस साल बिहार से इतने हजार लोग हज करने जाएंगे मक्का, तैयारियों का सीएम ने की समीक्षा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में हज-2025 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मो. सोहैल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से हज-2025 की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान उन्होंने जिलावार हज यात्रियों की संख्या, इंबारकेशन प्वाइंट, हज यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार के द्वारा हज यात्रियों को सभी सुविधाएं प्रदान करने की तैयारी की जा रही है। इस वर्ष देश के 10 अलग-अलग हवाई अड्डे से बिहार के हज यात्रियों को हज यात्रा पर भेजा जाएगा। विभिन्न जगहों पर बिहार के हज यात्रियों के लिए की



गई व्यवस्था की देख-रेख के लिए वरीय अधिकारियों के अधीन टीम की प्रतिनियुक्ति की गई है।समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हज यात्रियों के लिए हज यात्रा के दौरान एयरपोर्ट तक जाने के पूर्व आवासन, भोजन, आवागमन इत्यादि हेतु सभी सुविधा राज्य सरकार की ओर से प्रदान की जा रही है। सभी मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था करें, ताकि हज यात्रियों को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो और उनकी यात्रा सुगमतापूर्वक सम्पन्न हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष मुस्लिम धर्म के लोगों को हज यात्रा हेतु उनके सबसे प्रमुख धार्मिक स्थल मक्का (सउदी अरब) भेजे जाने की व्यवस्था की जाती है। जैसी की जानकारी दी गई है कि इस वर्ष बिहार से 1391 पुरुष और 1012 महिला कुल 2403 हज यात्री हज हेतु मक्का (सउदी अरब) जाएंगे। ये हज यात्री देश के 10 अलग-अलग हवाई अड्डों से हज यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। यह बहुत खुशी की बात है। हज यात्रियों की सारी सुविधाओं का ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि हज भवन, पटना के समरूप किशनगंज में बहुउद्देशीय भवन, हज यात्रियों के लिये आवासन, भोजन, पासपोर्ट सत्यापन, टीकाकरण, विदेशी मुद्रा विनियमण आदि की बेहतर व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार की व्यवस्था सीतामढ़ी, दरभंगा सहित अन्य जिलों के लिए भी कराएं। हज यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व शुभकामना बैठक (दुआईया मजलिस) का आयोजन हज भवन, पटना में किया जाता है। इस वर्ष यह बैठक हज भवन, पटना स्थित मौलाना मजहरूल हक ऑडिटोरियम में 1 मई को प्रस्तावित है। समीक्षा बैठक के पश्चात मुख्यमंत्री ने हज भवन जाकर दुआईया मजलिस के आयोजन की तैयारियों का भी जायजा लिया। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमां खान, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मो. सोहैल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुल्हन को मानसिक रोगी बता दूल्हा फरार



छपरा । भेल्दी प्रखंड के हाकम गांव में एक अनोखी शादी का मामला सामने आया है। जहां बाहरन महतो की बेटी सुगंती कुमारी की शादी डोरीगंज के जलालपुर बिनटोली निवासी धीरज कुमार से तय हुई थी। शुक्रवार की रात बारात आने के साथ ही शादी की रस्में शुरू हो गईं। इसी दौरान किसी ने दूल्हे को बताया कि दुल्हन मानसिक रूप से अस्वस्थ है। यह सुनते ही दूल्हा धीरज कुमार और उनके पिता हरेंद्र प्रसाद बारात छोड़कर भाग गए। लड़की पक्ष के लोगों ने गुस्से में आकर सभी बारातियों को बंधक बना लिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और करीब 12 घंटे तक दोनों पक्ष को समझाने के बाद शनिवार दोपहर शादी संपन्न हुई। इस अनूठी शादी में पुलिस और जनप्रतिनिधियों ने बाराती बनकर हिस्सा लिया। उन्होंने वर-वधु को आशीर्वाद भी दिया। इस शादी को देखने सैकड़ों ग्रामीण जमा हो गए थे। भेल्दी थानाध्यक्ष ने बताया कि गलत सूचना के कारण विवाद हुआ था। दोनों पक्षों को समझाने के बाद शादी संपन्न करवाई गई। शादी के बाद पुलिस की निगरानी में दूल्हा-दुल्हन को विदा किया गया। यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है।

## संक्षिप्त डायरी

### सीएम ममता बनर्जी पर जमकर बरसे अखिलेश्वर दास, कर डाली बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग



समस्तीपुर। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शन मंडल के सदस्य धमार्चार्य महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वर दास जी महाराज (अहमदाबाद) शनिवार को समस्तीपुर जिले में पहुंचे। जिला विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में उन्होंने कार्यकताओं से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने डीएम रोशन कुशवाहा से मुलाकात की। बता दें कि डीएम से मिलकर उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने बंगाल में हो रही हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए ममता बनर्जी की सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को ममता कहना ठीक नहीं होगा। उन्हें उन्होंने मुमताज बेगम बतलाते हुए कहा कि उन्होंने बंगाल में उपद्रवियों को छूट दे रखा है। ममता बनर्जी को राष्ट्रपति पदच्युत करते हुए बंगाल में तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू करें। साथ ही बंगाल में जो हिंसा कर रहे हैं, उन्हें गिरफ्तार कर जेल के अंदर डालें और कड़ी से कड़ी सजा दें। साथ ही जो बाहरी हैं, उन्हें बाहर भेजें। उन्होंने कहा कि राजकीय रोटी सेकने वाली ममता बनर्जी का जन्म हिंदू परिवार में हुआ है। लेकिन मैं उन्हें हिंदू नहीं मानता। वह मुसलमान की मसीहा बनी हुई हैं। ऐसे लोगों को राज्य सत्ता से दूर रखना चाहिए। अगर वह सत्ता में आएंगी तो हिंदुओं के ऊपर ही असर होगा, उन्हें सत्ता से उखाड़ कर फेंक देना चाहिए। इस दौरान समस्तीपुर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी के साथ ही आरएसएस और भाजपा से जुड़े कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### तेजस्वी यादव का नीतीश सरकार पर बड़ा आरोप, कहा- सरकारी खजाने को लूट रहे सत्ता में बैठे लोग



पटना। बिहार में इंडिया गठबंधन के समन्वय समिति के अध्यक्ष व राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने फिर से नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा किसत्ता में बैठे लोग समझ चुके हैं कि वह फिर से सरकार में नहीं आएंगे और इसलिए वह सरकारी खजाने को लूट रहे हैं। एनडीए सरकार में संगठित भ्रष्टाचार सभी रिकॉर्ड तोड़ चुका है। जनता घूसखोरी और दलाली से त्रस्त हो चुकी है तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार के महिला संवाद अभियान पर भी सवाल उठा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता दल यूनाईटेड बिहार सरकार के पैसों से चुनाव प्रचार कर रही है। तेजस्वी ने दावा किया कि महिला संवाद के नाम पर राज्य में बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है। 225 करोड़ रुपये में प्रचार के लिए 600 चुनावी रथ मंगवाए गए हैं। ठेकेदार के जरिए मंत्री को 30 फीसदी कमीशन दिया जा रहा है तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के खर्च के लिए कई टेंडर निकाले जा रहे हैं। यानी अब यह लोग चुनाव का खर्च भी जनता से ही निकाल रहे हैं। यहां के बिहार के ठेकेदारों को कोई टेंडर नहीं दिया जा रहा है। ग्लोबल टेंडर के जरिए इनसे पैसा वसूला जा रहा है। सरकार बाहरी लोगों को टेंडर दे रही है। वह ऐसा जल्दबाजी में कमीशन पाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। यह अत्यंत ही गंभीर मुद्दा है।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्रा की मौत

मधुबनी । कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 13 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका सबाना प्रवीण शुक्रवार को ही विद्यालय में दाखिला लेने आई थी। सुबह करीब 4 बजे सबाना को पेट दर्द की शिकायत हुई। वार्डन रूबी कुमारी ने उसे दवा दी। दवा खाने के कुछ देर बाद बच्ची का गला घुटने लगा। उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि समय पर अस्पताल ले जाया जाता तो सबाना की जान बच सकती थी। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण विद्यालय पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने स्कूल के गेट और खिड़कियां तोड़ने का प्रयास किया। बीडीओ और बीईओ ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस विद्यालय में पहले भी दो छात्राओं की मौत हो चुकी है। 100 से अधिक छात्राएं इस आवासीय विद्यालय में रहती हैं। विद्यालय में प्राथमिक उपचार की सुविधा नहीं है, जबकि अस्पताल मात्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। लोगों ने प्रभारी वार्डन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और जांच के लिए स्वतंत्र टीम गठित करने की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## 'प्यार के लिए लड़का से लड़की बनी, धोखेबाज निकला प्रेमी'

बेगूसराय । एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी पर शादी के बाद धोखा देने का आरोप लगाया है। प्रेमिका का कहना है कि शादी से पहले प्रेमी ने मेरा लिंग परिवर्तन करवाकर लड़की बनाया। शादी के बाद कुछ सालों तक रिश्ता सामान्य रहा। इसके बाद वो एक किन्नर के संपर्क में आ गया और अब उसी से शादी करने की जिद कर रहा है। पीड़िता ने अपने पति पर जान से मरने की धमकी देने का आरोप लगाया है। साथ ही उसने प्रशासन से अपना सामान वापस करवाने की मांग की है। मामला जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र का है। जहां युवक से प्रेम होने के बाद एक सामान्य परिवार के लड़के ने अपना लिंग परिवर्तन करवाया। लड़की बनने के बाद अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज की। युवती ने बताया है कि 'अब उसके पति का अफेयर



कोलकाता की किन्नर से अफेयर चल रहा है। वो किन्नर से शादी करने की बात कह रहा है। साथ ही उसने मुझे सभी सोशल मीडिया पर ब्लॉक कर दिया है। पीयूष हमारा सब सामान लौटा दें। इसके बाद मुझे अपने पति से कोई संबंध नहीं रखना है।' युवती साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र की सन्नी उर्फ मरिया यादव है। वहीं, उसका पति साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र के बाबूबरही गावं रहने वाले पीयूष यादव है, जिसका सुमन नाम के किन्नर के साथ अफेयर चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि 'पहले पीयूष ने मेरे साथ दोस्ती की, फिर शादी रचाई। शादी के बाद मैंने ही उसे काम करने के लिए कोलकाता भेजा। जहां उसका सुमन नाम की किन्नर के साथ अफेयर चलने लगा। इसी कारण से मेरा शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण करने के बाद मुझे छोड़ दिया।

## 'हमारी कौम किसी के बहकावे में न आए

### मुर्शिदाबाद से निकली चिंगारी देश को नहीं जला सकती'

भागलपुर । लोग एकता, भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम देते हैं। लेकिन मुर्शिदाबाद से नफरत, हिंसा की बातें निकल कर आ रही हैं। वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए जिले के सभी मुस्लिम भाइयों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रिया कहा है। ये बातें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कही।भागलपुर में भाजपा की ओर आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा कार्यक्रम में शाहनवाज हुसैन ने कहा, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में नफरत की चिंगारी से समूचे देश को जलाने की नापाक हरकत की जा रही है। तृणमूल कांग्रेस के लोग इस




नफरत की राजनीति में संलिप्त हैं। ये लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है। हमको इसके बहकावे में नहीं आना है, हमारी कौम जज्बाती है। साल 1947 में मो. अली जिन्ना के मजहब के नाम पर मुल्क बनाने की बात पर बहकावे में आकर जो लोग पाकिस्तान चले गए। आज ऐसे लोग दर-दर भटक रहे हैं। उनकी हालत खराब है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून के तहत एक इंच भी जमीन किसी मस्जिद, कब्रिस्तान या दरगाह से छिनी नहीं जाएगी। कुछ लोग हमारे मुस्लिम भाइयों के बीच इस कानून के खिलाफ गलत बातों को प्रचारित कर रहे हैं। जो बिल्कुल ही गलत है। यह कानून गरीब, लाचार और पसमांदा मुस्लिम भाइयों के हित में है। यह किसी के खिलाफ नहीं है। साल 2013 में मैंने संसद में वक्फ संशोधन बिल को लेकर कहा था कि वक्फ की सारी जमीन को मुस्लिम भाइयों को सौंप देना चाहिए। ये खुद अपनी हथेली से तकदीर को लिखेंगे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम भाइयों के लिए भारत से अच्छा देश, हिंदुओं के समान अच्छा मित्र और नरेंद्र मोदी की तरह एक अच्छा नेता कोई और नहीं हो सकता, यह मुल्क उनका भी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सभी लोगों तक पहुंचाने का काम किया जाए। शाहनवाज हुसैन ने कहा, बिहार में राजद खुद को डूबने से बचा ले, यही बड़ी बात होगी। हमारा देश पूरी तरह से सुरक्षित है। कोई ताकत देश में एकता के अटूट बंधन को नहीं तोड़ सकती।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरूआत भागलपुर से की जा रही है।



# सोना सूख गया

**चीन में हुनसेन नाम का राजा शासन करता था। वह बहुत कंजूस था। दान-पुण्य तो दूर, जनता की जरूरतें पूरी करने के लिए भी धन नहीं निकालता था। उसके पास सोने-चांदी का अपार भंडार था, लेकिन वह किसी की मदद नहीं करता था। राजा के महल से कुछ दूरी पर सिनचिन नामक एक वृद्ध की छोटी-सी झोंपड़ी थी। सिनचिन उस समय चीन का सबसे बुद्धिमान व्यक्ति माना जाता था। राजा की आदतों से वह भी परेशान था। अतः उसने राजा को सबक सिखाने की ठान ली।**

एक दिन वह अपने मित्रों से सोने के नन्हे-नन्हे चार टुकड़े उधार लाया। उसने सोने के उन टुकड़ों को पीली चमकती हुई एक बड़ी छलनी में रखा और पास बहती नदी के किनारे जा बैठा। इस नदी पर राजा रोज स्नान करने आता था। सिनचिन ने दूर से ही राजा को आते हुए देखा। वह ऐसा अभिनय करने लगा, मानो छलनी में कुछ छान रहा हो। राजा ने उसके पास आकर पूछा, ल्लसिनचिन, यह क्या कर रहे हो? तुम्हें सुबह-सुबह रेत छानने की क्या आवश्यकता पड़ गई?
सिनचिन ने कहा, महाराज, मैं तो इस रेत में छिपा सोना ढूंढ़ रहा हूं.ल्ल
राजा कुछ कहता, इससे पहले ही सिनचिन ने छलनी भर रेत निकाली और छान दी। छलनी के ऊपर सोने के चार छोटे-छोटे टुकड़े चमक रहे थे।
राजा ने आश्चर्य से पूछा, ल्लरेत में सोना! यह कैसे किया?
सिनचिन ने समझाते हुए जवाब दिया, ल्लहुजूर, आज से महीना भर पहले मैंने सोने का एक छोटा सा टुकड़ा इस जगह पर बोया था। देखिए हुजूर, पूरे चार टुकड़े निकले हैं। यदि मैं कुछ और सब्र करता, तो यहां बहुत से टुकड़े मिलते।
राजा ने चौंकते हुए कहा, ल्लक्या बकवास करते हो? भला क्या सोने की भी खेती की जा सकती है?
सिनचिन ने कहा, क्यों नहीं हुजूर? आप खुद ही देख लीजिए। मैं तो गरीब आदमी हूं। पिछले दस वर्षों से इसी प्रकार सोना बोता हूं और काट लेता हूं। इसी सोने से मेरा पेट पलता है।
राजा ने नाराजगी भरे स्वर में कहा, तुमने मुझे पहले क्यों नहीं बताया? मेरे पास तो सोने का ढेर है। मुझे पता होता, तो मैं सारा सोना बो देता। आज तक तो मेरा महल सोने से भर गया होता।
इस पर सिनचिन ने कहा, हुजूर, अब भी देर नहीं हुई है। आप अब भी बो लीजिए। छह महीने बाद देखिएगा, तो फसल लहलहाती नजर आएगी।
राजा ने सिनचिन के कंधे पर हाथ रखते हुए जवाब दिया, देखो सिनचिन, तुम तो एक अनुभवी आदमी हो। मेरी ओर से तुम सोने की खेती करो। इसके लिए तुम्हें जितना सोना चाहिए, तुम ले सकते हो। आज ही मेरे साथ महल में चलो। इस काम के लिए तो तुम मेरे सेवकों को भी साथ ले सकते हो।
सिनचिन तो मानो इस मौके की प्रतीक्षा में था। वह तुरंत राजी हो गया। वह महल में गया और सोने के ढेरों टुकड़े ले आया। राजा ने अपने दस सेवक भी सिनचिन को मदद के लिए दे दिए।
देखते ही देखते, नदी के किनारे खुदाई का काम शुरू हो गया। सिनचिन के कहे अनुसार, सेवकों ने वहां पर सोना बीज की तरह बो दिया। ऊपर रेत डाल दी। सिनचिन ने राजा को आश्वासन दिया कि छह महीने बाद बोए हुए सोने का तीन गुना सोना मिल जाएगा।
इस बीच सिनचिन रोज रात को नदी किनारे जाने लगा। वहां पर वह रोज थोड़ा सा हिस्सा खोदता और वहां दबा सोना अपने झोले में रख लाता। अगले दिन सुबह ही वह सारा सोना गरीबों में बांट देता था। धीरे-धीरे जनता की गरीबी मिटने लगी।
इधर राजा इंतजार करता रहा कि कब छह महीने पूरे हों और उसे बोए हुए सोने का तीन गुना सोना मिले। धीरे-धीरे छह महीने भी पूरे हो गए। राजा ने सिनचिन को दरबार में बुलाया। उसे आदेश दिया कि वह सारा सोना खोद लाए। सिनचिन ने इस काम के लिए कुछ सेवकों की मांग की। राजा ने इस बार बीस सेवक उसके साथ कर दिए। सेवकों ने उस स्थान पर काफी गहराई तक खुदाई की, रेत को छाना। लेकिन सभी यह देखकर आश्चर्य में पड़ गए कि उसमें सिवाय दो-चार सोने के टुकड़ों के कुछ नहीं था। सिनचिन भागा-भागा राजा के पास पहुंचा। रोते हुए बोला, हुजूर, आपकी किस्मत खराब थी। जमीन में सोने के दो-चार सूखे हुए टुकड़ों के अतिरिक्त कुछ भी नही निकला है।
राजा ने आश्चर्य से पूछा, ल्लसूखे हुए टुकड़े! तुम्हारा मतलब क्या है? सिनचिन ने जवाब दिया, हां हुजूर, इस बार सारा सोना सूख गया है। आप तो जानते ही हैं, इस बार बारिश बिल्कुल नहीं हुई। सारी फसल सूख गई। आपका बहुत नुकसान हो गया इस बार।
हुनसेन ने डांटते हुए पूछा, भला सोना सूख कैसे सकता है? यह तो ठोस चीज है।
सिनचिन ने मुसकराते हुए कहा, हुजूर, आपने इतनी बातों पर विश्वास कर लिया कि सोना बोया जा सकता है, सोने की फसल लहलहा सकती है, सोना काटा जा सकता है। फिर भला इतनी सी बात पर विश्वास क्यों नहीं करते कि सोना सूख गया?
राजा निरुत्तर हो गया। मंत्रियों से सलाह ली, तो उन्होंने कहा, सिनचिन ठीक कहता है। वाकई यदि सोना बोया जा सकता है, तो सूख भी सकता है। अब तो राजा से कुछ कहते नहीं बना। वह सिर पकड़कर बैठ गया। सिनचिन ने कंजूस राजा को अच्छा सबक सिखा दिया था।




# अंतरराष्ट्रीय शोध टीम ने खोजी कछुए की नई प्रजाति

**एक अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ मिलकर जर्मनी के सेनकेनबर्ग के वैज्ञानिक यूवे फ्रिट्ज ने आनुवांशिक विश्लेषण के आधार पर कछुए की एक नई प्रजाति के बारे में बताया है। अब तक माना जाता था कि 'जीनस चेलुस' कछुए की केवल एक ही प्रजाति है। अध्ययन में कहा गया है कि उन जानवरों की प्रजातियों के संरक्षण का पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए, जिनको अक्सर अवैध पशु व्यापार में बेच दिया जाता है। इस अध्ययन को साइंटिफिक पत्रिका मॉलिक्युलर फाइटोलेनेटिक्स एंड इवोल्यूशन में प्रकाशित किया गया है।**



इस प्रजाति का नाम माता-माता बताया गया है, जो पानी के नीचे कीचड़ में छिपे रहते है, इनकी लंबाई 53 सेंटीमीटर तक होती है। ये शैवाल से ढकी चट्टानों की तरह दिखते हैं। लेकिन जब कोई शिकार करने लायक जानवर सामने आता है, तो कछुआ उसे अचानक अपना बड़ा मुंह खोलकर उसे चूसकर पूरा निगल जाता है। ड्रेसडेन में सेनकेनबर्ग प्राकृतिक इतिहास संग्रह के प्रोफेसर डॉ.यूवे फ्रिट्ज बताते हैं यद्यपि ये कछुए अपने विचित्र रूप और असामान्य खाने के व्यवहार के कारण व्यापक रूप से जाने जाते हैं, लेकिन उनकी विविधता और आनुवांशिकी के बारे में बहुत कम जानकारी है। फ्रिट्ज कहते हैं अब हमने यह मान लिया कि इस कवचवाले सरीसृप की केवल एक प्रजाति है जो पूरे दक्षिण अमेरिका में व्यापक रूप से फैली हुई है।
लेकिन ऐसी प्रजातियां, जिन्हें लुप्तप्राय नहीं माना जाता है, वे आश्चर्यजनक हो सकती हैं। आनुवंशिक विश्लेषण के आधार पर, उन्हें अक्सर दो या अधिक स्वतंत्र प्रजातियों में विभाजित किया जाता है। कई अध्ययनों से पता लगा है कि माता-माता कछुए अमेजन बेसिन की तुलना में ओरिनोको नदी में अलग दिखते हैं। ड्रेसडेन के वैज्ञानिक कहते हैं इस अवलोकन के आधार पर, हमने इन जानवरों के जेनेटिक बनावट पर बारीकी से नजर रखने का फैसला किया है।
75 डीएनए नमूनों का उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने बताया कि पिछली मान्यताओं के विपरीत, माता-माता कछुओं की आनुवंशिक और दिखने में भी भिन्न-भिन्न दो प्रजातियां हैं। नई प्रजातियां चेलुस ओरिनोकेन्सिस ओरिनोको और रियो नीग्रो बेसिन में निवास करती हैं, जबकि चेलुस फिम्ब्रिआटा के रूप में जानी जाने वाली प्रजाति विशेष रूप से अमेजॅन बेसिन तक सीमित है।
अध्ययन के अनुसार, लगभग 1 करोड़ 30 लाख साल पहले दोनों प्रजातियां मियोसीन के दौरान विभाजित हो गई थी। इस अवधि के दौरान, पूर्व अमेजॅन-ओरिनोको बेसिन में जानी पहचानी दो नदी घाटियां अलग-अलग हो गई थी। कई जलीय जीवों की प्रजातियां इस तरह स्थान के आधर पर अलग हो गई और इन्होंने आनुवंशिक रूप से फैलना शुरू कर दिया।
नई प्रजातियों के विवरण में भी माता माता के संरक्षण की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। आज तक, इस प्रजाति के व्यापक रूप से फैलने के कारण इन्हें लुप्तप्राय नही माना गया था। अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि हमारे परिणाम बताते हैं कि, दो प्रजातियों में विभाजित होने के कारण, प्रत्येक प्रजाति की जनसंख्या आकार पहले की तुलना में छोटी हुई है।
इसके अलावा, हर साल इन विचित्र दिखने वाले हजारों जानवरों का अवैध व्यापार होने से इनका जीवन समाप्त हो रहा हैं।
हालांकि इन जानवरों के अवैध व्यापार का पता लगने पर अधिकारियों द्वारा इन्हें जब्त भी किया जाता है। बोगोटा के नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ कोलम्बिया के प्रोफेसर और प्रमुख अध्ययनकर्ता मारियो वर्गास-रामिरेज कहते है कि इससे पहले बहुत देर हो जाए, हमें इन आकर्षक जानवरों की रक्षा करनी चाहिए।

# दुनिया की रहस्यमयी फुन्दूजी झील




दुनिया में लाखों की संख्या में झीलें हैं, कुछ झीलें ऐसा ही जिनका रहस्य आज तक इंसान नहीं जानता.कुछ झीलों काफी डारवनी भी हैं.आज हम आपको एक ऐसी ही झील के बारे में बताने जा रहे हैं.कहा जाता है कि इस झील का पानी जो भी पी ले वो जिंदा नहीं बचता है और जल्द ही उसकी मौत हो जाती है.यह रहस्यमयी झील दक्षिण अफ्रीका के लिंपोपो प्रांत में है. इसे फुन्दूजी झील के नाम से जाना जाता है.स्थानीय लोगों के अनुसार, किंवदंती है कि इस जगह से प्राचीन काल में एक कोढ़ी व्यक्ति जो कारी लंबा सफर करके यहां आया था, उसे लोगों द्वारा भोजन और आश्रय नहीं दिया गया. कहा जाता है कि इसके बाद उस व्यक्ति ने लोगों को श्राप दिया और झील में प्रवेश किया और फिर गायब हो गया.
कहा जाता है कि झील के अंदर से आज भी डूबे हुए लोगों के रोने, ड्रम बजने की आवाजें आती रहती हैं. स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि पहाड़ों पर मौजूद इस झील की रक्षा एक विशालकाय अजगर करता है.इस अजगर को प्रसन्न करने के लिए हर साल वेन्दा आदिवासी एक नृत्य उत्सव का आयोजन करतें हैं, जिसमें कुंवारी लड़कियां नाचती हैं.कहा जाता है कि झील प्राचीन काल में भूस्खलन के कारण बनी थी जिसने मुटाली नदी के प्रवाह को अवरुद्ध कर दिया था, और अब यह एक रहस्य है कि नदी का पानी बहुत साफ है, लेकिन ऐसा क्या है कि जो भी इसके पानी को पीता है उसकी जल्द ही मृत्यु हो जाती है.
जानकारी के अनुसार, झील के पानी के रहस्य को जानने की कई कोशिशें हुई, हालांकि जांचकर्ता हर बार विफल रहे. कहा गया कि 1946 में एंडी लेविन नाम के एक व्यक्ति को झील के पानी की सच्चाई का पता लगाने के लिए यहां आया था.उसने इस झील से थोड़ा पानी लिया और झील के आस-पास के कुछ पौधे लिए और चल दिया. लेकिन वो थोड़ी देर ही चला था कि वो रास्ता भटक गया.एंडी लेविन तब तक रास्ता भटकते रहे जब तक उन्होंने पानी और पौधे नहीं फेंक दिए थे. हालांकि, इस घटना के कुछ दिनों बाद ही उनकी मृत्यु हो गई थी.
आज तक किसी को इस बात का पता नहीं चला है कि आखिर इस झील में ऐसा क्या है कि इसका पानी पीने के बाद व्यक्ति कि मौत हो जाती है.कुछ लोगों का मानना है कि इस झील के पानी में कोई खतरनाक जहरीली गैस मिली हो सकती है, लेकिन इसका कोई प्रमाण नहीं मिला है.





# बस्तर में पाई जाने वाली जनजातियां

**आधुनिक भारत में आज भी कई ऐसे स्थान है जहा पर बरसों से चली आ रही जनजातियां निवास करती हैयु तो भारतीय इतिहास में आदिवासी जनजाति संस्कृति का बहुत महत्व है.लेकिन समय के साथ बहुत सी जनजातियों ने स्वयं में बदलाव किये है.जैसे हलबा व भतरा जनजाति इत्यादि. अगर संपूर्ण विश्व की बात की जाए तो सबसे ज्यादा जनजातियां भारत में पाई जाती है जैसे कोल, भील, पहाड़िया, कमार, थारू जनजाति इत्यादि. लेकिन आज हम आपको बस्तर में पाई जाने वाली प्राचीन समय से लेकर अब तक चली आ रही जनजातियों के बारे में बताने जा रहे हैं.ये जनजातियां बस्तर व बस्तर के आस पास के इलाको में निवास करती है.तो जानते हैं इन जनजातियों के बारे में**

## जनजाति का अर्थ

जनजाति को समझने के लिए पहले हमें प्रकृति व जंगलों में रहने वाले मनुष्य के समुदाय को बारीकी से समझना चाहिए.जनजाति वह होती है जो सभी लोगों से दूर पर्वतों,जंगलों, वनो इत्यादि में निवास करती हैं. जिन की भाषा अलग होती है जो भूत-प्रेत, दैवी शक्तियों में बेहद विश्वास रखते हैं. जिन का व्यवसाय जंगली शिकार व जंगली पेड़ पोधो पर निर्भर रहता है. जंगलो में पाई जाने वाली लगभग 90 % जनजातीय असभ्य व हिंसक होती हैजिस प्रकार जंगली जानवर अपने इलाके की रक्षा के लिए अपनी जान तक दे सकता है ठीक इसी प्रकार ये जनजातीया अपने इलाके की रक्षा करती है. अमूमन सभी जनजाती माँसाहारी होती है.

बस्तर में पाई जाने वाली जनजातियों से पहले आपको बस्तर इलाके के बारे में समझना होगा.बस्तर एक जिला है जो चार संस्कृतियों से घिरा हुआ है इसके चारों तरफ छतीसगढ़, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा और महाराष्ट्र की सीमाएं लगती है.इस जिले के जंगलो में हजारों सालों से विभिन्न जनजातियाँ निवास करती हैं जिनमे से प्रमुख जनजातियों का विवरण इस प्रकार है :

## माडिया जनजाति

माडिया जनजाति बस्तर के जंगलों में पाई जाने वाली जनजाति है.यह जनजाति बस्तर के पहाड़ी इलाकों व जंगलों में निवास करती है.माडिया जनजाति को दो भागों में बांटा गया है 1.अबुझ माड़िया 2. दण्डामी माड़िया (बाईसन होर्न माड़िया) अबूझ मडिया पहाड़ों के घने जंगलों में निवास करती है व दण्डामी माड़िया समतल इलाके के जंगलों में निवास करती हैये लोग माड़िया भाषा बोलते है.इन दोनों जनजातियों की संस्कृति आपस में मिलती जुलती है और यह दोनों ही जनजातियां बाहरी लोगों का अपने इलाके में आना पसंद नही करती.जब भी कोई व्यक्ति इनके इलाके में प्रवेश करता है तो यह असहज महसूस करते हैं व बाहरी व्यक्ति पर तीर कमान से हमला कर देते हैं. हमले के बाद इस जनजाति के लोग कर्कश ध्वनि के द्वारा अपनी ताकत का एहसास कराते हैं.माडिया जनजाति के पुरुषों का स्वभाव नटखट व नाच गाने वाला होता है.यह लोग शराब के शौकीन होते हैं.इस जनजाति लोग अच्छी फसल प्राप्त करने के लिए अपने देवताओं के सम्मान में लकड़ियों के द्वारा आग जला कर उसके चारों ओर नृत्य करते हैं.माडिया जनजाति सर्वाहारी जनजातियों की श्रेणी में आती है.इस जनजाति के लोग बहुत बहादुर होते है ८ इस जनजाति के पुरुष शिकार के लिए बाघ, भालु, तेंदवे से भी लोहा लेने से नहीं कतराते.यु तो माडिया जनजाति बाघ का बेहद सम्मान करती है परंतु जब बाघ इन पर हमला करता है तो आत्म रक्षा में बाघ को भी मार सकते है.माड़िया लोगो में घोटुल परंपरा का पालन होता है व यह लोग काकसार नाम के कुल देवता की अराधना करते हैं.

## हलबा जनजाति

हलबा जनजाति छत्तीसगढ़ (बस्तर) में पाई जाने वाली एक विशाल जनजाति है इस जनजाति के लोग छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के इलाकों में निवास करते हैं. प्राचीन समय में यह जनजाति भी जंगलों में रहती थी परंतु आज के समय में इस जनजाति के लोग गांवो की तरफ भी पलायन कर रहे हैं.हलबा जनजाति 17 वीं शताब्दी में बस्तर राज्य के प्रमुख और सबसे प्रभावशाली जनजातीय समूहों में से एक थीं व उस समय हलबा जनजाति बस्तर राज्य की राजनीति और सेना में सक्रिय थीं.देश के विभिन्न हिस्सों में प्रवास के बाद हलबा जनजाति ने अपनी आजीविका के लिए अलग-अलग व्यवसाय को अपना लिया . जैसे कृषि, बुनाई, मजदूरी इत्यादि हल्बा जनजाति की भाषा हल्बी है, जो मराठी और ओडिया का संयोजन से बनी है व ये लोग देवी माँ दंतेश्वरी की पूजा करते है.

## भतरा जनजाति

भतरा जनजाति प्राचीन काल में सम्पूर्ण बस्तर जिले में फैली हुई थी इस जनजाति के लोग कला और नाटक प्रेमी होते थे.इन्हें पेंटिंग करना व नाच गाना पसंद था.परंतु समय के साथ इस जनजाति के लोगो ने खुद में बदलाव किया और यह भी समय की दौड़ के साथ चलना सिख गए.आज भतरा जनजाति के लोगों ने आधुनिक बनना शुरू कर दिया है.इस जनजाति के लोग आज कल शहरों में रोजगार की लिए निवास करते हैं.प्राचीन समय में इस जनजाति के लोगो का प्रिय भोजन केकड़ा व पक्षियों का मॉस था.

## मुरिया जनजाति

मुरिया जनजाति को बस्तर की मूल जनजाति कहा जाता है अर्थात इस जनजाति के लोग हमेशा से इस इलाके में रहे हैं इस जनजाति के लोगों को श्रृंगार करना व कलात्मक वस्तुएं बनाना पसंद है.मुरिया जनजाति में माओपाटा के रूप में एक आदिम शिकार नृत्य किया जाता है जिसमे इस जनजाति के सभी पुरुष बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है.नृत्य के समय युवा पुरुष नर्तक अपनी कमर में पीतल अथवा लोहे की घंटियां बांधे रहते है साथ में छतरी और सिर पर आकर्षक सजावट कर नृत्य करते है.



# जोश बटलर की पारी के सामने पस्त हुई दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात को घर में मिली बेहतरीन जीत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2025 का 35वां मैच गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में गुजरात ने दिल्ली को 7 विकेट से हरा दिया। राहुल तेवतिया ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर छक्का और दूसरी गेंद पर चौका जड़कर बेहतरीन जीत को जीत दिलाई। वहीं जोश बटलर ने इस दौरान 97 रन बनाए और नाबाद रहे।

इस जीत के साथ गुजरात टाइटंस के अब 10 अंक हो गए हैं वहीं दिल्ली की ये सातवें मुकाबले में दूसरी हार है। 204 रन का बड़ा टारगेट गुजरात टाइटंस ने 19.2 ओवर में 7 विकेट रहते चेज कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल के इतिहास में पहली बार 200 से ज्यादा रन का टारगेट डिफेंड करने में नाकाम रही है। दूसरी ओर गुजरात ने पहली बार 200 से ज्यादा रन का टारगेट आईपीएल में चेज किया है।

वहीं दिल्ली की पारी की बात करें तो, करुण नायर (31), केएल राहुल (28), कप्तान अक्षर पटेल (39), ट्रिस्टन स्टब्स (31) और आशुतोष शर्मा (37) की बेहतरी पारियों से दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात के सामने आठ विकेट पर 203 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जहां गुजरात ने टॉस जीतकर तेज गर्म मौसम में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। दिल्ली की तरफ से कोई बड़ी पारी नहीं खेली गई लेकिन टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों ने अहम योगदान दिया। कप्तान अक्षर पटेल ने 31 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के उड़ाते हुए 39 रन की सर्वाधिक पारी खेली। गुजरात के लिए सबसे सफल गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा रहे जिन्होंने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। इसी के साथ वह पर्पल कैप होल्डर बन गए हैं। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जीत का पहला झटका शुभमन गिल (7) के रूप में लगा, जो दूसरे ओवर में करुण नायर के हाथों रन आउट हुए। गुजरात ने 5वें ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार किया और पावरप्ले में 1 विकेट के नुकसान पर 67 रन बनाए। दिल्ली गेंदबाज आज फीके साबित हुए। कुलदीप यादव और मुकेश कुमार ने 1-1 विकेट ही झटका।



# रजत पाटीदार ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, आईपीएल में 1000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय बने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पंजाब किंग्स के खिलाफ IPL मैच में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि RCB के कप्तान रजत पाटीदार ने सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पाटीदार IPL इतिहास में 1000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय बन गए हैं।

पाटीदार ने यह उपलब्धि मात्र 30 पारियों में हासिल की, जो गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन के बाद दूसरे स्थान पर है, जिन्होंने 25 पारियां लीं। ऐसा करके पाटीदार ने सचिन तेंदुलकर, रुतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा को पीछे छोड़ दिया। तेंदुलकर और गायकवाड़ ने 31 पारियां में यह कमाल किया था जबकि तिलक ने 33 इनिंग्स में 1000 रन बनाए थे। पाटीदार आईपीएल इतिहास में 35 से ऊपर की औसत और 150 से अधिक की स्ट्राइक रेट के साथ 1000 रन तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बने।

मैच की बात करें तो बारिश के बाद मैच 14 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। आरसीबी पहले खेलते हुए, एक समय 63 रन पर ही 9 विकेट गंवा चुकी थी। तभी टिम डेविड का बल्ला चला। डेविड ने 26 गेंदों पर 50 रन बनाए और स्कोर 95 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी पंजाब के लिए प्रियांश 16, प्रभसिमरन 13 तो कप्तान श्रेयस जब 7 रन बनाकर आउट हो गए तो नेहल वढेरा ने एक छोर संभाला और ताबड़तोड़ शॉट लगाते हुए पंजाब किंग्स को पांच विकेट से जीत दिला दी। नेहल ने 19 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 33 तो स्टोइनिस ने 2 गेंदों पर 7 रन बनाए। मैच के बाद RCB 7 मैचों में चार जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई।

# आईपीएल इतिहास में घरेलू मैदान पर 46वीं हार झेलने वाली एकमात्र टीम है आरसीबी



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान में मिली हार के साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के नाम एक अनचाहा रिकार्ड बन गया है। इसी के साथ ही आरसीबी को इस सत्र में अपने घरेलू मैदान पर तीसरी जबकि पिछले सभी आईपीएल मिला दे तो अपने घरेलू मैदान पर 46वीं हार मिली है। आरसीबी पहली टीम है जो अपने घरेलू मैदान पर इतने अधिक मैच हारी है। किसी टीम ने आईपीएल के इतिहास में किसी एक मैदान पर इतने मैच नहीं हारे हैं। आरसीबी को इस सत्र में इस मैदान पर गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स से भी हार मिली थी। तीनों बार टीम ने पहले बल्लेबाजी की थी।

आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी इस मैदान पर रन नहीं बना पाये हैं। विराट ने यहां 10 की औसत से केवल 30 रन ही बनाया है। जबकि बाहर के मैदानों पर उन्होंने 109.50 की औसत के साथ 249 रन बनाये हैं। वहीं आरसीबी को भी इन मैदानों पर जीत मिली। आईपीएल 2025 में आरसीबी ने बाहर के मैदान पर खेलते हुए सभी चार मैच जीते हैं। पंजाब के खिलाफ मैच में आरसीबी के प्रदर्शन में और साल 2008 में हुए पहले आईपीएल के प्रदर्शन में भी समानता देखने को मिली है। 18 अप्रैल 2008 में खेले गए मुकाबले में आरसीबी का 7वां विकेट 43 रनों के स्कोर पर गिरा था। वहीं इसी तारीख को 2025 में खेले गए मुकाबले में आरसीबी का 7वां विकेट 42 रनों पर गिरा। 2008 और 2025 में खेले गए इन दोनों मैचों में विराट एक-एक रन ही बना पाये।

# आईपीएल में आरसीबी पर जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी पंजाब किंग्स

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने घरेलू मैदान में जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब की टीम अभी अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है और ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत हासिल कर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना रहेगा। पंजाब के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। इससे पहले शुक्रवार को हुए मैच में उसने आरसीबी के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की थी। आरसीबी के बल्लेबाज उसके गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये थे। केवल टिम डेविड और रजत पाटीदार ही दो अंकों में पहुंचे थे। आरसीबी के पास फिल साल्ट, विराट कोहली, कप्तान रजत पाटीदार और लियाम लिविंगस्टन जैसे शीर्ष बल्लेबाज हैं जिनको अब इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

आरसीबी अभी अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और अगर उसे शीर्ष चार में जगह बनाए रखनी है तो उसके बल्लेबाजों को अपना प्रदर्शन में बेहतर बनाना होगा।

आरसीबी इस मैच में बेहतर शुरुआत प्रदान करने के लिए साल्ट और कोहली से उम्मीद करेगी और मध्य क्रम में स्थिरता प्रदान करने की जिम्मेदारी पाटीदार, लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा, क्रुणाल पांड्या और डेविड पर रहेगी। गेंदबाजी की कमान जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार आक्रमण करेंगे।

दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम का प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। उसने सात में से पांच मैच में जीत हासिल की है और वह अंक तालिका में दिल्ली कैपिटल्स के बाद दूसरे स्थान पर है। पंजाब के गेंदबाजों ने अभी तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट और मार्को यानसन तेज सफल रहे हैं। स्पिनर के तौर पर युजवेंद्र चहल ने बीच के ओवरों में विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई है। साबित कर दिया है। अय्यर ने भी पंजाब की जीत में चहल के योगदान की सराहना की। साथ ही कहा कि चहल को रनों की चिंता छोड़कर विकेट लेने के लिए आक्रामक बल्लेबाजी करने को कहा गया है।

पंजाबी की बल्लेबाजी युवा प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह के अलावा श्रेयस पर आधारित रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**


**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल साल्ट, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे, प्रवीण दुबे, विजयकुमार विशक, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, विष्णु विनोद, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन। हरनूर सिंह, मुशीर खान, प्याला अविनाश।





# वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम से पेवेलियन बनने पर सम्मानित अनुभव कर रहा -रोहित

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनके नाम पर कोई स्टैंड बनेगा। रोहित ने कहा कि मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) द्वारा वानखेड़े स्टेडियम के दिवेचा पवेलियन लेवल 3 का नाम बदलकर रोहित शर्मा स्टैंड करने के फैसले से वह गर्व और सम्मान का अनुभव कर रहे हैं। ये उनके लिए भावुक कर देने वाला क्षण है। इस क्रिकेटर ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया, जब वह आजाद मैदान में अंडर-16 प्रशिक्षण के बाद मुंबई रणजी खिलाड़ियों को देखने जाते थे। उन्होंने कहा कि साल 2003-04 में, हम रणजी खिलाड़ियों को देखने ट्रैक पर जाते थे। तब से ही वानखेड़े से पुड़ी मेरी कई यादें हैं। स्टेडियम के पुनर्निर्माण के बाद हमने विश्व कप जीता। अब अपने नाम पर स्टैंड देखना अवास्तविक लगता है। रोहित ने 2007 में भारतीय टीम की ओर से डेब्यू किया था। वह 2007 टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे। उन्होंने अब तक 159 टी20आई, 273 एकदिवसीय और 67 टेस्ट मैच खेले हैं। पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतने के बाद उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कर दिया था। रोहित को 26 मई से शुरू होने जा रहे मुंबई टी20 लीग के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। 2018 में शुरू हुई टी20 मुंबई लीग, एमसीए द्वारा आयोजित एक प्रमुख घरेलू टी20 टूर्नामेंट है, जो युवा प्रतिभाओं के लिए मंच प्रदान करती है।



# विराट ने बताया अनुष्का को अपनी शक्ति

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि पत्नी अनुष्का शर्मा उनकी शक्ति हैं वह मेरी स्थिति को समझती है। विराट ने कहा कि वह अनुष्का को केवल एक पत्नी के रूप में नहीं, बल्कि भावनात्मक सहारे के रूप में भी देखते हैं। साथ ही कहा कि मानसिक रुप पत्नी के साथ मेरी बहुत सारी बातचीत होती है। अनुष्का और मैं मन की जटिलता के बारे में बात करते है। इसके साथ ही हम नकारात्मकता पर भी बात करते है कि ये कैसे आपको अपनी तरफ खींच सकती है। पत्नी अनुष्का को लेकर उन्होंने कहा कि वह मेरे लिए शक्ति स्तंभ की तरह है क्योंकि वह स्वयं भी उस जगह पर हैं, जहां उन्हें बहुत सारी नकारात्मकता का सामना करना पड़ा है। इसलिए वह मेरी स्थिति को समझती हैं और मैं उनकी स्थिति को समझता हू और एक जीवन साथी होना जो ठीक-ठीक समझता है कि आप क्या सोच रहे हैं, महसूस कर रहे हैं और किस हालात से गुजर रहे हैं सबसे महत्व पूर्ण होता है। विराट ने साथ ही कहा था मुझे नहीं पता कि अगर वह मेरी जिंदगी में नही होतीं तो मुझे ये स्पष्टता कैसे मिलती। प्यार और शादी तक का उनका सफर साल 2013 में एक शैम्पू के ऐड के सेट पर शुरू हुआ था। देखते ही दोनों एक दूसरे को दिल दे बैठे और वो एक साधारण दिन खूबसूरत रोमांस में बदल गया। शुरुआती दिनों में उन्होंने अपने रिश्ते को निजी रखा, लेकिन प्रशंसकों के बीच केमिस्ट्री को नजरअंदाज करना मुश्किल था। दिसंबर 2017 में मीडिया से दूर इटली में शादी की। इसके बाद से ही दोनो ही जिंदगी का सुहाना सफर चल रहा है। इसके एक बेटी ओर बेटा है।




# आईपीएल में आज होगा सीएसके और मुम्बई का मुकाबला

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल में रविवार को मुम्बई इंडियंस की टीम अपने घरेलू मैदान में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। मुम्बई ने पिछले दो मैचों में जी हासिल की है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है जिसका लाभ उसे मिलेगा। उसने पिछले दो मैचों दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। इससे अंक तालिक में वह सातवें स्थान पर है जबकि सीएसके अंतिम स्थान पर है। यहां से सीएसके के लिए वापसी की राह बेहद कठिन लगती है। इस मैच में सीएसके हारी तो उसे प्लेऑफ की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो जाएंगी। वहीं मुम्बई के लिए ऐसा नहीं होगा। इस सत्र में इस मैदान पर अब तक तीन में से दो मैच मुम्बई ने जीते हैं। ऐसे में वह जीत की प्रबल दावेदार लगती है। सीएसके के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में नहीं है। सीएसके अनुभवी कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी टीम को कितना प्रेरित कर पाते हैं ये देखना होगा। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी की। वहीं नंबर एक टीम दिल्ली कैपिटल्स पर मिली जीत से मुम्बई का मनोबल काफी बढ़ा है हालांकि सीएसके के स्पिनरों से उसे सावधन रहेना होगा। सीएसके के पास सबसे अधिक विकेट लेने वाले स्पिनर नूर अहमद के अलावा अनुभवी रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन हैं। नूर ने सात मैचों में 12 विकेट लिए है, जिसमें मुंबई के खिलाफ शुरुआती मैच में तीन सफलता शामिल है। मुम्बई की परेशानी अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा का फार्म में नहीं होना है। रोहित ने अभी तक बड़ा स्कोर नहीं बनाया है पर सनराइजर्स के खिलाफ उन्होंने तेज शुरुआत की थी जिससे लगता है कि वह लय में आ रहे हैं। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव के प्रदर्शन में अभी निरंतरता की कमी है पर रयान रिकेल्टन ने शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह के होने से मुंबई को लाभ होगा। इसे अलावा उसके पास ट्रेंट बोल्ट भी हैं। दूसरी ओर सीएसके ने चेन्नई ने पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 5 विकेट की जीत के हासिल की है पर टीम के पास अच्छे बल्लेबाजों की कमी है। इस सत्र में कप्तान बने नियमित रुतुराज गायकवाड़ के चोट के कारण बाहर होने से टीम को नुकसान हआ है। गायकवाड़ अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। ऐसे में महेंद्र सिंह एक बार फिर टीम की कप्तानी संभाल रहे हैं। धोनी अब 43 के हो रहे हैं ऐसे में वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते। टीम ने बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस और मुंबई के युवा खिलाड़ी आयुष महात्रे को शामिल किया है अब देखना है ये कितने सफल होते हैं। टीम की तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी, खलील अहमद और, मथीश पथिराना के पास रहेगी।



**दोनो टीमें इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शेख रशीद, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ, आयुष म्हात्रे, रचिन रवींद्र, रविचंद्रन अश्विन, विजय शंकर, सैम कुरेन, अंशुल कंबोज, दीपक हुडा, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, मथीश पथिराना।

# वैभव मैदान में उतरने ही बनाएंगे रिकार्ड

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल 14 साल के वैभव सूर्यवंशी अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस सत्र में अभी तक उन्हें एक भी मैच में खेलने का अवसर नहीं मिला है पर जिस भी मैच में उन्हें अवसर मिलेगा। वह सबसे कम उम्र में आईपीएल खेलने का रिकार्ड अपने नाम कर लेंगे। वैभव ने अब तक नेट्स में जिस प्रकार से जबरदस्त बल्लेबाजी की है। उससे तय है कि वह एक अच्छे बल्लेबाज हैं। वैभव ने जोफा आर्चर के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाकर सबका ध्यान खींचा है। आर्चर की आक्रामक रफ्तार से भी वैभव डरे नहीं। उन्होंने आर्चर के खिलाफ कट, पुल और अन्य कई प्रकार के शॉट लगाए। राजस्थान रॉयल्स हमेशा युवा खिलाड़ियों को अवसर देती है। रियान पराग इसका उदाहरण हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि वैभव सूर्यवंशी को भी अवसर मिल सकता है। वैभव को राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के दौरान एक करोड़ 10 लाख रुपये में खरीदा था।

# आईपीएल से बाहर चल रहे कुछ अनुभवी क्रिकेटर इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेलेंगे




मुम्बई। आईपीएल से बाहर चल रहे भारतीय क्रिकेट टीम के कुछ खिलाड़ी अगले माह हइंग्लैंड लायंस के खिलाफ होने वाले मुकाबलों में भारत ए टीम ओर से खेल सकते हैं। भारत ए टीम को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मई-जून में चार दिवसीय दो मुकाबले खेलने हैं। भारतीय टीम को आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस दौरे का पहला मैच 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारतीय टीम सला 2007 के बाद से ही यहां पहली सीरीज जीतने उतरेगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा, 'पहला चार दिवसीय मैच 30 मई से कैंटरबरी के सेंट लॉरेंस के स्पिटफायर मैदान में खेला जाएगा। वहीं दूसरा मैच एक सप्ताह बाद छह जून से नॉर्थम्प्टन के काउंटी मैदान में होगा। भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी इस समय आईपीएल टीमों से खेल रहे हैं। जिसके नॉकआउट मैच 20, 21 और 23 मई को खेले जाएंगे जिसके बाद 25 मई को फाइनल होगा। भारतीय चयनकर्ताओं को इंग्लैंड दौरे से पहले भारत 'ए टीम की घोषणा करने के लिए काफी समय मिल गया है और ऐसे में पिछले कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे करुण नायर को टीम में जगह मिल सकती है। करुण ने साल 2024-25 के घरेलू सत्र में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और रणजी ट्रॉफी में भी उनके नाम नौ मैचों में 54 के औसत से चार शतक और दो अर्धशतकों के साथ ही 863 रन हैं।

# आरसीबी को घरेलू मैदान पर मैच जीतने का तरीका खोजना होगा, लगातार तीसरी हार पर बोले टिम डेविड

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज टिम डेविड को लगता है कि उनकी टीम को घरेलू मैदान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलने के लिए एक खाका खोजने की जरूरत है क्योंकि शुक्रवार को उन्हें लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। पंजाब किंग्स ने RCB को पांच विकेट से हराकर आईपीएल 2025 सीजन के लिए इस मैदान पर अपना जीत रहित रिकॉर्ड बरकरार रखा। यह RCB की इस मैदान पर 46वीं हार थी जो कि आईपीएल में किसी भी फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे बड़ी हार है।

बारिश से प्रभावित मैच में पारी की खराब शुरुआत के बाद डेविड ने 26 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से अर्धशतक बनाया और टीम को 14 ओवर में 95/9 तक पहुंचाया। जवाब में पंजाब किंग्स ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए नेहल वढेरा के तीन छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से नाबाद 33 रन और टीम को 11 गेंद शेष रहते शानदार जीत दिलाई।

डेविड ने कहा, 'हमने अब तक जितने भी मैच खेले हैं, उनमें हमें अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है। आज रात बारिश हुई और पिच कवर के नीचे थी और यह जानना मुश्किल था कि पिच कैसा खेलेगी। हमने अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। हमें कुछ मैच जीतने के लिए कोई रास्ता निकालने की जरूरत है। हमें जल्दी से फिर से संगठित होना होगा क्योंकि हम पंजाब से खेलेंगे।'

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया, ने परिस्थितियों को बल्लेबाजी के लिए कठिन बताया, लेकिन टीम प्रबंधन के उन्हें नंबर 7 पर भेजने के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा, टयह इतना आसान नहीं लगा (उस डेक पर बल्लेबाजी करना)। मुझे नहीं पता कि क्या कहना है। मुझे लगता है कि निश्चित रूप से ऊपर बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ियों ने मुझे परिस्थितियों के बारे में बताया। मुझे यह देखने का मौका मिल रहा था कि पिच क्या कर रही है। अभ्यास पिचें भी ऐसी ही रही हैं। इन परिस्थितियों में खेलने का तरीका खोजने की कोशिश की। हमारे कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन ने एक खास कारण से टीम बनाई है। मैं बहुत खुश हूं और मुझे लगता है कि मैं इस समय अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं योगदान दे सकता हूं, लेकिन कोचों पर भरोसा है कि वे मुझे बताएंगे कि मैं कहां रन बना सकता हूं।'

डेविड ने कहा, 'अगर मुझे ऊपर बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है, तो मैं अपनी टीम के लिए योगदान देने की कोशिश करूंगा। कई बार जब आप बहुत ज्यादा कोशिश करते हैं, तो यह काम नहीं आता। बैंगलोर में कई बार चुनौती गेंदबाजों के साथ बल्लेबाजी करने और साझेदारी बनाने की रही है। रात मुश्किल थी। आपको थोड़ा जोखिम उठाना पड़ा।'

सात मैचों में आठ अंक के साथ RCB अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और रविवार को न्यू चंडीगढ़ के न्यू पीसीए स्टेडियम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।




# केएल राहुल के आईपीएल में 200 छक्के पूरे, संजू सैमसन का यह रिकॉर्ड टूटा

खेल डैस्क। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में केएल राहुल सबसे तेज 200 आईपीएल छक्कों का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी की थी। दूसरे ओवर में अभिषेक पोरेल (18) का विकेट निकल जाने के बाद केएल राहुल क्रीज पर आए थे। उन्होंने ताबड़तोड़ शॉट लगाए और करुण नायर के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। राहुल 5वें ओवर में आऊट हो गए लेकिन इससे पहले उन्होंने 14 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 28 रनों का योगदान दिया। अपनी पारी में लगाए एक छक्के के कारण राहुल के अब आईपीएल में 200 छक्के हो गए हैं। आईपीएल में अपना 139वां मैच खेल रहे राहुल के नाम अब 200 छक्के हो गए हैं। वह 200 छक्के लगाने वाले सिर्फ 11वें क्रिकेटर हैं। वह कैश-स्टडेड लीग में 200 छक्के तक पहुंचने वाले छटे भारतीय भी हैं। इसके अलावा राहुल आईपीएल में सबसे तेज 200 छक्के लगाने वाले भारतीय हैं। उन्होंने संजू सैमसन को पीछे छोड़ दिया, जिनके पास लंबे समय तक यह रिकॉर्ड था। क्रिस गेल अभी भी नंबर वन हैं। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा 357 छक्के लगा चुके हैं। रोहित शर्मा के 286 छक्के हो चुके हैं। [illegible]



## पंजाब में 13 आतंकी गिरफ्तार, रॉकेट से चलने वाले ग्रेनेड, आईईडी और आरडीएक्स मिले

जालंधर (एजेंसी)। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े 13 आतंकी गिरफ्तार किए हैं। इसमें 1 नाबालिग है। 4 दिन से चल रहे पंजाब पुलिस के ऑपरेशन में दो आतंकी मॉड्यूल का सफाया किया गया है। पुलिस का दावा है कि इनके निशाने पर थाने-प्रमुख लोग थे। पकड़े गए आतंकियों से 2 रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड 1 ग्रेनेड लांचर, ढाई-ढाई किलो की दो इंप्रोवाइस्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस, डेटोनेटर, 2 हथगोले, रिमोट कंट्रोल और 2 किलो रॉयल डिमोलिशन एक्सप्लोसिव, 5 पिस्तौल (बेरेटा और ग्लॉक), 6 मैगजीन, 44 कारतूस, 1 वायरलेस सेट और 3 वाहन मिले हैं। शनिवार को डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि ये लोग आईएसआई के इशारे पर देशविरोधी गतिविधियों में शामिल थे। गिरफ्तार आतंकियों ने कई थानों को भी टारगेट करना था। जल्द सभी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए दो अभियानों में बब्बर खालसा इंटरनेशनल द्वारा विदेश से संचालित किए जा रहे आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

## प्यार में बच्चे बन रहे थे रोड़ा, दही-चावल में मिलाकर खिला दिया जहर

-तीनों बच्चों की मौत, महिला प्रेमी से करना चाहती थी शादी

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना में एक महिला ने अपने प्रेमी के लिए अपने तीन बच्चों को दही चावल में जहर मिलाकर खिला दिया और किसी को शक न हो इसलिए खुद भी थोड़ा सा जहर खा लिया। बाद में बच्चों के साथ उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उसकी जान तो बच गई लेकिन तीन बच्चे मौत की आगोश में सो गए। पुलिस के मुताबिक संगारेड्डी में पिछले महीने हुई इस घटना की जांच चल रही थी। आरोपी महिला रजिता एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी, जिस रात रजिता ने अपने तीनों बच्चों को जहर खिलाए उस रात उसका पति घर पर नही था। तीनों बच्चों और मां पर जहर का असर देख पुलिस का शक पति पर गया। क्योंकि परिवार में वही अकेला बचा था लेकिन पूछताछ के दौरान पुलिस को उससे ज्यादा कोई जानकारी नही लगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रजिता ने तीनों बच्चों की हत्या की योजना बड़ी ही चालाकी और समझदारी से बनाई। पुलिस ने बताया कि स्कूल रियूनियन के दौरान रजिता अपने एक पूर्व क्लासमेट से मिली..जहां से दोनों की मुलाकात और बातचीत शुरू हो गई और फिर धीरे-धीरे अफेयर हो गया। रजिता अपनी शादी से खुश नही थी और वह अपने प्रेमी के साथ एक नई जिंदगी शुरू करना चाहती थी लेकिन उसके बच्चे इसमें सबसे बड़ी समस्या थे..उसे लग रहा था कि बच्चों के साथ वह घर छोड़कर नहीं जा सकती है।

## कुख्यात अंडरवर्ल्ड डॉन रहे मुथप्पा के बेटे पर हुआ जानलेवा हमला

बेंगलुरु (एजेंसी)। कुख्यात अंडरवर्ल्ड डॉन रहे मुथप्पा राय के बेटे रिकी राय पर शुक्रवार देर रात को जानलेवा हमला हो गया। यह हमला बेंगलुरु के पास बिददी इलाके में हुआ है। पुलिस ने जानकारी दी कि हमला तब हुआ जबकि रिकी अपनी कार से ड्राइवर और गनमैन के साथ बेंगलुरु लौट रहा था। इसी बीच उनके घर से महज 200 मीटर की दूरी पर रात करीब 1:30 बजे एक अज्ञात हमलावर ने दो राउंड फायरिंग कर घायल कर दिया। दोनों घायलों को बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा दिया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि दोनों घायल खतरे से बाहर हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो रिकी हाल ही में रूस की विदेश यात्रा करके लौटे थे और पारिवारिक मामलों को सुलझाने में लगे हुए थे। ऐसे में रिकी पर हुए हमले की एक वजह रियल एस्टेट कारोबारी से चल रहा विवाद बताया जा रहा है। हमले के पीछे रिकी के ड्राइवर ने एक बिल्डर और रिकी की पहली पत्नी पर शक जाहिर किया है। यहां बताते चलें कि अंडरवर्ल्ड डॉन रहे मुथप्पा राय के एक पुराने दुश्मन पर भी शक की सुई है, जिसकी जांच की जा रही है। रिकी पर हुए जानलेबा हमले के बाद बिददी पुलिस स्टेशन में अटेंप्ट टू मर्डर और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि हमले की सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## भारत की आपत्ति के बाद रद्द हुआ श्रीलंका और पाकिस्तान सैन्य अभ्यास

नई दिल्ली (एजेंसी)। श्रीलंका के त्रिंकोमाली तट के निकट होने वाला सैन्य अभ्यास रद्द हो गया है। भारत की आपत्ति के बाद श्रीलंका और पाकिस्तान का यह प्रस्तावित अभ्यास फिलहाल रोक दिया गया है।यह वही त्रिंकोमाली है जहां भारत, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) मिलकर एक ऊर्जा हब विकसित कर रहे हैं। भारत ने इस अभ्यास को लेकर अपनी चिंताओं को श्रीलंका सरकार के समक्ष दृढ़ता से उठाया, जिसके बाद इस योजना को रद्द कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, यह नौसैनिक अभ्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीलंका यात्रा से कुछ सप्ताह पहले प्रस्तावित किया गया था। मोदी की इस यात्रा के दौरान भारत और श्रीलंका के बीच पहली बार एक रक्षा सहयोग समझौता हुआ, साथ ही यूएई के साथ त्रिपक्षीय ऊर्जा परियोजना को लेकर भी एक समझौता हुआ जिसमें मल्टी-प्रोडक्ट पाइपलाइन और द्वितीय विश्व युद्ध के समय के तेल टैंक फार्म का विकास शामिल है। भारतीय अधिकारियों को जैसे ही इस संयुक्त अभ्यास की जानकारी मिली, कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने श्रीलंकाई प्रशासन से संपर्क किया और इस पर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि इस क्षेत्र में उसके महत्वपूर्ण रणनीतिक हित हैं और इस तरह के अभ्यास भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि यह अभ्यास पाकिस्तान की ओर से जानबूझकर भारत को उकसाने की कोशिश के रूप में देखा गया। इसके बाद श्रीलंकाई प्रशासन ने चुपचाप इस अभ्यास को रद्द कर दिया, हालांकि पाकिस्तानी पक्ष ने इसका विरोध किया था।

# बीजेपी अध्यक्ष की रेस में मोदी के तीन मंत्री, खट्टर को मिल सकती है कमान?

**-संगठन में काम करने वाले कुछ लोगों की कैबिनेट में भी हो सकती है एंट्री**



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** जल्द हो सकता है बीजेपी के नए अध्यक्ष का ऐलान। चर्चा है कि अप्रैल के आखिर तक जेपी नड्डा के विकल्प के तौर पर नए नेता के नाम की घोषणा हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट में बीजेपी सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का नाम भी अध्यक्ष पद की दौड़ में है। इसके अलावा मोदी सरकार में ही मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव के नामों की भी चर्चा है। कहा तो यह भी जा रहा है कि इन तीन नेताओं में से किसी एक को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

अध्यक्ष पर फैसला लेने से पहले आरएसएस की सलाह भी ली जाएगी। वहीं उससे पहले यूपी, बंगाल, आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में अध्यक्ष का फैसला भी लिया जाएगा। तभी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि बीजेपी 25 अप्रैल तक यूपी समेत कई राज्यों में अध्यक्षों का ऐलान कर सकती है। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल किया जाएगा।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि मनोहर लाल खट्टर को लेकर सहमति बनने की संभावना ज्यादा है। इसकी वजह है कि वह पीएम नरेंद्र मोदी के करीबी हैं और उनकी पहली पसंद भी हैं। लंबे समय तक आरएसएस प्रचारक के तौर पर काम करने वाले मनोहर लाल खट्टर को संगठन की अच्छी समझ है। इसके अलावा आरएसएस भी उनके नाम पर सहमति दे सकता है, जो मानता है उसकी वैचारिक पृष्ठभूमि के नेता के हाथ में ही पार्टी की कमान होनी चाहिए।

इसके अलावा धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव के नाम पर की भी चर्चा है। हालांकि मनोहर लाल खट्टर सबसे आगे माने जा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और मनोहर लाल खट्टर के दशकों पुराने रिश्ते हैं। यही नहीं बीजेपी में महासचिव के तौर पर भी राज्यों से कई नेताओं को शामिल किया जा सकता है। ये वे नेता होंगे, जो पूर्व मंत्री या सीएम जैसे पदों पर रह चुके हैं, लेकिन इन दिनों उनके पास कोई बड़ा दायित्व नहीं है। वहीं अभी संगठन में काम करने वाले कुछ लोगों को कैबिनेट में भी एंट्री दी जा सकती है। एनडीए सरकार में सहयोगी दलों की डिमांड है कि कैबिनेट का विस्तार किया जाए और उनके नेताओं को एंट्री मिले। इस बीच बिहार में चुनाव होना है और उससे पहले उपेंद्र कुशवाहा को मंत्री पद दिया जा सकता है। वहीं एकनाथ शिंदे की पार्टी को भी मौका मिल सकता है, जो डिप्टी सीएम तो हैं, लेकिन बीच-बीच में उनकी नाराजगी की खबरें आती रहती हैं। चर्चाएं यह भी हैं कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने के मौके पर भी कैबिनेट विस्तार हो सकता है।

## 2008 मालेगांव विस्फोट मामले की सुनवाई पूरी, एनआईए अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली। विशेष एनआईए अदालत ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील शहर मालेगांव विस्फोट मामले में करीब 17 साल बाद सुनवाई पूरी होने के बाद शनिवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। 29 सितंबर, 2008 को मुंबई से करीब 200 किलोमीटर दूर मालेगांव में एक मस्जिद के पास मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण के फटने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। अभियोजन पक्ष ने शनिवार को मामले की सुनवाई के अंत में कुछ उद्धरणों के साथ अपनी अंतिम लिखित दलीलें दाखिल कीं, जिसके बाद विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी ने मामले को फैसले के लिए 8 मई तक के लिए स्थगित कर दिया। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 अभियोजन गवाहों से पूछताछ की, जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, भाजपा नेता प्रज्ञा ठाकुर- मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी पर गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत मुकदमा चल रहा है। 2011 में एनआईए को सौंपे जाने से पहले मामले की जांच महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने की थी। एनआईए ने मामले को अपने हाथ में लेने के बाद 2016 में ठाकुर और तीन अन्य आरोपियों- श्याम साहू, प्रवीण टकलकी और शिवनारायण कलसांगरा को क्लीन चिट देते हुए आरोपपत्र दाखिल किया था। एनआईए ने कहा था कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है और उन्हें मामले से बरी किया जाना चाहिए। हालांकि, एनआईए अदालत ने साहू, कलसांगरा और टकलकी को बरी कर दिया और फैसला सुनाया कि साध्वी को मुकदमे का सामना करना पड़ेगा।


## देहरादून में गहरा रहा जल संकट, बिना मीटर कनेक्शन वाले कर रहे पानी का दुरुपयोग

**देहरादून (एजेंसी)।** जल संस्थान विभाग सुचारु पेयजल सप्लाई देने का दावा करता है, लेकिन रोज हजारों लोग पानी के संकट से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी में यह समस्या और भी बढ़ जाती है। शहर में 1.70 लाख से ज्यादा पेयजल कनेक्शन बिना मीटर के हैं। ऐसे में पानी का दुरुपयोग हो रहा है। लोग पीने-नहाने से ज्यादा पेयजल का दुरुपयोग धुलाई-सिंचाई आदि कार्यों में कर रहे हैं। जल संस्थान विभाग की पांच शाखाओं के जरिए से शहर के 1.90 लाख घर और प्रतिष्ठान में पेयजल सप्लाई होती है। प्रति व्यक्ति को जल संस्थान हर दिन 135 लीटर पानी देने का दावा करता है। इस हिसाब से जल संस्थान सभी उपभोक्ताओं की पूर्ति के लिए रोजाना 25.43 करोड़ लीटर पेयजल की सप्लाई करता है।

इसमें से 20.71 करोड़ लीटर का जल संस्थान को राजस्व मिलता है। जबकि 4.72 करोड़ लीटर पेयजल का कोई हिसाब नहीं है। यह पानी क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों, लीकेज और दुरुपयोग के कारण बर्बाद हो रहा है, जबकि पेयजल कनेक्शनों में मीटर लगाकर काफी हद तक पानी के दुरुपयोग को रोका जा सकता है, लेकिन हालात यह हैं कि नत्थनपुर स्थित एफआइयू शाखा के 12 हजार कनेक्शन को छोड़कर अधिकांश शाखाओं के कनेक्शन बिना मीटर के हैं। मीटर लगे कनेक्शन में उपभोक्ताओं को बूंद-बूंद की कीमत चुकानी पड़ती है। इससे उपभोक्ता पेयजल का दुरुपयोग करने से बचते हैं। पानी की खपत कम होने से ट्यूबवेल कम चलता है और बिजली की खपत में अंकुश लगता है। आमतौर पर मैनुअल कनेक्शन में दो महीने का बिल 750 रुपए आता है। जबकि मीटर वाले कनेक्शन में दो महीने में 40 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल करने पर 430 रुपए बिल आता है। वहीं, 40 हजार लीटर से ज्यादा पानी का इस्तेमाल करने पर 14.40 रुपए प्रति हजार लीटर के हिसाब से कीमत चुकानी पड़ती है। अगर सामान्य पेयजल का इस्तेमाल देखा जाए तो मीटर वाले कनेक्शन में उपभोक्ताओं को फायदा है। जल संस्थान विभाग नया पानी का कनेक्शन देने के लिए सामान्य वर्ग से चार हजार रुपए शुल्क वसूलता है। गरीबी रेखा से नीचे और पिछड़ा वर्ग के लोगों से सिर्फ 100 रुपए शुल्क लिया जाता है, लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं के कनेक्शन में मीटर नहीं लगाया जा रहा है। जल संस्थान ने हाल में पित्थूवाला शाखा के अंतर्गत इंदिरानगर क्षेत्र में 4,500 कनेक्शन में मीटर लगाने का कार्य शुरू किया। दक्षिण शाखा के पलटन बाजार और खुड़बुड़ा क्षेत्र में करीब तीन हजार मीटर लग चुके हैं, लेकिन यह अभी शुरू नहीं हुए हैं।

## मेरे जीवनकाल में ही लागू हो महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण

**- सुप्रीम कोर्ट की जज बीवी नागरत्ना ने एक कार्यक्रम में जताई इच्छा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट की जज बीवी नागरत्ना ने लोकसभा और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण को जल्द लागू करने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम उनके जीवनकाल में ही साकार हो और यह दिन भारत के संविधान निर्माताओं द्वारा देखे गए वास्तविक समानता के सपने पूरे होने का प्रतीक बनेगा।

जस्टिस नागरत्ना सितंबर 2027 में भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने जा रही हैं। वह एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान है। मुझे उम्मीद है कि यह कानून हमारे जीवनकाल में लागू होगा। यह दिन महिलाओं द्वारा सदियों से चली आ रही समानता की लड़ाई की परिणति होगा।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि महिलाएं सार्वजनिक जीवन और जिम्मेदारियों में अपनी उचित हिस्सेदारी की हकदार हैं। उन्होंने कहा कि वह पुरुषों की जगह नहीं ले रही हैं, बल्कि उस अधिकार क्षेत्र को वापस ले रही हैं, जिसे पितृसत्तात्मक सोच और भेदभाव ने उनसे छीन लिया था। हम पुरुष विरोधी नहीं हैं, हम महिला समर्थक हैं। उन्होंने हाल ही में कानून आयोग के अध्यक्ष नियुक्त हुए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज डी एन महेश्वरी से अपील की कि वे महिलाओं के खिलाफ भेदभाव करने वाले सभी कानूनों का अध्ययन करें और केंद्र सरकार को ऐसे सभी कानूनों को संशोधित करने के लिए सिफारिशें भेजें।

उन्होंने यह भी कहा कि संविधान में समानता का अधिकार केवल कागजों पर नहीं, बल्कि व्यवहारिक रूप में भी दिखना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब समय आ गया है कि देश की आधी आबादी को समान अवसर और प्रतिनिधित्व मिले।

## मिथुन चक्रवर्ती ने फिर की पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग, शत्रुघ्न सिन्हा ने दिया ये जवाब





**कोलकाता (एजेंसी)।** भाजपा नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने का अनुरोध करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान कम से कम दो महीने के लिए राज्य में सेना तैनात की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार अनुरोध किया है और मैं अभी भी गृह मंत्री से अनुरोध कर रहा हूं। कम से कम चुनाव के दौरान दो महीने के लिए सेना को तैनात करें। अगर उन्हें तैनात किया जाता है, तो निष्पक्ष चुनाव हो सकेंगे। चक्रवर्ती ने बंगाल पुलिस की भी आलोचना की और कहा कि जब भी कोई दंगा या उपद्रव होता है, तो वे बस एक कुर्सी लेकर आते हैं, बैठ जाते हैं और देखते हैं जैसे कि यह कोई तमाशा हो। और एक बार जब यह खत्म हो जाता है, तो वे अपनी कुर्सियाँ समेट कर घर चले जाते हैं। यही उनका काम है। आँखें बंद करके, सब कुछ अनदेखा करके। मिथुन ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बारे में बात करते हुए कहा कि अगर वो मैडम (ममता बनर्जी) वाकई चाहतीं तो एक दिन में सब कुछ बंद हो सकता था। उन्होंने कहा कि एक दिन और सब खत्म हो जाता। लेकिन अभी तक उन्होंने कुछ भी नहीं कहा है। वैसे, वो अलग बात है। बंगाल में अभी सनातनी लोग, ईसाई, सिख- हमारे सभी भाई- वे इस पार्टी को वोट नहीं देने वाले हैं। उनका समय अब खत्म हो चुका है, इसलिए आपको उनके वोट बैंक को खुश रखना है। इसलिए चाहे कुछ भी गलत हो जाए, उनके खिलाफ कुछ नहीं कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि वक्फ संशोधन अधिनियम सिर्फ एक बहाना है और इसे कवर के तौर पर इस्तेमाल किया गया है, जबकि असली एजेंडा कुछ और है।

## क्या उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक साथ आएंगे ?

**- राज ठाकरे ने परोक्ष रूप से उद्धव ठाकरे को युति का प्रस्ताव दिया**

**- अब उद्धव ठाकरे की प्रतिक्रिया पर सबकी निगाहें**



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले एक दशक से यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक साथ आएंगे ? पिछले दो-तीन वर्षों में महाराष्ट्र की राजनीति में जो कुछ भी हुआ है, उसके बाद कई लोगों ने ठाकरे बंधुओं के एक साथ आने की इच्छा व्यक्त की है। अब ऐसा लगता है कि राज ठाकरे ने अब इस युति की सराहना की है। महेश मांजरेकर के वीडियो पॉडकास्ट वास्तव में सच में राज ठाकरे ने परोक्ष रूप से उद्धव ठाकरे को युति का प्रस्ताव दिया। उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण बात ये कही कि महाराष्ट्र हमारे विवाद से बड़ा है। यानि राज ठाकरे ने शिवसेना को एक तरह का प्रस्ताव देते हुए कहा है कि विवाद और संघर्ष महाराष्ट्र के अस्तित्व से बहुत छोटे हैं। राज ठाकरे ने कहा है कि महाराष्ट्र के अस्तित्व के लिए साथ आने में कुछ भी गलत नहीं है। हमारी बहस और झगड़े छोटे होते हैं। राज ठाकरे ने एक साक्षात्कार में कहा कि महाराष्ट्र बहुत बड़ा है और इसके लिए एक साथ आने में कोई समस्या नहीं है। जब महेश मांजरेकर ने राज ठाकरे से ये सवाल पूछा कि शिवसेना अलग हो या नहीं, क्या आप फिर भी एक साथ आ सकते हैं? इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राज ठाकरे ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। राज ठाकरे ने कहा, मुद्दा सिर्फ इच्छा का है. यह मेरे स्वार्थ का मामला नहीं है. हमारे विवाद किसी भी कारण से छोटे हैं, महाराष्ट्र बहुत बड़ा है। यह महाराष्ट्र के अस्तित्व के लिए है। मराठी लोगों के अस्तित्व के लिए बाकी सब कुछ महत्वहीन है। हमें बड़ी तस्वीर देखने की ज़रूरत है, मुझे नहीं लगता कि एक साथ आना और साथ रहना बहुत मुश्किल है। यह मेरी इच्छा और स्वार्थ का सवाल नहीं है। बहरहाल अब राज के बयान के बाद उद्धव ठाकरे की प्रतिक्रिया पर सबकी निगाहें टिकी हैं। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे को युति का प्रस्ताव भेजा है।

## गुजरात में विहिप और बजरंग दल ने प्रदर्शन कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हिंसक हमलों की घटनाओं को लेकर विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) और बजरंग ने आज गुजरात के कई शहरों में प्रदर्शन किया। साथ ही दोनों हिन्दू संगठनों ने पश्चिम बंगाल में तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार और वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के विरोध में भड़की हिंसा को लेकर पूरे गुजरातभर में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ विरोध की लहर चल रही है। विहिप और बजरंग दल सहित हिंदू संगठनों ने गुजरात के सूरत और अहमदाबाद शहरों में रैलियां और धरने आयोजित किए हैं और ममता सरकार पर हिंदू विरोधी नीतियों और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग की गई है। अहमदाबाद में विश्व हिंदू परिषद ने ममता बनर्जी के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। हिंदू विरोधी ममता सरकार जैसे नारों के साथ विहिप कार्यकर्ताओं ने शहर में रैलियां निकालीं और बंगाल में हिंदुओं की दुर्दशा का मुद्दा उठाया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वक्फ कानून के विरोध के नाम पर बंगाल में हिंदू परिवारों को निशाना बनाया जा रहा है। यह दावा किया गया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना जैसे क्षेत्रों में 500 से अधिक हिंदुओं के घर ध्वस्त कर दिए गए। विहिप ने बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की ताकि हिंदुओं की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित हो सके। दक्षिण गुजरात के सूरत में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों ने संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख इलाकों में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बंगाल में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और उनके घरों पर हमलों का हवाला देते हुए ममता बनर्जी की नीतियों को हिंदू विरोधी बताया। सूरत कलेक्टर को एक ज्ञापन देते हुए हिन्दू संगठनों ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर विधर्मियों द्वारा हमले किए जा रहे हैं और कई हिंदू परिवारों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। ज्ञापन में बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई।

## हेडली है 26/11 हमले का मास्टरमाइंड एनआईए के सामने तहव्वुर राणा का बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनआईए की हिरासत में तहव्वुर राणा ने 26/11 मुंबई हमलों में अपनी भूमिका से इनकार किया है। उसने हेडली को मास्टरमाइंड बताया है। राणा अपने परिवार से बात करना चाहता है और खानपान को लेकर परेशान है। वो पूछताछ में पूरा सहयोग भी नहीं कर रहा है। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने एनआईए की कस्टडी में बड़ा खुलासा किया है। सूत्रों का कहना है कि तहव्वुर राणा 26/11 के हमले में खुद की भूमिका से इनकार कर रहा है। उसने हेडली को हमले का मास्टरमाइंड बताया है। उसने जांच एजेंसी से कहा है कि हमले में उसकी कोई भूमिका नहीं है। हेडली जिम्मेदार है। सूत्रों ने ये भी बताया कि तहव्वुर राणा को अपने परिवार की चिंता सता रही है। वो परिवार से बातचीत करना चाहता है। उसनेभाई से बात करने के बारे में जांच एजेंसी से प्रक्रिया पूछ रहा है। एनआईए की हिरासत में राणा पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है। वो नॉनवेज खाना चाहता है लेकिन उसे नियमों के आधार पर ही खाना दिया जा रहा है। तहव्वुर राणा का स्वास्थ्य फिलहाल ठीक है। उसका समय पर मेडिकल हो रहा है। जांच एजेंसी तहव्वुर राणा को 26/11 हमले में मिले सबूतों को दिखाकर पूछताछ रही है। सूत्रों का ये भी कहना है कि तहव्वुर राणा, जिसे सेंट्रलाइज्ड एसी बिल्डिंग में रखा गया है, वो दिल्ली की गर्मी से परेशान है। राणा का कहना है कि यहां बहुत ज्यादा गर्मी है। वो कनाडा में रहने वाले अपने छोटे भाई से बात करना चाहता है। राणा पूछताछ के दौरान अधिकारियों से भारत की न्यायिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिशें कर रहा है। वो अपने खिलाफ लगे सेक्शन में कानून की धाराओं के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहा है। विदेश मंत्रालय की ओर से गुरुवार को मुंबई हमले में तहव्वुर राणा और पाकिस्तान के कनेक्शन पर बड़ा बयान आया था। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, पाकिस्तान लाख कोशिशें कर ले लेकिन वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में उसकी पहचान बनी ही रहेगी। तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण पाकिस्तान के लिए एक चेतावनी है कि उसे मुंबई हमलों के अन्य अपराधियों को कटघरे में लाना होगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**